राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित



आज का दिन

1975 में भारत ने अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट अंतरिक्ष में लॉन्च किया था। आज दुनियाभर में कहीं भी अंतरिक्ष की बात हो तो भारत का जिक्र जरूर किया जाता है। भारतीय वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत को दुनिया के अग्रणी देशों की श्रेणी में ला खड़ा किया।

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 289 | रांची, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com

लोकसभा चुनाव 2024 : पहले चरण का मतदान आज, आयोग की तैयारियां पूरी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 102 संसदीय क्षेत्रों तथा अरुणाचल एवं सिक्किम की 92 विधानसभा क्षेत्रों के लिए शुक्रवार को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने प्रथम चरण के मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। ज्यादातर स्थानों पर मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा।

लोकसभा 102 सीटों में से 73 सामान्य, 11 अनुसूचित जनजाति और 18 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण में 16.63 करोड़ मतदाता हैं और उनके लिए आयोग की ओर से 1.87 लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं और 18 लाख मतदान अधिकारी तैनात किए गए हैं। इस चरण में 1625 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। इनमें से 1491 पुरुष और 134 महिलाएं हैं।

मतदाताओं की संख्या 16.63 करोड़ है। इसमें 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11371 ट्रांसजेंडर है। 35.67 लाख मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके अतिरिक्त 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं, जिनकी आयु 20 से 29 वर्ष है। इस चरण में 85 वर्ष की आयु से अधिक के 14.14 लाख मतदाता हैं। 13.89 लाख दिव्यांग मतदाता है।

चुनाव आयोग ने सुचारू, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। आयोग की ओर से 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेन और करीब एक लाख चार पहिया वाहन तैनात किए गए हैं। जो मतदान केन्द्रों पर अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही सुनिश्चित करेंगे।

आयोग के अनुसार करीब 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों की वेब कास्टिंग की जाएगी। 661 पर्यवेक्षक तैनात होंगे। इनमें 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक हैं। ये चुनाव आयोग की आंख, कान और नाक की भूमिका निभायेंगे। अंतरराज्यीय सीमाओं पर 1375 और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 162 चेक पोस्ट बनाई गई हैं, ताकि अवैध सामग्री की आवाजाही न हो।

पहले चरण में लोकसभा के लिए अरुणाचल प्रदेश की सभी दो, असम की 14, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की 11, मध्य प्रदेश की छह, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की सभी दो सीट, मिजोरम की एक, सिक्किम की एक, नगालैंड की एक, राजस्थान की 12, तमिलनाडु की सभी 39, त्रिपुरा की एक सीट, उत्तर प्रदेश की आठ, लक्षद्वीप की एकमात्र, पुडुचेरी की एकमात्र, उत्तराखंड की सभी पांच, पश्चिम बंगाल की तीन, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान होगा।

भोपाल। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मध्य प्रदेश की छह लोकसभा सीटें सीधी, शहडोल, मंडला, बालाघाट, जबलपुर और छिंदवाड़ा के लिए शुक्रवार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। बालाघाट के नक्सल प्रभावित बैहर, लांजी और परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्रों में दो घंटे पहले चार बजे मतदान समाप्त हो जाएगा। शांतिपूर्ण मतदान के लिए केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल, राज्य सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल और होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया है। पहले चरण में 1.13 करोड़ मतदाता अपना प्रतिनिधि चुनेंगे। इन छह सीट पर 91 उम्मीदवार चुनाव मैदान में किस्मत अजमा रहे हैं।

क्विक न्यूज

ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने चार और उम्मीदवारों की सूची जारी की

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों की सूची जारी की है। गुरुवार को कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा यह सूची जारी की गई है।

कांग्रेस ने ओडिशा विधानसभा के भुनेश्वर उत्तरी क्षेत्र से अशोक कुमार दास, भुवनेश्वर मध्य विधानसभा क्षेत्र से प्रकाश चंद जेना, सत्यबादी विधानसभा क्षेत्र से से मनोज रथ और महंगा विधानसभा क्षेत्र से देवेंद्र कुमार शाहु को उम्मीदवार बनाया है।

कांग्रेस ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 75 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा रविवार को की थी। इसके पहले 2 अप्रैल को 49 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। ओडिशा विधानसभा में कुल 147 सीटें हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस अब तक 128 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर चुकी है।

सुधांशु त्रिवेदी सहित पांच नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों ने शपथ ली

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को राज्यसभा के पांच नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई।शपथ संसद भवन में दिलाई गई, जहां राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और महासचिव पीके मोदी भी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण करने वालों में भीम सिंह, परमार जसवन्तसिंह सलामसिंह, संगीता, नवीन जैन और डॉ. सुधांशु त्रिवेदी शामिल थे।

ईडी ने उद्योगपति राज कुंद्रा व फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की 97.79 करोड़ की संपत्ति जब्त की

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने गुरुवार को उद्योगपति राज कुंद्रा और उनकी पत्नी फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की 97.79 करोड़ की संपत्ति जब्त कर ली है। इन संपत्तियों में शिल्पा के नाम पर जुहू स्थित फ्लैट, राज कुंद्रा के नाम पर पुणे स्थित बंगला और इक्विटी शेयर आदि शामिल हैं। ईडी की टीम मामले की छानबीन कर रही है।

ईडी सूत्रों के अनुसार शिल्पा शेट्टी के पति रिपुसूदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ रुपये की अचल व चल संपत्ति को अस्थायी रूप से जब्त किया है। यह कार्रवाई पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है। कार्रवाई से फिल्म जगत में खलबली मच गई है। हालांकि अभी तक इस मामले में शिल्पा शेट्टी अथवा राज कुंद्रा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

चार लोकसभा सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी, एक भी नामांकन नहीं

उज्ज्वल दुनिया सं

रांची। राज्य की चार लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही झारखंड में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित तीन एवं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित एक लोकसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 29 अप्रैल है। नामांकन दाखिल कर चुके लोग अगर नाम वापस लेना चाहें, तो इस तारीख तक अपना नाम वापस ले सकेंगे।

झारखंड में 4 लोकसभा सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। उस समय पूरे देश में चौथे चरण का मतदान चल रहा होगा। राज्य की 4 लोकसभा सीटों पर वोट होना है, जिसमें सिंहभूम (एसटी), खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी) लोकसभा शामिल हैं।

सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट से भाजपा ने मधु कोड़ा की पत्नी और पूर्व कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले इंडी गठबंधन से झामुमो ने जोबा मांझी को अपना उम्मीदवार बनाया है। इन दोनों के बीच में चित्रसेन सिंकू भी चुनाव लड़ रहे हैं।

खूंटी में फिर अर्जुन मुंडा बनाम कालीचरण मुंडा

खूंटी (एसटी) सीट से भाजपा ने एक बार फिर अर्जुन मुंडा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पिछले बार के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा को ही मैदान में अर्जुन मुंडा के मुकाबले उतारा है। मुंडा ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बहुत कम अंतर से कालीचरण मुंडा को पराजित किया था।

लोहरदगा (एसटी) सीट पर भाजपा ने समीर उरांव को अपना उम्मीदवार बनाया है, तो कांग्रेस पार्टी ने सुखदेव भगत को टिकट दिया है। वहीं, पलामू (एससी) संसदीय सीट पर भाजपा ने लगातार दो बार से चुनाव जीत रहे पूर्व आईपीएस ऑफिसर वीडी राम को टिकट दिया है। विपक्षी गठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने ममता भुइयां को टिकट दिया है। सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट पर पिछली बार गीता कोड़ा ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। इस बार वह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं हैं। बाकी तीन लोकसभा सीटों खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी) पर भाजपा के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। चार लोकसभा क्षेत्र में कुल 63,99,582 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 32,12,549 पुरुष, 31,86,991 महिला और 42 थर्ड जेंडर वोटर हैं। सबसे ज्यादा 33 थर्ड जेंडर वोटर सिंहभूम (एसटी) लोकसभा क्षेत्र में हैं। इन चार लोकसभा क्षेत्रों में कुल 23 विधानसभा क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। पलामू (एससी) लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 22,27,365 मतदाता हैं। मतदाताओं के मामले में सिंहभूम (एसटी) सीट दूसरे नंबर पर है। यहां मतदाताओं की संख्या 14,32,934 है।

इसके बाद लोहरदगा (एसटी) का नंबर आता है, जहां कुल 14,27,022 वोटर हैं। इन चार लोकसभा क्षेत्रों में सबसे कम मतदाता खूंटी (एसटी) में हैं। यहां मतदाताओं की संख्या 13,12,261 है।

एआईसीटीई ने शुरू किए 500 अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

नई दिल्ली। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीतारम ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) लॉन्च किया।

सभी एआईसीटीई अनुमोदित संस्थान इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, डिजाइन, होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी, अप्लाइड आर्ट एंड क्राफ्ट, प्लानिंग एंड कंप्यूटर एप्लीकेशन के मुख्य (कोर) और उभरते क्षेत्रों (इमर्जिंग एरिया) में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। एआईसीटीई दो किस्तों में प्रति बेसिक एफडीपी 3.50 लाख रुपये और प्रति एडवांस्ड एफडीपी 6 लाख रुपये की अनुदान सहायता देगा। इच्छुक संस्थान 25 अप्रैल से 24 मई तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

दूसरा चरण: पर्यवेक्षकों के साथ कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग ने दिए निर्देश

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने दूसरे चरण के 250 से अधिक पर्यवेक्षकों के साथ आज वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की और उन्हें सुचारू, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 88 निर्वाचन क्षेत्रों में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होगा।

पर्यवेक्षकों को मतदान केंद्रों पर सभी सुविधाएं विशेष रूप से गर्मी से निपटने के लिए सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। दूसरे चरण के लिए 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। सभी ने नामांकन की अंतिम तिथि यानी 3 अप्रैल से पहले निर्वाचन क्षेत्रों में रिपोर्ट किया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू ने सभी पर्यवेक्षकों से सख्ती से यह सुनिश्चित करने को कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी सुविधाएं हों।

भारत में बेचे जाने वाले बेबी फूड में चीनी मिलाने को लेकर जांच के घेरे में 'नेस्ले'

नई दिल्ली। दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता उत्पाद कंपनी नेस्ले भारत में बेचे जाने वाले बेबी फूड में चीनी मिलाने को लेकर अब जांच के घेरे में आ गई है। ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क की रिपोर्ट में नेस्ले इंडिया पर बच्चों के दूध और सेरेलक में चीनी मिलाने की बात सामने आई है। इस रिपोर्ट के आधार पर जांच की बात कही गई है, लेकिन इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि नेस्ले से जुड़ी हालिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया गया है। कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत नेस्ले कंपनी के बेबी फूड के सैंपल की जांच की जाएगी। दरअसल एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ कि नेस्ले कई देशों में बच्चों के दूध और सेरेलक प्रोडक्ट्स में चीनी और शहद का इस्तेमाल करता है। चीनी का इस्तेमाल करना अंतरराष्ट्रीय दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है।

दरअसल नेस्ले कंपनी के इंडिया और विकासशील देशों में दो सबसे ज्यादा बिकने वाले बेबी फूड ब्रांड्स में चीनी की मात्रा अधिक मात्रा पाई गई है, जबकि यही उत्पाद ब्रिटेन, जर्मनी, स्विट्जरलैंड और अन्य विकसित देशों में बगैर चीनी के बेचे जा रहे हैं। एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। इस तरह के मामले भारत के अलावा अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों में देखने को मिले हैं। हालांकि, नेस्ले ने इस पर सफाई देते हुए कहा है कि वो भारत में सभी नियमों का पालन कर रही है। ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया है कि भारत में बिकने वाले सभी 15 सेरेलक बेबी प्रोडक्ट्स में 3 ग्राम चीनी पाई गई, लेकिन अफ्रीका के इथियोपिया और एशिया के थाईलैंड जैसे देशों में चीनी 4 से 6 ग्राम तक पाई गई है। जर्मनी और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों में बेचे जाने वाले इन्हीं प्रोडक्ट्स में चीनी नहीं होती है। इससे पता चला है कि नेस्ले गरीब देशों में बेचे जाने वाले शिशु दूध में चीनी की अधिक मात्रा मिलाता है।

पुलिस की गोली से मौत मामले में थाना प्रभारी निलंबित, एएसआइ गिरफ्तार

गोड्डा। सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस की गोली से एक युवक की मौत मामले में गुरुवार को थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही आरोपित एएसआइ राजनाथ यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित एएसआइ पर गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट की धारा में सुंदरपहाड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

मामले को लेकर गोड्डा एसडीपीओ जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में एसआइटी की टीम मामले की जांच कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बेनाडिक हेंब्रम लेवी वसूलने आने वाला है। सूचना के आधार पर बुधवार देर शाम सुंदरपहाड़ी थाना की पुलिस ने एक टीम गठित कर बेनाडिक हेंब्रम के घर छापेमारी की। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति वहां से भागने लगा। पुलिस ने उसे रूकने को कहा, लेकिन वह भागता ही रहा। उसे पकड़ने के दौरान पुलिस ने फायरिंग की। इस गोलीबारी में बेनाडिक हेंब्रम के घर पर रह रहे हरिनारायण पहाड़िया नाम के युवक के बांये कंधे के पास गोली लग गई। घायल अवस्था में पुलिस उसे अस्पताल ले गयी, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस पर बिना कुछ पूछे गोली चलाने का आरोप लगाया है।

झामुमो नेता अंतू तिर्की व तीन अन्य पांच दिन के ईडी रिमांड पर

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा केस में गिरफ्तार झामुमो नेता अंतू तिर्की सहित चार आरोपितों की ईडी कोर्ट में पेशी हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने गुरुवार को चारों आरोपितों अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहम्मद इरशाद और प्रियरंजन सहाय को पांच दिन के ईडी के रिमांड पर भेज दिया।

इससे पूर्व बुधवार को ईडी ने चारों को ईडी के विशेष न्यायाधीश के आवासीय कार्यालय में पेश किया था। उन्होंने चारों को जेल भेज दिया था। ईडी ने गुरुवार को अदालत से सात दिन के रिमांड की मांग की। सुनवाई के बाद अदालत ने पांच दिन की डिमांड की अनुमति दी है।

उल्लेखनीय है कि ईडी मंगलवार को अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को छापेमारी और लंबी पूछताछ के बाद देर शाम ईडी ऑफिस लेकर पहुंची थी, जहां उन्हें देर रात गिरफ्तार कर लिया गया था।

झारखंड में पारा 43 डिग्री पार, बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूलों का बदला समय

रांची। राज्य में लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। सूर्य देवता आग उगल रहे हैं। कई जिलों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। कई जिलों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार आने वाले दिनों में पारा और चढ़ेगा। कई जिलों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के तापमान में वृद्धि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 19 से 21 अप्रैल तक कोल्हान प्रमंडल में लू का येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम केंद्र के अनुसार संथाल परगना में 20 से 21 अप्रैल तक हीट वेब चलेगी। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में दर्ज किया गया है। सरायकेला में अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस बोकारो थर्मल में दर्ज किया गया। राजधानी रांची में अधिकतम 36.8 और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बढ़ते तापमान को देखते हुए कई निजी स्कूलों ने समय सारिणी में बदलाव शुरू कर दिया गया है। कई स्कूलों ने सुबह स्कूल पहुंचने और दोपहर छुट्टी के समय में बदलाव किया है। वहीं, कई स्कूल अगले सप्ताह से टाइमिंग में जल्द ही बदलाव करेंगे। डीएवी आलोक, डीएवी पब्लिक स्कूल, डीएवी बरियातू, जेवीएम श्यामली, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रॉयल्स बड पब्लिक स्कूल और कैराली स्कूल ने पहले ही सुबह के शेड्यूल में बदलाव कर दिया है। डीएवी बरियातू में सुबह 8 बजे से कक्षाओं का संचालन होता था। अब 7.30 कर दिया गया है। डीएवी आलोक में 8.10 की बजाए सुबह 7 बजे से कक्षाएं चल रही हैं। इसी तरह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 7.40 की बजाय 7 बजे से, जेवीएम श्यामली में 8 बजे की बजाय 7 बजे से और ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 8 की जगह अब सुबह 6 बजे से कक्षाओं का संचालन हो रहा है।

बाबूलाल मरांडी ने पार्टी उम्मीदवार सीता सोरेन पर हमले की आशंका जतायी

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार सीता सोरेन पर हमले की आशंका जतायी है। उनके मुताबिक, संभव है कि सिंहभूम की सांसद और पार्टी उम्मीदवार गीता कोड़ा पर पिछले दिनों हुए हमले की तरह सीता सोरेन पर भी झामुमो कार्यकर्ता जानलेवा हमला कर सकते हैं।

गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर अपनी आशंका जाहिर करते हुए मरांडी ने कहा कि सीता सोरेन ने लगभग डेढ़ दशक तक झामुमो विधायक के रूप में पार्टी की सेवा की। यदि उन्होंने अपने साथ हो रहे अपमानजनक व्यवहार और साजिश के विरोध में पार्टी छोड़ी तो क्या झामुमो उन पर जानलेवा हमला करा देगा। मीडिया में दुमका से झामुमो उम्मीदवार और विधायक नलिन सोरेन के उस बयान को लेकर छपी खबर पर उन्होंने चिंता जाहिर की है जिसमें नलिन ने झामुमो के विरोध में बोलने पर सीता सोरेन के साथ भी गीता जैसा हाल होने की चेतावनी दी है।

कोडरमा में रीतलाल वर्मा ने डाली थी भाजपा की मजबूत नींव, पांच बार चुने गए थे सांसद

कोडरमा। कोडरमा संसदीय क्षेत्र से पांच बार सांसद चुने गए स्व. रीतलाल प्रसाद वर्मा ने इलाके में भाजपा की मजबूत नींव रखी थी। कॉलेज से ही राजनीति में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाले कोडरमा के पूर्व भाजपा सांसद स्व. वर्मा राजनीतिक जीवन में चुनाव मैदान में सफलता का सफर तय करते गए। वे वकालत छोड़ राजनीति में आए और यहां अपनी एक अलग पहचान बनाई। 1969 में जनसंघ का जिलाध्यक्ष

बनने के बाद 1972 में जनसंघ के टिकट पर जमुआ विधानसभा से पहली बार विधायक बने थे और कांग्रेस के मजबूत संगठन को ध्वस्त करने में सफल रहे थे। उन्होंने जमुआ विस क्षेत्र पर तत्कालीन श्रम मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता सदानंद प्रसाद को मात दी। गरीब गुरबों के अधिकार दिलाने और साफ-सुथरी शासन-प्रशासन का निर्माण करना ही स्वर्गीय वर्मा का मुख्य उद्देश्य था। यही कारण है कि वर्ष 1974 में लोकनायक जय प्रकाश नारायण के आह्वान पर उन्होंने एकीकृत बिहार विधानसभा से विधायक पद से त्याग पत्र दे दिया और जेपी के आंदोलन में शामिल हो गए। 1977 में कोडरमा संसदीय क्षेत्र का गठन हुआ। तब पहली बार लोक दल से रीतलाल प्रसाद वर्मा सांसद बने और इस क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को संसद में उठाने का कार्य किया। जमुआ प्रखंड के भंडारो गांव में 1 फरवरी, 1938 को किसान परिवार में जन्मे स्व. रीतलाल प्रसाद वर्मा ने एलएलबी और डीआईपी की शिक्षा लेने के बाद राजनीति को कैरियर बनाया। गिरिडीह-कोडरमा रेलवे लाइन, मरकच्चो के बरियारडीह आयुध कारखाना के लिए वे संसद में बात रखते रहे। अलग वनांचल राज्य के लिए संसद के भीतर एवं बाहर आवाज को बुलंद करते रहे। वे 1977 के बाद जनता पार्टी से 1980, भाजपा से 1889, 1996 और 1998 में कोडरमा से सांसद चुने गए थे।

पहली बार रिकार्ड मतों से जीते

रीतलाल प्रसाद वर्मा ने अपना पहला संसदीय चुनाव वर्ष 1977 में रिकार्ड मतों से जीता। उस समय कुल मतदाताओं की संख्या 602764 थी जिसमें 261508 वोट डाले गए। कुल वैध मतों की संख्या 251525 थी जिसमे रीतलाल प्रसाद वर्मा को 169387 मत मिले थे जो कुल मतों का 67.34 प्रतिशत था। यह रिकॉर्ड अबतक नहीं टूटा है। 1977 के चुनाव में कांग्रेस के चपलेन्दु भट्टाचार्य को 53359, भाकपा के रामनारायण प्रसाद यादव को 21377 और निर्दलीय जोहन मरांडी को 7412 मत मिले थे।

भाकपा माले ने हेसला में मनाई कॉ.महादेव प्रजापति की 13 वीं स्मृति दिवस

गिद्दी। भाकपा माले सदस्यों के द्वारा हेसला में कॉ.महादेव प्रजापति का 13 वीं स्मृति दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कॉ.महादेव के चित्र पर पत्नी मानो देवी द्वारा सबसे पहले माल्यार्पण किया गया। सभी साथियों ने भी श्रद्धांजलि देते हुए 1 मिनट का मौन धारण कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही लोकतंत्र बचाने के लिए मोदी सरकार को हटाने, संविधान बचाने, मजदूर किसान छात्र नौजवान महिला विरोधी भाजपा को केंद्र की सत्ता से बेदखल करने का आह्वान किया गया। आगामी 21 अप्रैल को धुर्वा रांची प्रभात तारा मैदान में इंडिया गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली को सफल बनाने की भी बातें कही। मौके पर भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य सह रामगढ़ प्रखंड सचिव कॉ.सरजू बेदिया, महादेव राम, लाल कुमार बेदिया, जगदीश बेदिया, ।

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सक्रिय सदस्य जेल से हुए रिहा, लोगो ने किया खुशी का इजहार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

गिद्दी। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सक्रिय सदस्य, खतियानी खबर के संस्थापक ,प्रदूषण खिलाफ आवाज उठाने वाले क्रांतिकारी मांडू प्रखंड अंतर्गत बूढ़ाखाप (करमा) निवासी सुरेंद्र महतो केस नंबर - 263/2023 में जेल मे बंद थे। माननीय उच्च न्यायालय झारखंड द्वारा दिनांक 09.04.2024 को कंडीशन के आधार पर उनको बेल दिया गया। बेल के निमित वह 16.04.2024 को रामगढ़ राजगोडवा, चाहा स्थित जेल से शाम 04 बजे रिहा हो गये। जेबीकेएसएस व ग्रामीणों मे हर्ष का माहौल है। बुढाखाप के लोगों ने होली, दिवाली जैसे एक दूसरे को अबीर लगा कर खुशी जाहिर की। लोगों ने कहा कि षड्यंत्रकारियों के नापाक मंसूबे नाकाम हों गए। सच्चाई की यह पहली जीत है। जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि न्यायालय पर पूर्ण भरोसा था, और हमलोग न्यायालय का हमेशा सम्मान करते हैं। हम सभी संविधान को मानने वाले लोग हैं। आखिर मे सच की जीत हुई। रिहाई के खुशी के मौके पर रवि महतो, पनेशवर महतो,जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, भवानी महतो, लालू प्रसाद, प्रभु दयाल महतो, तुलेश्व महतो, कुलदीप महतो, दाहो महतो, विशाल महतो, चंदन महतो, हरि महतो, इंद्रनाथ महतो, रूपा महतो, सुलेखा देवी,सुजंती देवी, बबिता देवी, प्रियंका देवी, रेणु देवी, ममता देवी, रविता देवी, किरण कुमारी, देवंति देवी,दिनेश महतो, मुकेश महतो, महेश महतो, दीपन महतो, मोहित महतो, खेमन महतो, विजय महतो, तिकेश्व महतो, भीम महतो, सहदेव महतो, रवि कुमार महतो , अनिल महतो, लक्ष्मण महतो, बिनोद महतो, पिंटू महतो के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

एक-नजर

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 'ओजस' और' प्रवाह' समारोह का आयोजन

रांची : सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के परिसर में छात्रों को सम्मानित करने के लिए ओजस, और प्रवाह वार्षिक अवार्ड समारोह 2023-24 का आयोजन किया गया। शैक्षिक क्षेत्र में शानदार उपलब्धि के लिए छात्रों को सम्मानित किया गया। 'प्रवाह' अवार्ड से उन छात्रों को पुरस्कृत किया गया, जो अपनी मजबूत इच्छा और दृढ संकल्प के बल पर हर दिन विद्यालय पहुंचे। लगातार तीन वर्षों तक 100: उपस्थिति वाले छात्रों को 'हैट्रिक उपस्थिति' के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावकगण भी उपस्थित थे जो इस समारोह के साक्षी बनें। समारोह में 1500 से अधिक छात्रों को सम्मानित किया गया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों की प्रशंसा की और अन्य विद्यार्थियों को कडी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि वे भी भविष्य में ऐसे पुरस्कार के हकदार बनें।..

रेलीगडा में नव दिवसीय यज्ञ भव्य भंडारे के साथ हुआ संपन्न,कुमारी कन्याओं को कराया गया विधिवत रूप से भोजन

गिद्दी। 9 अप्रैल से रेलीगढा बाजार स्थित शिव मंदिर में आयोजित नव दिवसीय महायज्ञ भव्य भंडारे के साथ सम्पन्न हो गया।इसके पूर्व विधिवत रूप से कुमारी कन्याओं का पूजन कर कलश विर्सजन किया गया। भंडारा पूजन यजमान दुर्गा शर्मा, रेखा देवी, सुदामा शर्मा, प्रमिला देवी, लक्ष्मी साव,वसंती देवी , सुरज साव, जानकी देवी व समिति के अध्यक्ष गूंजन साव के द्वारा संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कराया गया। भंडारे का उद्घाटन मैनेजर कैलाश कुमार, गुंजन साव, पवन कुमार, विरजु साव के द्वारा पूडी-सब्जी, चटनी का प्रसाद वितरण कर किया गया।इस मौके पर समिति के सचिव विकास ओझा, सतीश, दिलीप सिंह, गोलू, मोनिका, प्रिया, संतोष रावत, सुभाष शर्मा, रवि वर्मा, मुकेश दूबे, सुकेश दूबे, महेंद्र, अजय कुमार, श्याम सुंदर पांडेय सहित दर्जनों कार्यकता शामिल थे।.

अरगड्डा में चैती दुर्गा पूजा का विजय दशमी महापर्व धूमधाम के साथ हुआ संपन्न

गिद्दी। अरगड्डा के बिमला मंदिर में चैती दुर्गा पूजा दशमी महापर्व की विधिवत पूजा पाठ के बाद संपन्न हो गया। ब्राह्मण गौरांग बनर्जी के द्वारा बांग्ला रीति रिवाज के साथ पूजा किया गया। फल, फूल बेलपत्र, भोग, पुष्पांजलि आरती के बाद माता से सभी ने अपने परिवार की खुशहाली, स्वस्थ जीवन, अन्न-धन की कामना की। साथ ही क्षेत्र के लिए हरियाली और समृद्धि कि कामना की गई। पूजा के बाद महिला श्रृद्धालुओ ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। मौके पर कई भक्तजन उपस्थित थे।

कोयलांचल एवं ग्रामीण इलाकों में राम सीता हनुमान जावंत के भेष में बच्चों ने निकाली झांकी

गिद्दी। गिद्दी कोयलांचल एवं ग्रामीण इलाकों के दर्जनों अखाड़े के द्वारा रामनवमी की झांकी मुख्य मार्ग से होकर प्रभु श्री राम, हनुमान जय सियाराम के जयकारों के साथ निकाला गया। बच्चों द्वारा प्रभु श्री राम, माता जानकी, हनुमान, जावंत के भेष धारण कर राम युग की दृश्य को प्रदर्शित किया गया। बच्चों के वेष में देवी देवताओं के रूपों की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। युवाओं और महिलाओं ने भी हाथों में भगवा झंडा थाम कर पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों से लैश अपनी शक्ति और मजबूती का प्रदर्शन किया। रामनवमी जुलूस में गिद्दी के पुराना शिव मंदिर, थाना के पास का शिव मंदिर,हनुमान चौक, गिद्दी वाशरी, रेलीगढा शिव मंदिर, डाडी, रिकवा, कनकी, रबोध, बलसगरा,आदि ग्रामीण इलाकों में भी भव्य जुलुस जय श्रीराम, बजरंगबली आदि के जयकारों के बीच कई आकर्षक झांकी के साथ निकाली गई।

इसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड पडी। रामनवमी का जुलुस झांकी शांतिपूर्वक ढंग से निकाली गई।

जगह जगह पर समाजसेवीयों द्वारा शरबत आदि का वितरण किया गया।मौके पर विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधि समाजसेवी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।.

हापामुनी गांव में 6 दिवसीय मंडा मेला का भोक्ता के मंडप प्रवेश के साथ हुआ सुभारम्भ

गुमला –हापामुनि गांव में 6 दिवसीय मंडा मेला का शुभारंभ गुरुवार को भोक्ता के मंडप प्रवेश के साथ हुआ। इस आशय की जानकारी चुन्दरी पंचायत के पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि आज से मंडा मेला की शुरुआत भोक्ता के मंडप प्रवेश के साथ हो गई।वही रात्रि में लोटनसेवा और नागपुरी गीत भजन कार्यक्रम की जाएगी। आगामी 19 अप्रैल को दिन में कलश यात्रा व रुद्राभिषेक और रात्रि में भक्तों के द्वारा नृत्य व लोटन सेवा भजन कार्यक्रम व भव्य झांकी होगी। आगामी 20 अप्रैल को दिन में रुद्राभिषेक और रात्रि में भव्य झांकी भजन कार्यक्रम की जाएगी।आगामी 21 अप्रैल को रात्रि में भोक्ताओं के द्वारा लोटन सेवा एवं नागपुरी गीत व भजन कार्यक्रम,आगामी 22 अप्रैल को रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फुलकुंदी का आयोजन होगी। आगामी 19 अप्रैल को दिन में कलश यात्रा व रुद्राभिषेक और रात्रि में भक्तों के द्वारा नृत्य व लोटन सेवा भजन कार्यक्रम व भव्य झांकी होगी। साथ ही आगामी 23 अप्रैल को भोक्ताओं द्वारा झूलन, फूल वर्षा वह विभिन्न गांव से आए नृत्य मंडली द्वारा नृत्य गीत के साथ मंडा मेला का समापन किया जाएगा।...

बिशनपुर - गुरदरी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर किया आत्महत्य

गुमला – गुमला जिला अंतर्गत बिशुनपुर - गुरदरी थाना स्थित गढाटुटूवा ग्राम निवासी परमेंद्र मुंडा ने फांसी का फंदा लगाकर किया आत्महत्या, पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं , बताया जाता है कि परमिंद्र मुंडा ने किसी बात को लेकर अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया, परिवार के शांति मुंडाईन और परमेश्वर मुंडा ने बताया कि परविंदर मुंडा ने फांसी लगाकर क्यों आत्महत्या किया इसकी जानकारी हम सभी परिवार वालों को भी नहीं है , बाद में सूचना घटना की सूचना गुरदारी थाना को दी गई । उक्त सूचना मिलते ही गुरदारी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए , उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद में उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

जमशेदपुर ने पाकुड को 5 रन से हराया

जमशेदपुर के श्रेष्ठ चौहान ने 10 ओवर मे 30 रन देकर 4 विकेट झटके

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रामगढ। रामगढ के इफिको (सेल)ग्राउंड में झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 में सेल इफको क्रिकेट ग्राउंड में पाकुड ड्ढ्ढ जमशेदपुर के बीच क्रिकेट मैच खेला गया।जिसमें जमशेदपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 18.2 ओवर मे मात्र 81 रन हीं बना पायी। जिसमें रुद्र कुमार मुखी ने 27 रन बनाये। पाकुड की ओर से गेंदबाजी करते हुए जय रजक ने 6 ओवर में 20/6 विकेट प्रियांशु 6.2 ओवर 23/4 विकेट लेकर लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकुड की टीम 27.1 ओवर में मात्र 76 रन पर हीं ढेर हों गई। इस तरह जमशेदपुर की टीम 5 रन से जीत दर्ज कर ली। जमशेदपुर की ओर से गेंदबाज श्रेठ चौहान को 10 ओवर में 30/4 विकेट मिला,शिवम मुखी 10 ओवर 18/3 एवं 6.1ओवर 22/3 विकेट। मैच के अंपायर मो. उैर तथा अजमल हुसैन थे। जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार एवं सुभम मेहता ने किया। मैच ऑब्जर्बर डलिया राव तथा लाइजनर ऑफिसर शंभू कुमार सिंहा थे। मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय समेत कई लोग उपस्थित थे । रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय लाइजनर ऑफिसर शंभू कुमार सिंहा मैच ऑब्जर्वर डलिया राव एवं अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी श्रेस्ठ चौहान को भेंट किया।.

श्री अग्रसेन स्कूल में मना वर्ल्ड हेरिटेज डे, पेंटिंग, भाषण व क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

भुरकुंडा (रामगढ)। श्रीअग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में वर्ल्ड हेरिटेज डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को हेरिटेज डे मनाने के महत्व से अवगत कराया गया। उनके बीच हेरिटेज पर आधारित पेंटिंग, भाषण और क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता कराई गई। इस अवसर पर स्कूल के एकेडमिक निदेशक एसके चौधरी ने कहा कि किसी भी देश के लिए उसकी धरोहर उसकी अमूल्य संस्कृति होती है। किसी भी देश की पहचान, उसकी सभ्यता की जानकारी इन्हीं धरोहरों से पता चलती है। हेरिटेज डे मनाने का उद्देश्य पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुडे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना होता है। उन्होंने कहा कि विरासत अतीत का खजाना है। आनेवाली पीढी के लिए इसका संरक्षण करना वर्तमान पीढी की जिम्मेदारी है। अपनी ऐतिहासिक इमारतों, संस्कृति, धरोहरों और स्मारकों की खूबसूरती को बरकरार रखना बेहद जरूरी है, क्योंकि ये इमारतें या धरोहर हमें हजारों वर्ष पहले के इतिहास की झलक दिखाती हैं। इन्हें बचाकर हम अपनी आने वाली पीढियों को इनके महत्व के बारे में बता सकते हैं। शिक्षिका साधना सिन्हा ने कहा कि आज ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण धरोहरों को कई तरह से नुकसान पहुंच रहा है। प्रदूषण, अम्लीय वर्षा, देखभाल का अभाव, लोगों द्वारा घूमने के दौरान दीवारों पर लिख देने आदि के कारण इनकी खूबसूरती प्रभावित हो रही है। बताया कि भारत में 3691 हेरिटेज हैं। जिसमें से 40 को यूनेस्को ने अपनी लिस्ट में रखा है। उन्होंने ताजमहल, लाल किला, कुतुबमीनार, बुलंद दरवाजा, हवा महल आदि के बारे में बताते हुए कहा कि इन हेरिटेज का देश की जीडीपी में भी पर्यटन के रूप में योगदान होता है। क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में अंकित चौधरी, शुभम सिंह, अदिति कुमारी, सानिया परवीन, संजीव कुमार मेहता, सुमित मुंडा विजयी घोषित किये ।

गुमला जिला के विभिन्न क्षेत्रों में हुई दुर्घटनाओं से तीन लोगों की मौत

गुमला – गुमला जिले में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की घटनाओं जबरदस्त वृद्धि से जिला प्रशासन, जिला पुलिस प्रशासन सहित परिजनों और जिलावासी हैरान और परेशान हैं, लाख कोशिश के बावजूद दुर्घटनाएं नहीं थम रहिए , बुधवार को अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों के दर्दनाक मौत हुई है , और कई लोग गंभीर रूप से घायल है जिन्हें रांची रिम्स रेफर किया गया हैं पहली घटना पालकोट थाना स्थित लावाकेरा ग्राम के समक्ष लौवाकेरा निवासी 19 वर्षीय मुकेश मिंज और बसिया कोनबीर निवासी 18 वर्षीय सौरभ कुमार (पिता - प्रदीप मांझी) की दर्दनाक मौत हो गई हैं, बताया जाता है कि मुकेश मिंज और सौरभ कुमार अपने बाइक में सवार होकर बसिया कोनबीर से अपने दोस्त से मिलने गुमला आ रहे थे, इसी क्रम में लौवाकेरा ग्राम के समक्ष उक्त बाइक सवार ने तेज रफ्तार से ट्रेलर को जोरदार टक्कर मार दी फलस्वरुप मुकेश मिंज की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल सौरभ कुमार को आनन-फानन में पालकोट उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां के डाक्टरों ने भी उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर होते देख सौरभ कुमार को रांची रिम रेफर कर दिया गया , जिसे रांची रिम्स ले जाया जा रहा था , इसी क्रम में भरनो ग्राम के समक्ष सौरभ कुमार की मौत हो गई , उक्त सूचना जब पालकोट थाना पुलिस को मिली तो पालकोट थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया और शीतगृह में रखवाया गया और आज उक्त शव को पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं । दूसरी घटना जिला मुख्यालय से लगभग 18 किलोमीटर स्थित अंजन धाम घाटी समक्ष घटी हैं, बताया जाता है कि गुमला सदर थाना स्थित टोटो ग्राम निवासी श्रवण ठाकुर बुधवार को अंजन धाम से पूजा अर्चना कर श्रवण ठाकुर , उसकी पत्नी निशा देवी , बहन सुरभि देवी और अपने दो बच्चों दो वर्षीय आर्यन ठाकुर तथा एक वर्षीय अभिनव ठाकुर के साथ एक स्कूटी में सवार होकर अपने घर टोटो वापस आ रहे थे , इसी क्रम में अंजन धाम घाटी के समक्ष लगभग 6ः30 बजे संध्या में उक्त स्कूटी के ब्रेक तार टूट जाने के कारण , श्रवण ठाकुर अपने स्कूटी से नियंत्रण खो दिया और स्कूटी सीधे अंजन धाम घाटी के खाई में गिर गई , फलस्वरुप श्रवण ठाकुर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई , बाद में सभी घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिये , गुमला सदर अस्पताल लाया गया ।

श्री माता रानी दुर्गा भवानी की प्रतिमा का निकला गया विशाल एवं भव्य जुलूस

गुमला – गुमला जिला मुख्यालय में , चैती दुर्गा पूजा , गुमला के प्रसिद्ध माता रानी महारानी (देवी) मंदिर में और डीएसपी रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के समक्ष मैदान परिसर में चैती दुर्गा पूजा, पंडाल में माता रानी श्री दुर्गा जी का मूर्ति स्थापना कर बहुत ही धूमधाम से दो स्थान पर श्री मां दुर्गा जी का भव्य मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की गई एवं उक्त दोनों पूजा पंडाल को आकर्षक रूप से सजाकर विभिन्न आकार प्रकार के विद्युत सज्जा की गई थी , और आज उक्त दोनों श्री चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा श्री माता रानी दुर्गा भवानी की विशाल एवं भव्य जुलूस निकाला गया, जो गुमला जिला मुख्यालय के विभिन्न मुख्य मार्ग में माता रानी की शोभा यात्रा निकल गई जिसमें नर नारी , बड़े बूढ़े बुजुर्ग , युवक युवती और बच्चे बच्चियों ने गगन भेदी नारों , जय माता दी , दुर्गा माता शक्ति की , जय मां दुर्गे से पूरा जिला मुख्यालय गंजे मन एवं भक्तिमय हो गया , उक्त विशाल जुलूस में बज रहे वाद्य यंत्र और धार्मिक गानों पर थिरकते रहे श्रद्धालु भक्त गण, बाद में जिला मुख्यालय के सिसई रोड स्थित छठ तालाब में नम आंखों से श्री माता रानी,भवानी मां दुर्गे की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया ।.

श्री रामचंद्र जी के आदर्शों को हम सभी को अपनाना चाहिए : सुनिता चौधरी

रामगढ। श्री राम नवमी पूजा के शुभ अवसर पर रामगढ़ शहर के विभिन्न पूजा पंडाल में शामिल हुई माननीय विधायक श्रीमति सुनिता चौधरी रामगढ़ विधानसभा द्य मौके पर पूजा पंडाल के प्रभारी के द्वारा मुकद्दर श्रीमती सुनीता चौधरी को श्री रामचंद्र जी की तस्वीर भेंट एवं तलवार भेंट व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया द्य रामगढ़ शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में श्री श्री पवनसुत हनुमान मंदिर समिति वा भवानी मंडल मैन रोड, श्री श्री पवन पुत्र राम नवमी समिति मैन रोड दुर्गा मंदिर श्री श्री प्राचीन हनुमान मंदिर श्री श्रीराम नवमी पूजा समिति थाना चौक,रामगढ़ युवा संघ चट्टी बाजार, श्री श्री रामनवमी पूजा समिति प्राचीन बजरंगबली मंदिर नई सराय चौक,श्री श्री प्राचीन हनुमान मंदिर श्री श्री राम नवमी पूजा समिति झंडा चौक,श्री श्री बालाजी हनुमान मंदिर लोहार टोला रामगढ़ इन सभी स्थान में रामनवमी के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित हुई द्य इस मौके पर संबोधित करते हुए माननीय विधायक श्रीमती सुनिता चौधरी ने रामनवमी के पावन पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 500 वर्षों के बाद यह पवित्र दिन आया है कि अयोध्या में प्रभु श्री राम जी अपने मंदिर में विराजमान हुए हैं द्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की कृपा से हम सभी को जीवन में सुख, शांति और सौभाग्य की प्राप्ति हो । हम सभी को उनके आदर्श को अपनाना चाहिए द्य इस मौके पर माननीय विधायक श्रीमती सुनिता चौधरी के साथ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, बिमल बुधिया, प्रो संजय सिंह,अरुण अग्रवाल, नीरज मंडल, अनुपमा सिंह, बिभन सिंह, कुलदीप वर्मा ओर पूजा समिति के बिक्की सोनकर, रिंकी सोनकर,जितेंद्र मंडल, बेबी मंडल, सन्नू लाल सोनकर, राजेंद्र सोनकर, रामकुमार मालाकार,।

अग्निशमन विभाग द्वारा सॉलिटेयर स्कूल मकरा में मॉक ड्रिल का किया आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

गुमला : अग्निशमन विभाग द्वारा सॉलिटेयर स्कूल मकर घाघरा में गुरुवार को दिन के 12ः00 बजे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।इस क्रम में बच्चों को आग बुझाने के टिप्स दी गई। अग्निशमन पदाधिकारी आलोक कुमार पांडे,प्रधान अग्नि चालक फिरोज मंसूर तथा अग्नि चालक मुकेश कुमार मंडल द्वारा बच्चों के बीच गैस सिलेंडर,पेट्रोल,कपड़े व अन्य चीजों में आग लगाकर दिखाया गया साथ ही बच्चों को बुझाने के कई टिप्स दिए। इस मौके पर जानकारी देते हुए अग्निशमन पदाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने बताया लकड़ी कोयला या कपड़ों के आग को साधारण पानी से बुझाया जा सकता है। लिक्विड जैसे पेट्रोल डीजल इत्यादि से लगने वाले आग जो होते हैं जिसे ष्ट्ह2 अथवा एएफएफएफ प्रकार का फाम से आग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। केमिकल फायर या शॉर्ट सर्किट से लगने वाले या प्लास्टिक के जलने पर फैलने वाले आग को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न प्रकार की विधि सिखाया।वही मेटल फायर इंडस्ट्रियल फायर भी इसके अंतर्गत आता है।वही बच्चों को फायर एडवाइजरी एवं एनओसी के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कहा कि आग लगने के बाद लोग डर जाते हैं और आनन फानन में लोग घायल हो जाते हैं। आग लगने के बाद बिल्कुल डरे नहीं। संयम बढ़ाते और विधि संवत कार्रवाई करें ।ताकि आग पर काबू पाया जा सके। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य, उप प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाएं बच्चे बच्चियां उपस्थित थे।

ऐतिहासिक होगी 'न्याय उलगुलान महारैली' : राकेश सिन्हा

रांची। रांची में 21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की न्याय उलगुलान महारैली आयोजित होगी। इसके लिए आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं को भी न्योता दिया गया है। गुरुवार को आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं ने न्याय उलगुलान महारैली को लेकर प्रदेश कांग्रेस भवन में संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता की।

प्रेसवार्ता में गठबंधन नेताओं ने जानकारी दी कि रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव इस महारैली में शामिल होंगे। आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आने की सहमति दी है। साथ ही नेशनल कांफ्रेंस के फारूख अब्दुल्ला भी महारैली में आएंगे।

प्रेसवार्ता में कांग्रेस के महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होगी। अन्याय के खिलाफ यह शंखनाद होगा। यह रैली ना केवल झारखंड की, बल्कि देश की दशा और दिशा तय करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड संघर्षों की भूमि रही है। इस धरती से जो आवाज उठेगी वह केंद्र की सत्ता पलटने में कारगर साबित होगी।

सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी केवल मुद्दों से सभी का ध्यान भटकाने का काम करते हैं। वह नवरात्र में मीट और मछली की बात तो करते हैं लेकिन महंगाई और बेरोजगारी की बात नहीं करते। वह लगातार कई दौरे पर आए, कई कार्यक्रम हुए लेकिन उनके मुंह से एकबार भी सरना धर्म कोड की बात बाहर नहीं आई।

प्रेसवार्ता में झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2001 में मोरहाबादी मैदान में रैली हुई थी। लोग रैली में शामिल होने के लिए सुबह से जुट रहे थे। झारखंड की सबसे बड़ी रैली थी। जून का महीना था और रैली समाप्त होने के बाद भी अगली सुबह तक लोग रैली में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यह न्याय उलगुलान महारैली भी ऐतिहासिक होगी। हम सहयोगी दल न्याय के लिए मिलकर जुटेंगे। राज्य में वरीय नेताओं से बातचीत के आधार पर अंदाजा लगाया जा रहा है कि अकेले झामुमो के तीन लाख से ज्यादा कार्यकर्ता जुटेंगे। साथ ही अन्य दलों के भी दो लाख कार्यकर्ता जुटेंगे। पांच लाख लोग प्रभात तारा मैदान में आएंगे। उन्होंने कहा कि यह रैली झारखंड में ठीक चुनाव से पहले हो रही है, इसलिए झारखंड में इसे चुनाव का शंखनाद कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के लिए हरसंभव इंतजाम रैली स्थल में किए जाएंगे।राजद के महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि जहां पर उलगुलान महारैली होगी, वह इलाका एचईसी में आता है। एचईसी के कर्मियों को 22 महीने से वेतन नहीं मिला है। दस साल से रांची में भाजपा के सांसद हैं। उनकी जवाबदेही तय होगी। हमारे वरीय नेता आएंगे उनके सामने भी इन बातों को रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि आईनएडीआईए काफी मजबूत है। 2024 लोकसभा चुनाव में हम लोग भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे।

जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी, राहुल गांधी का फामूर्ला पांच राज्यों में फेल - शमीम अख्तर आजाद

मांडर। 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन के नेताओं मल्लिकारजून खड़गे, के सी वेणुगोपाल , सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी का फामूर्ला और कथन फेल होता नजर आ रहा है। एक तरफ कांग्रेस मुसलमानों को बीजेपी का डर दिखती है तो दूसरी तरफ भाजपा छोड़कर आए नेताओं को टिकट देकर सम्मानित करती है। देश और संविधान बचाने की जिम्मेदारी क्या सिर्फ मुसलमानों के लिए है ? यह घिनौना खेल नव सेकुलरवाद की नई परिभाषा तो नहीं? एक तरफ 2% ,3% वालों को कांग्रेस पार्टी टिकट देती है तो दूसरी तरफ 18%, 20% से लेकर 33% प्रतिशत मुस्लिम आबादी में मुसलमानों को टिकट से वंचित कर देती है। झारखंड में 14 लोकसभा सीट में मुस्लिम आबादी 15 प्रतिशत प्रतिनिधित्व शून्य, महाराष्ट्र में 48 सीट मुस्लिम आबादी 12 प्रतिशत प्रतिनिधित्व शून्य, दिल्ली में 7 सीट मुस्लिम आबादी 12 प्रतिशत प्रतिनिधित्व शून्य, राजस्थान में 25 सीट 9 प्रतिशत मुस्लिम आबादी प्रतिनिधित्व शून्य, मध्य प्रदेश में 29 सीट 7 प्रतिशत मुस्लिम आबादी प्रतिनिधित्व शून्य, इस आंकड़े से ऐसा लगता है कि महागठबंधन मुसलमानो को राजनीति में अघोषित अछूत समझती है। झारखंड में साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़ , गिरिडीह, जामताड़ा और देवघर ऐसे जिले हैं जहां मुस्लिम आबादी 20% से भी अधिक है, राजमहल में मुस्लिम आबादी 33 परसेंट है जो (२३) रिजर्व सीट है। इंक्लूसिव राजनीति और सेकुलर वाद राजनीति की हिमायत करने वाली इंडिया महागठबंधन की सहयोगी पार्टियां भी मुस्लिम मुद्दों और टिकट देने के मामले पर फेल साबित हो रही है। आज कांग्रेस पार्टी में वैसे लोग संगठन में बैठे हुए हैं जो बाहर से हाथ छाप कांग्रेसी और अंदर से फूल छाप कांग्रेसी है। उनकी आत्मा विचार नीति एवं मूल्य भाजपा के हाथों गिरवी है। तो क्या अब यह मान लिया जाए कि देश के मुसलमान अब सिर्फ कांग्रेस पार्टी के बंधुआ मजदूर हैं?

डमी कैंडिडेट पर चुनाव आयोग की पैनी नजर

रांची, । लोकसभा चुनाव के दौरान डमी कैंडिडेट पर चुनाव आयोग की पैनी नजर रहेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि ऐसे कैंडिडेट की पहचान कर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग के संज्ञान में आया है कि डमी कैंडिडेट के नाम पर दूसरे कैंडिडेट चुनावी खर्च मैनेज करते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि इस बार चुनाव में उम्मीदवारों के लिए गाड़ियों का परमिट फुलप्रूफ होगा। इसके लिए आयोग ने स्टैंडर्ड फार्मेट बनाया है। यह सात तरह का होगा। इसका डुप्लीकेट बनाना मुश्किल होगा। इसमें कोडिंग और माइक्रो चिप जैसी व्यवस्था होगी। इसे गाड़ी के स्क्रीन पर लगाना अनिवार्य होगा। गाड़ी बदलने पर परमिट सरेंडर कर नई गाड़ी का परमिट लेना होगा।

पहले दिन एक भी नामांकन नहीं

लोकसभा के चौथे चरण के चुनाव के लिए झारखंड में चार लोस क्षेत्रों के लिए नामांकन के पहले दिन गुरुवार को एक भी नामांकन नहीं हुआ। पहले फेज में सिंहभूम, लोहरदगा, खूंटी और पलामू लोस क्षेत्र में चुनाव होंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि क्षेत्रफल के हिसाब से खूंटी दूसरा सबसे बड़ा लोस क्षेत्र है।

चतरा सबसे बड़े क्षेत्रफल वाला लोस क्षेत्र है। वहीं पहले फेज के चुनाव में जिन चार लोस क्षेत्रों में मतदान होगा, उसमें लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है।

'द ग्रेट फैमिली गेट टूगेदर शो है ये', इंडी गठबंधन की रैली पर भाजपा ने साधा निशाना

रांची,। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने इंडी गठबंधन की 21 अप्रैल की रैली पर निशाना साधते हुए इसे द ग्रेट फैमिली गेट टुगेदर शो करार दिया। उन्होंने कहा कि इस मंच पर अखिलेश यादव का परिवार, लालू यादव का परिवार, स्टालिन का परिवार, ममता बनर्जी का परिवार, हेमंत सोरेन का परिवार तथा गांधी परिवार नजर आएगा।

गुरुवार को प्रदेश मीडिया सेंटर हरमू में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रतुल शाह देव ने कहा कि यह सिर्फ और सिर्फ परिवार को बढ़ाने वाले दलों का समूह है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा पूरे देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी मुहिम चलाए जाने के डर से एक मंच पर आया है। इलेक्टोरल बॉन्ड पर भाजपा प्रवक्ता ने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विपक्ष चीजों को छुपा कर बोलता है। कुल 3000 कंपनियों ने इलेक्ट्रोरल बॉन्ड खरीदा था। इसमें सिर्फ 26 कंपनियों पर ईडी, सीबीआई या आईटी की इंक्वायरी चल रही है। इनमें से 16 कंपनी ने दबिश के बाद इलेक्ट्रोरल बॉन्ड खरीदा था। इन 16 कंपनियों के खरीदे गए इलेक्टोरल बॉन्ड का सिर्फ 37 प्रतिशत हिस्सा भाजपा को मिला, जबकि 63 प्रतिशत हिस्सा विरोधियों को मिला।

प्रतुल शाह देव ने कहा कि अगर सीक्वेंस को जोड़ें तो ऐसा लगता है कि जिनके यहां इन एजेंसियों के छापे पड़ते हैं, उनके यहां विपक्षी जाकर सत्ता में आने के बाद मामले को समाप्त करने के नाम पर वसूली कर रहे हैं। तभी ऐसी दबिश वाली कंपनियों ने इलेक्ट्रोरल बॉन्ड का 2/3 हिस्सा कांग्रेस और इंडी एलायंस के दलों को दे दिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार में तुष्टिकरण चरम पर है। उन्होंने कहा कि जनता ऐसी विघटनकारी और विनाशकारी शक्तियों को बाहर करेगी और 400 सीटों के आंकड़े को भाजपा और सहयोगी दलों को पार कराएगी।

हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब- देवघर रोपवे हादसे को लेकर दर्ज प्राथमिकी पर क्या हुई कार्रवाई

रांची, । झारखंड हाई कोर्ट में त्रिकूट पर्वत, देवघर में रोपवे दुर्घटना से तीन लोगों की मौत मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि इस हादसे को लेकर जो एफआईआर दर्ज की गई थी उस पर क्या कार्रवाई हुई है। रोपवे संचालित करने वाले कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के संबंध में क्या निर्णय लिया गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर इस संबंध में जानकारी देने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी।

इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि त्रिकूट पर्वत पर रोपवे हादसा की जांच चल रही है, इसमें रोपवे संचालित करने वाली कंपनी को दोषी पाया गया है, उसके खिलाफ जिम्मेदारी तय की जा रही है। इस हादसे को लेकर एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि त्रिकूट पर्वत पर रोपवे का संचालन करने वाली दामोदर रोपवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। उनसे पूछा गया था कि क्यों नहीं उनको काली सूची में डाल दिया जाए।

त्रिकूट पर्वत पर रोपवे में अप्रैल 2022 में एक दुर्घटना घटी थी, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई थी। इस पर कोर्ट में स्वत संज्ञान लिया था। समाचार पत्रों में यह बात आई थी कि एक्सीडेंट से पहले सिम्फर और बीआईटी मेसरा की रिपोर्ट थी कि रोपवे में प्रॉब्लम नहीं था। रोपवे को ऑपरेटर ने चलाया था, जिससे दुर्घटना हुई थी।

अंतरराष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए सम्मानित

चान्हो। चान्हों स्थित बाघवार अकादमी में गुरूवार को साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन द्वारा 17 अक्टूबर 2023 को आयोजित सामाजिक विज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।? इस प्रतियोगिता में बाघवार अकादमी के छात्रों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा। कक्षा 4 के सांची सलोनी , सेलिना केरकेटा तथा शिवानी उरांव ने अपने वर्ग में प्रथम स्थान पर रहते हुए गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस का अवार्ड जीता। इनका अंतरराष्ट्रीय रैंक 88 रहा। कक्षा 5 की परिधि सहदेव,

काजल कुमारी, अंजना कुमारी, मीठी कुमारी तथा ओलिव इक्का नेअपनी कक्षा में क्रमशः पहले, दूसरे, तीसरे तथा चौथे स्थान पर आते हुए गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस का अवार्ड जीतकर अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है। सभी बच्चों को मिडिल एवं प्रशस्ति पत्र विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार के कर कमलों के द्वारा दिया गया। बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए आगे आने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेने एवं और अच्छा प्रदर्शन करने की सलाह दी। प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए विद्यालय के शिक्षक श्री हरे कृष्णा सिंह को साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के द्वारा एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

जमीन घोटाला मामले में ईडी ने आरोपितों के पास से बरामद किये एक करोड़ 25 लाख

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची में पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के प्रावधानों के तहत पिछले दिनों की गयी छापेमारी में एक करोड़ 25 लाख कैश बरामद किये थे। इसे ईडी ने जब्त कर लिया है। साथ ही ईडी ने अलग-अलग बैंक खातों में जमा तीन करोड़ 56 लाख भी जब्त करते हुए बैंक अकाउंट को फ्रिज कर दिया है। ईडी ने गुरुवार अधिकारिक रुप से बताया कि जमीन घोटाले मामले में 16 फरवरी को हुई छापेमारी के दौरान करीब 1.25 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं।

पीएमएलए के तहत कार्रवाई करते हुए राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद से जुड़े मामले में झामुमो नेता अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय, बिपिन सिंह और इरशाद अख्तर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

साथ ही इस घपले में शामिल अफसर अली को भी गिरफ्तार करते हुए 22 अप्रैल तक रिमांड पर लिया है। इस मामले में मो. सद्दाम हुसैन पहले से ही ईडी की कस्टडी में हैं।

ईडी ने जांच में पाया है कि गिरफ्तार किए गये सभी छह लोगों ने सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर जमीन से जुड़े रिकॉर्ड में छेड़छाड़ कर नहीं बेचे जाने वाली जमीन की भी खरीद-बिक्री की है। इस साजिश में रांची और कोलकाता स्थिति राजस्व विभाग के कर्मी भी शामिल रहे हैं।

झारखंड में चुनावी ड्यूटी में लगे वाहनों की जीपीएस से होगी निगरानी

रांची, । राज्य में लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगने वाली गाड़ियों की जीपीएस से मॉनिटरिंग की जायेगी। चुनाव आयोग ने इसके लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। इसके तहत झारखंड में लोकसभा चुनाव के दरम्यान बूथ से लेकर स्ट्रॉन्ग रूम तक जाने वाली ईवीएम और निर्वाचनकर्मियों के मूवमेंट पर नजर रखी जायेगी। राज्य में पहली बार जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के जरिए निगरानी रखने की तैयारी में जुटे चुनाव आयोग का मानना है कि इससे चुनाव में पारदर्शिता आयेगी। गाड़ियों के मूवमेंट पर नजर रखने के लिए जिला मुख्यालय से लेकर चुनाव आयोग कार्यालय में विशेष टीम बनाई गई है, जहां ऑनलाइन माध्यम से नजर रखी जायेगी।चुनाव ड्यूटी में लगनेवाली निजी गाड़ियों के किराए में होने वाली गड़बड़ी पर रोकथाम के लिए आयोग ने वाहन मैनेजमेंट सिस्टम नाम से ऐप लाया है, जिसके माध्यम से चुनाव ड्यूटी में लगने वाली गाड़ियों के समय, तारीख, किलोमीटर, सेवा अवधि और भुगतान जैसी तमाम चीजें चुनाव आयोग के डैशबोर्ड पर डिस्प्ले करती रहेंगी। इसके प्रयोग में होने से गाड़ी मालिक के किराया भुगतान संबंधी शिकायत काफी हद तक दूर होने की संभावना है।इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि गाड़ी मालिक की आमतौर पर भुगतान को लेकर शिकायत रहती थी, जिसे इसके माध्यम से दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में लगी गाड़ी खासकर ईवीएम को लेकर बूथ और स्ट्रॉन्ग रूम तक जाने वाली गाड़ी जीपीएस युक्त होंगे, जिसके हर गतिविधियों पर आयोग की नजर होगी।

सार-संक्षेप

सड़क दुर्घटना में एक की मौत

रातू । रातू थाना अंतर्गत रिंग रोड स्थित सिमलिया हाजी चौक के पास बारह चक्का ट्रक (आरजे 27 जीई 4638) की चपेट में आने से पिठोरिया थाना क्षेत्र के पिठोरिया निवासी गहनु मुंडा 45 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । जानकारी अनुसार गुरुवार की दोपहर बाईक दो बाईक सवार दलादिली की और से पिठोरिया की ओर जा रहे थे तभी जर्क के कारण बाईक में पीछे बैठा मृतक गहनु मुंडा गिर गया और विपरीत दिशा से आ रही ट्रक के चक्का में जा घुसा और कुचल कर उसकी मौत हो गई । रातू पुलिस ने दोनों दुर्घटना ग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है जबकि घटना के बाद ट्रक का चालक मौके पर से ट्रक छोड़कर फरार हो गया ।

कॉग्रेस प्रखंड पदाधिकारी मंच मोर्चा, मण्डल,

पंचायत अध्यक्षों की बैठक की गई

चान्हो। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चान्हो में गुरुवार को कॉग्रेस प्रखंड पदाधिकारी मंच मोर्चा, मण्डल, पंचायत अध्यक्षों की बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि आगामी लोहरदगा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सभी कार्यकर्त्ता और पदाधिकारी जीत के प्रति संकल्पित हैं। बैठक में आगामी 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान रैली को जबरदस्त रूप से सफल बनाने का निर्णय लिया गया। रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित इस रैली में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं सोनिया गाँधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गाँधी सहित देश भर के इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता शामिल होंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 30 अप्रैल को चान्हो में कांग्रेस की विशाल रैली का आयोजन किया जायेगा। घर-घर व्यापक जनसम्पर्क कर सभी मतदाताओं से मिलने और 21 अप्रैल को उलगुलान रैली के साथ ही 30 अप्रैल की जनसभा को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। चान्हो की रैली में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सुखदेव भगत, मांडर के विधायक शिल्पी नेहा तिर्की सहित कांग्रेस के अनेक महत्वपूर्ण नेता भाग लेंगे।

मोरहाबादी स्थित दुर्गा मंदिर में हवन पूजन के

साथ सम्पन्न हुआ नवरात्रि का पर्व

रांची.नगर के प्रसिद्ध मोरहाबादी स्थिति दुर्गा मंदिर में बुधवार को पूजा अर्चना के बाद हवन किया गया। नव दिन तक व्रत धारण करने वाले मंदिर के पुजारी विकास पांडे ने हवन करने के बाद नौ कन्याओं का पूजन कर कन्याओ को भोजन कराया .मंदिर में मौजुद तमाम भक्तों ने कन्याओं को उपहार और दक्षिणा दीया .मंदिर में लोगो का आना जाना सुबह से रात तक लगा रहा .मंदिर के प्रमुख श्री भगत महाराज ने विशाल भंडारे का आयोजन भी कराया जिसमें देर रात तक भक्त भोग पाने के लिये जूटे रहे.रामनवमी जुलूस से लौटने के क्रम में अधिक भक्तों ने मंदिर में रुक भोग पाया .रांची के विधायक सिपी सिंह ने भी मंदिर में आकर माता रानी के दर्शन किए और मंदिर में ही बैठकर भंडारे का भोग पाया.मंदिर के पुजारी चंदन पांडे और श्याम पांडे ने मंदिर के सहयोगियों (विजेंद्र, अभिषेक, समर्थ, रघु, इंद्रजीत, कुलदीप और अन्य) के साथ मिलकर नव दिन के कार्यकर्म को सफल बनाया।

बिजली चोरी करने वाले तीन पर प्राथमिकी

रातू । रातू थाना क्षेत्र में गुरुवार को बिजली चोरी के खिलाफ जेई रंजीत कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के हुरहुरी में छापेमारी अभियान चलाया गया । इस दौरान बिजली चोरी करते पकड़े गए तीन लोगों पर 96,118 रुपये जुमार्ना लगाया गया। बिजली चोरी करते पकड़े गए अफजल अंसारी पर 34,952, जियाउल अंसारी पर 26,214 और मोबारक अंसारी पर 34,952 रुपये जुमार्ना लगाया गया। मामले को लेकर तीनों के विरुद्ध रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है ।

अधिवक्ता राजीव कुमार के अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 25 अप्रैल को

रांची। कोलकाता कैश कांड मामले के आरोपित हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को आंशिक सुनवाई हुई।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा (उत्पाद-शाखा)

शुष्क दिवस (DRY DAY) आदेश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह– सचिव, झारखण्ड राँची के पत्रांक– 01/नि0वि0 –22–23(पार्ट–1)/2020/1186 राँची दिनांक– 18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद झारखण्ड राँची के ज्ञापांक – 01/नीति–05–10/2022–651/राँची दिनांक– 01.04.2024 के आलोक में लोहरदगा जिला एवं लोहरदगा जिला के सीमावर्ती जिला में होंने वाले लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित मतदान समाप्त होने से 48 घण्टे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक, मतगणना के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पूर्नमतदान के दिन शुष्क दिवस (DRY DAY) घोषित किये जाने का निदेश है।

लोहरदगा जिला में चतुर्थ चरण तथा लोहरदगा जिला के सीमावर्ती जिला लोकसभा क्षेत्र में यथा चतरा (लातेहार) – पंचम, राँची जिला में छठे चरण में निर्धारित है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ग) में निहित निदेश के आलोक में मैं डॉ0 वाधमारे प्रसाद कृष्ण जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह– उपायुक्त, लोहरदगा आदेश देता हुँ कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर लोहरदगा जिला के सम्पूर्ण क्षेत्र में निम्न प्रकार शुश्क दिवस (DRY DAY) घोषित किया जाता है।

क्र0 स0	लोकसभा नम्बर एवं क्षेत्र का नाम	मतदान की तिथि	लोहरदगा जिला में घोषित शुष्क दिवस		अभियुक्ति
			दिनांक (समय) से	दिनांक (समय) तक	
1	12–लोहरदगा	13.05.2024	11.05.2024 (अपराहन 5 बजे से)	13.05.2024 (अपराहन 5 बजे तक)	
2	4–चतरा (लातेहार)	20.05.2024	18.05.2024 (अपराहन 5 बजे से)	20.05.2024 (अपराहन 5 बजे तक)	
3	8–राँची	25.05.2024	23.05.2024 (अपराहन 5 बजे से)	25.05.2024 (अपराहन 5 बजे तक)	
4	मतगणना	04.06.2024	04.06.2024		

शुष्क दिवस (DRY DAY) के उक्त अवधि में लोहरदगा जिला की सभी खुदरा उत्पाद दुकानें एवं अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेगें, तथा किसी प्रकार के होटल रेस्तरा, क्लब, इत्यादि प्रतिष्ठान में अथवा निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्पिरिटयुक्त मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा न तो दिया जायेगा और न वितरित किया जायेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–
उपायुक्त, लोहरदगा।

PR.NO.323876 Lohardaga(24-25):D

रामनवमी त्योहार के अवसर पर जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था संधारित करने हेतु प्रतिनियुक्त किए गए दंडाधिकारियों के साथ आईजी, डीआईजी, उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने की ब्रिफिंग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने गुरुवार को पुलिस लाइन परिसर में रामनवमी 2024 के अवसर पर संपूर्ण पर्व के दौरान विशेष सतर्कता एवं निगरानी बरतने व विधि व्यवस्था संधारित कर शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी पर्व संपन्न कराने के लिए हजारीबाग क्षेत्र में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारीयों को संबोधित किया। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस आपस में बेहतर तालमेल रखें। उन्होंने कहा सभी दंडाधिकारी पॉजिटिव माइंडसेट और एटीट्यूड के साथ निर्धारित स्थल पर मौजूद रहे। किसी भी तरह की सूचना वरीय अधिकारियों व कंट्रोल रूम को दें।वही उपायुक्त ने भी मौके पर मौजूद सभी दंडाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सजग व मुस्तैद रहते हुए जुलूस संपन्न करना है। चिन्हित जगह जहां भीड़ इकट्ठा होती है वहां अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। धैर्य, संवेदनशीलता के साथ हर परिस्थिति में विवेकपूर्ण तरीके से जुलूस संपन्न कराएं,आप की मुस्तैदी, सतर्कता, तत्परता पर ही जुलूस की सफलता निर्भर करेगी। उन्होंने विनम्र रहते हुए अपने कार्यों को संपादित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गर्मी ज्यादा इसलिए खुद को हाइड्रेट रखें। 18 जगहों पर मेडिकल कैंप लगाए गए तथा एंबुलेंस के नंबर भी जारी किए गए है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों के पहचान स्थापित करने के लिए वितरित किए गए रेडियम युक्त जैकेट को पहनने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को रामनवमी त्योहार के अवसर पर विधि व्यवस्था की संवेदनशीलता को देखते हुए 22 जोन और 67 सेक्टर बनाए गए है। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारीयों को संवेदनशील स्थानों पर शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में जुलूस संपन्न कराने का निर्देश दिया। उपस्थित सभी दंडाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि रामनवमी त्योहार के दौरान जिला प्रशासन के द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का पालन करवाना आवश्यक है,कहीं भी विधि व्यवस्था की कोई भी सूचना पर वरीय अधिकारीयों से संपर्क करने को कहा। उन्होंने कहा कि जुलूस के रूट चार्ट निर्धारित किए गए हैं रूट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी आईडी कार्ड के साथ मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि आपसी सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सभी दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी वायरलेस फोन से युक्त होंगे। जुलूस मार्गों की सूक्ष्म निगरानी के लिए सीसीटीवी व ड्रोन कैमरो से निगरानी रखी जाएगी। साथ ही प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों के पहचान के लिए आईडी कार्ड तथा रेडियम जैकेट भी उपलब्ध कराए गए है। सुरक्षा के दृष्टिकोण प्रोटेक्शन गार्ड भी उपलब्ध कराए गए है। पुलिस अधीक्षक ने किसी भी तरह की सूचना देने के लिए कंट्रोल रूम का नंबर साझा किया जो निम्नवत है। 8002529348, 8002529349 मौके पर आईजी बोकारो रेंज डॉ माइकल राज, डीआईजी हजारीबाग सुनील भास्कर, उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, अपर समाहर्ता संतोष सिंह, प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा, एसडीओ शैलेश कुमार, एसडीपीओ सिवाशिष कुमार, डीएसपी व सभी जिला स्तरीय दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

रामनवमी संरक्षण समिति ने कराया कुश्ती दंगल प्रतियोगिता

- हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के साथ जुड़ा नया अध्याय
- अयोध्या, हरियाणा, बनारस, पंजाब व नेपाल से आए पहलवानों ने दंगल में दिखाया दम
- नशा मुक्त रामनवमी व नशा मुक्त हजारीबाग के लिए है यह पहल : प्रशांत प्रधान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के अवसर पर हजारीबाग रामनवमी संरक्षण समिति ने भव्य कुश्ती (दंगल) का आयोजन हजारीबाग बड़ा अखाड़ा परिसर स्थित मैदान में करवाया जहां हरियाणा, पंजाब, अयोध्या, बनारस , नेपाल से आए पहलवानों ने भाग लिया दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता से राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी के साथ एक नया अध्याय जुड़ गया। दंगल प्रतियोगिता में भाग लेने आए पहलवानों ने बारी बारी से अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया दो दिनों के इस भव्य दंगल प्रतियोगिता में अयोध्या हनुमानगढ़ी से आए पहलवान नागेंद्र दास व नेपाल से चल कर आए पहलवान राजू थापा के बीच फाइनल दंगल प्रतियोगिता हुआ जिसमें रोमांचक जीत दर्ज करते हुए पहलवान नागेंद्र दास विजेता बने दंगल प्रतियोगिता के बारे में संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा की हमारे यहां सनातन धर्म में दंगल की परंपरा रही है जो कालांतर में धीरे धीरे लुप्त होता जा रहा है फलस्वरूप लोग का इसके प्रति झुकाव कम होते जा रहा है ।

इंटरनेशनल रामनवमी जुलूस में शामिल हुए समाज सेवी सह राजद नेता

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग की ख्याति प्राप्त रामनवमी जुलूस में समाज सेवी, शांति समिति सह प्रदेश राजद कार्य समिति सदस्य संजर मलिक शहर में निकले पुरुषोत्म श्री राम की शोभा यात्रा में शामिल होकर राम भक्तों का उत्साह बढ़ाते हुए मुबारकबाद बधाईयां शुभकामनाएं देते हुए अपने देश की खूबसूरती अनेक्ता में एक्ता गंगा जमुनी की मिशाल कायम करते देर रात तक जिला प्रशासन के साथ सहयोग भी करते दिखे। उन्होंने कहा वतन के बगिया में अनेको रंगों के फूलों का चमन है, जो हर मौसम में खुशबु बिखेता रहता है। जिसे हम सभी को बनाए रखना है तभी राम रहीम के सच्चे अनुयायी कह लाएंगे।

पूणार्हुति के साथ शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोनहराकला में आयोजित श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ पूणार्हुति के साथ बुधवार को संपन्न हो गया। वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने अपने धर्म पत्नी पूर्व जिला उपाध्यक्ष चंदन देवी के साथ यज्ञ मंडप कोनहारा कला पहुंचकर हवन किया और क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की कामना की। नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ को यज्ञाचार्य गंगाधर शास्त्री वाराणसी एवं कथावाचिका बाल विदुषी प्रभु प्रिया रामायणी उज्जैन के प्रवचन को सुनने प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। प्रभु प्रिया रामायणी ने अपने प्रवचन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय रासलीला मथुरा-वृंदावन के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम ने लोगों को काफी आकर्षित किया। यज्ञ के अंतिम दिन कथावाचिका प्रभु प्रिया रामायणी यज्ञ समिति अध्यक्ष ईश्वर यादव के घर पहुंचे जहां लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। प्रभु प्रिया ने कहा कि यहां के श्रद्धालुओं ने शांति और मन लगाकर प्रवचन को सुना। उन्होंने शांति पूर्वक यज्ञ समापन कराने पर यज्ञ समिति को बधाई दी। यज्ञ को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष ईश्वर यादव, मुकेश यादव, पंकज सोनी, राम अवतार यादव, मुकेश सोनी, मुंशी पासवान, जीवन यादव, महावीर यादव, रामजी पासवान, मनी यादव, छोटी दास, राजकुमार यादव, अरविंद यादव, अरुण सोनी, श्यामलाल सिंह, नरेश यादव, धानेश्वर यादव, विकास यादव, धानेश्वर पासवान, सचिन प्रजापति, सोनू साव, आशीष यादव, कैलाश पासवान, दिनेश्वर ठाकुर समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

वाहनों की लगी कतार, यात्रीगण पानी के लिए करते रहे इंतजार

बरही। शोभायात्रा के अंतिम दिन सड़को पर घंटो जाम लगा रहा। हजारीबाग रोड, गया रोड, पटना रोड और धनबाद रोड में पांच से छः किमी तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिसमे एम्बुलेंस सहित लगन की गाड़ियां भी फंसी रही। यात्रीगण धूप में पानी के लिए इधर उधर दौड़ते नजर आए। बड़कागांव से गया जा रही एक बारात गाड़ी करसो में घंटो फंसे रहने के कारण बस में सवार महिला यात्री परेशान दिखे। जाम का मुख्य कारण प्रोसेसन की गाड़ियां रही, जो सुबह में जुलूस समाप्ति के बाद सड़को पर जैसे तैसे खड़े कर दिए गए थे। जाम हटाने के लिए स्थानीय प्रशासन जूझता दिखा। जाम के कारण गाड़ियों का आना जाना प्रभावित रहा। समाजिक कार्यकताओं व स्थानीय प्रशासन के अथक प्रयास के बाद देर दोपहर तीन बजे के बाद जाम हटा और धीरे धीरे वाहनों का आना जाना प्रारंभ हुआ।

मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की तरह सबको प्रेम से साथ लेकर आगे बढ़ें :जय प्रकाश भाई

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल अपने जनसंपर्क अभियान के तहत लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर कर रहे हैं। इसी क्रम में कल उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ के ग्राम बड़की टुंडी पोस्ट करमा में श्री श्री 1008 श्री हनुमान लला प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ के कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दिया। हनुमान जी से सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना किए। उन्होंने कहा कि हम सबको राम जी के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। नफरत फैलाने वाले ताकतों से दूर रहकर आपसी प्रेम के साथ सबको साथ लेकर आगे बढ़ें। उसके बाद जय प्रकाश भाई पटेल विभिन्न शादी समारोह में शामिल हुए। सबसे पहले उन्होंने मांडू में आयोजित देवघर विधायक नारायण दास के बहन की हल्दी समारोह में सम्मिलित हुए और सुखमय वैवाहिक जीवन की बधाई और आशीर्वाद दिया। साथ ही मांडू पंचायत के करमा में रघुनंदन रविदास जी की बेटी की हल्दी समारोह में शामिल होकर आशीर्वाद दिया। अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के बाद वो रामगढ़ के मरार पंचायत में कांग्रेस पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष राजु वर्मा के आवास जाकर उनकी माता जी के श्राद्धकर्म में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। इसके अलावा कल उन्होंने लोकसभा के क्षेत्र के कई स्थानों में दौरा कर लोगों से जनसमर्थन मांगा। जनसंपर्क के दौरान मौजूद कार्यकताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। उनके साथ जनसंपर्क अभियान में बालेश्वर महतो, सुखदेव यादव आदि गणमान्य लोग उपस्थित समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राम धुन में रात भर झूमते रहे रामभक्त, झंकियों को देखने रातभर डटे रहे रामभक्त

उज्जवल दुनिया संवाददाता

दारु । प्रखंड क्षेत्र मे रामनवमी की रात्रि को लगातार तीस घंटे तक राम धुन मे झूमते रहे रामभक्त। प्रखंड के दारु बक्शीडीह, छोटका इरगा, दारु खैरिका,बासोबार, झुमरा, जिनगा, कवालु, कबलासी के गाडी साडम आदि जगहों से एक से बढ़कर झांकी निकाली जिसने दर्शकों को अपने और आकर्षित किया। बुधवार की रात्रि को आठ बजे झंकियों के निकलने का सिलशीला सुरु हुआ जो की अगले दिन गुरुवार को दोपहर मे समाप्त हुआ। इस दौरान जय राम, जय बजरंग बली के नारो से क्षेत्र गूँजता रहा। भगवा झंडा और अस्त्र शस्त्र लिए रामभक्त रात भर झूमते रहे। थाना प्रभारी शफीक खान रहे सक्रिय- दारु थाना प्रभारी शफीक खान जुलुस के दौरान विधि ब्यवस्था बनाये रखने के लिए दलबल के साथ काफी सक्रिय नजर आये। थाना प्रभारी हर अखाड़ा मे जाकर रामभक्तो से मिलते रहे और उनका सहयोग करने के साथ हौसला बढ़ाते नजर आये। रामनवमी पूजा समिति बक्शीडीह के अखाडा मे थाना प्रभारी को पगड़ी पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान थाना प्रभारी रामभक्तों के साथ लाठी खेलते भी नजर आये। अजमेरा ने कहा की शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों मे भी रामनवमी का त्योहार बड़े हर्ष और जोश के साथ मनाया जा रहा है जिसमे हर वर्ग के लोगो का सहयोग है जिसे देखकर उन्हे आनंद की अनुभूति हुई।

लोकसभा चुनाव : कोडरमा में रीतलाल वर्मा ने डाली थी भाजपा की मजबूत नींव, पांच बार चुने गए थे सांसद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

कोडरमा। कोडरमा संसदीय क्षेत्र से पांच बार सांसद चुने गए स्व. रीतलाल प्रसाद वर्मा ने इलाके में भाजपा की मजबूत नींव रखी थी। कॉलेज से ही राजनीति में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाले कोडरमा के पूर्व भाजपा सांसद स्व. वर्मा राजनीतिक जीवन में चुनाव मैदान में सफलता का सफर तय करते गए। वे वकालत छोड़ राजनीति में आए और यहां अपनी एक अलग पहचान बनाई। 1969 में जनसंघ का जिलाध्यक्ष बनने के बाद 1972 में जनसंघ के टिकट पर जमुआ विधानसभा से पहली बार विधायक बने थे और कांग्रेस के मजबूत संगठन को ध्वस्त करने में सफल रहे थे। उन्होंने जमुआ विस क्षेत्र पर तत्कालीन श्रम मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता सदानंद प्रसाद को मात दी। गरीब गुरबों के अधिकार दिलाने और साफ-सुथरी शासन-प्रशासन का निर्माण करना ही स्वर्गीय वर्मा का मुख्य उद्देश्य था। यही कारण है कि वर्ष 1974 में लोकनायक जय प्रकाश नारायण के आह्वान पर उन्होंने एकीकृत बिहार विधानसभा से विधायक पद से त्याग पत्र दे दिया और जेपी के आंदोलन में शामिल हो गए। 1977 में कोडरमा संसदीय क्षेत्र का गठन हुआ।

पहली बार रिकार्ड मतों से जीते

रीतलाल प्रसाद वर्मा ने अपना पहला संसदीय चुनाव वर्ष 1977 में रिकार्ड मतों से जीता। उस समय कुल मतदाताओं की संख्या 602764 थी जिसमें 261508 वोट डाले गए। कुल वैध मतों की संख्या 251525 थी जिसमे रीतलाल प्रसाद वर्मा को 169387 मत मिले थे जो कुल मतों का 67.34 प्रतिशत था। यह रिकॉर्ड अबतक नहीं टूटा है। 1977 के चुनाव में कांग्रेस के चपलेन्दु भट्टाचार्य को 53359, भाकपा के रामनारायण प्रसाद यादव को 21377 और निर्दलीय जोहन मरांडी को 7412 मत मिले थे।

हजारीबाग में हर्षोल्लासपूर्वक निकला रामनवमी का दशमी जुलूस, खूब गूंजा जय श्री राम का नारा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रामभक्ति में रंगे हजारीबाग लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल, रामभक्तों संग खूब भांजी लाठियां

हजारीबाग। हजारीबाग के ऐतिहासिक और प्रख्यात रामनवमी के दशमी का आगाज गुरुवार को हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लासपूर्वक रामनवमी का दशमी जुलूस पूरे वैभव के साथ निकला। महाष्टमी और नवमी से ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल रामभक्ति में रंगे नजर आए। महाष्टमी को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मांडू विधानसभा क्षेत्र अंर्तगत विष्णुगढ़ और टाटीझरिया के रामनवमी शोभायात्रा में सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल हुए और भगवा ध्वजवाहक के रूप में जुलूस की अगुवाई किया। महानवमी को वे बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा, चौपारण और बरही के रामभक्तों संग लाठियों पर करतब दिखाते हुए उनका हौसलाआफजाई करते दिखे। तत्पश्चात रामनवमी के दशमी शोभायात्रा का आगाज होते ही हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण और नगर निगम क्षेत्र के रामभक्तों संग कदमताल करते हुए रामभक्ति में रंगे रहे। देर रात्रि तक राम भक्तों संग नाचते झूमते और पारंपरिक तरीके से लाठी और तलवार पर हैरतअंग्रेज करतब दिखाते रहें। इस दौरान उन्होंने रामभक्तों और श्रद्धालुओं के सेवार्थ रामनवमी रूट में संचालित विभिन्न स्टालों में जाकर उनका मनोबल बढ़ाया और सेवा कार्यों की प्रसंशा की । मौके पर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा की इस साल का रामनवमी खास है जब हमारे अराध्य प्रभु श्रीराम अपने जन्मभूमि पर टेंट से निकलकर सदियों बाद अपने मंदिर महल रूपी दरबार में बिराजे हैं और उनका दिव्य सूर्याभिषेक हुआ है ऐसे में रामभक्तों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा की मायार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हमें धर्म का अनुसरण करते हुए जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। उनका जीवन हम सभी को त्याग, मयार्दाओं के पालन व कर्तव्यपरायणता की सीख देता है। मनीष जायसवाल ने समस्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों को युगपुरूष, जीवन के आदर्श मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्राकट्य दिवस रामनवमी और हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी और हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण ने मनाने का अपील किया ।

युवा सामाजिक कार्यकर्ता आकाश जायसवाल ने बरही चौक पर रामभक्तों के लिए पेयजल कराया उपलब्ध

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल व पूर्व विधायक मनोज यादव ने स्टाल पहुंचकर बढ़ाया उनका हौसला

बरही। गुरुवार की देर शाम को बरही चौक पर आस-पास के हजारों लोग रामनवमी का जुलूस व झांकी देखने पहुंचे। रामभक्तों व अखाड़ा धारियों के लिए बरही के युवा सामाजिक कार्यकर्ता आकाश जायसवाल ने शुद्ध पेयजल को लेकर स्टाल लगाकर लोगों को बॉटल वाला पानी उपलब्ध कराया। इस दौरान युवा सामाजिक कार्यकर्ता का हौसला बढ़ाने हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल व पूर्व विधायक मनोज यादव अपने कार्यकताओं के साथ पहुंचे और उनके इस पुण्य के काम को सराहा। इस दौरान आकाश जायसवाल ने कहा कि उनके लिए बड़े पुण्य का काम है कि रामभक्तों को रामनवमी के दिन पानी उपलब्ध करवा पा रहा हूँ। श्री जायसवाल ने कहा कि इस वर्ष बड़े सौभाग्य कि बात है कि रामलला को 550 वर्षों बाद स्थापित किया गया है। यह सनातन धर्मावलंबियों के लिए बड़े गर्व की बात है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भगवान केशरी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मनोज उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

मां बासंती दुर्गा पूजा सिकरी द्वारा कन्या भोजन सह ब्राह्मण भोजन का आयोजन

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सिकरी में मां बासंती दुर्गा पूजा समिति सिकरी द्वारा प्रतिमा की विदाई के उपरांत नव कन्या भोजन एवं ब्राह्मण भोजन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में गांव के प्रबुद्ध लोगों द्वारा बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई गई जिसमें मुख्य रूप से सत्येंद्र कुमार गुप्ता, कृष्णा सिंह, राम प्रसाद महतो एवं समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों का अहम योगदान रहा। नव कन्याओं के भोजन उपरांत कन्याओं से आशीर्वाद प्राप्त की गई और पूजन सफल होने की आग्रह की गई। तत्पश्चात मेले का आयोजन किया गया और मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगा रंग प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। जिस प्रस्तुति को देखकर मौजूद दर्शक झूमते नजर आए। उसके बाद संध्या 6:00 बजे मूर्ति मंदिर प्रांगण से विसर्जन के लिए निकल गई और गांव भ्रमण के लिए प्रतिमा के साथ शोभा यात्रा की शुरूआत की गई। मौके पर मुख्य रूप से पूजा समिति अध्यक्ष सत्येंद्र पासवान, सचिव कृष्ण सिंह, संयोजक स्वरूप नारायण सिंह, मनोरंजन मंत्री पृथ्वीराज गुप्ता, उपाध्यक्ष रामप्रसाद महतो, पूजा प्रभारी संतोष कुमार, अरुण कुमार गुप्ता, रामजी प्रसाद सिंह, आचार्य आनंद पांडेय, पुजारी फूलचंद गिरी, सहायक आचार्य कैलाश पांडेय, सुनीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, आशा सिंह, वीरेंद्र नारायण सिंह, वसंत नारायण सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

जोरदाग में श्री-श्री 1008 नौ दिवसीय रुद्र महा यज्ञ कि तैयारी जोरों पर

केरेडारी। केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों लगातार पूजा अर्चना यज्ञ हवन का कार्यक्रम चल रहा है! इसी कड़ी में प्रखंड क्षेत्र के जोरदाग गांव में श्री श्री 1008 नौ दिवसीय रुद्र महा यज्ञ को लेकर विचार विमर्श करते हुए महा यज्ञ 28 अप्रैल से 6 मई तक आयोजित करने को निर्णय लिया गया है! यज्ञ को लेकर जोरदाग गांव से भव्य आकर्षक यज्ञ मंडप तैयार की जा रही है।वही 21 अप्रैल को ध्वजा रोहन व 28 अप्रैल को सुबह 4:00 से भव्य कलश यात्रा निकाला जाएगा। जिसमें लगभग 11 सौ से अधिक कलश यात्रा में श्रद्धालु भाग लेने का अनुमान है!कलश यात्रा जोरदाग गांव से टंडवा चुंदरु मंदिर स्थित गेरुवा नदी से जल भरकर कर पुन:जोरदाग गांव भरमन कर श्रद्धलु शिव मंदिर पहुंचेगा,जिसकी तैयारी में यज्ञ समिति का अध्यक्ष श्यामदेव साव,सचिव अमित कुमार माली, कोषाध्यक्ष कुलदीप साव,उप सचिव हिरामन महतो,मिडिया प्रभारी ज्ञान पासवान,संरक्षक प्रमुख सुनीता देवी वार्ड सदस्य सुनीता देवी रीता देवी आरती देवी कन्हाई माली उदय लाल गुप्ता प्रेम रंजन पासवान ,जागेश्वर साव,खिरोधर साव,दशरथ साव, रामवृक्ष गंझू,कृष्णा कुमार गुप्ता, राम कुमार साव,तुलसी साव,किशोर साव,सुरेश रजक, संजय साव,प्रेम साव,बजरंगी माली,अखिलेश कुमार, ,कालो राम अनिल मुंडा, ब्रजेश राम,राजेन्द्र माली ,तापेश्वर साव,रूपलाल साव,वही कार्यकारणी सदस्यों में बलदेव साव दिनेश महतो मनोज साव शिबू महतो, अकल करमाली, अकल साव,नागेश्वर साव,सुरेश राम धर्मेंद्र साव ,अशोक साव,सन्तोष साव,रूपलाल साव,खेदन पासवान,टुकन महतो,सहित समस्त जोरदाग गांव के ग्रामीण जनता यज्ञ की तैयारी में जुटे हैं!

हरली ऐतिहासिक रामनवमी मेला में उमडा जनसैलाब

एक से बढ़कर एक झांकियां व परंपरागत लाठी कर्तव्य से सबका मन मोहा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बड़कागांव। हजारीबाग इंटरनेशनल रामनवमी के बाद जिले में सबसे बड़े रामनवमी मेला बड़कागांव प्रखंड के हरली में मयार्दा पुरुषोत्तम राम के जन्मोत्सव महारामनवमी के अवसर पर 82 वर्षों से आयोजित है। ऐतिहासिक हरली रामनवमी मेला में बुधवार को क्षेत्र के 84 गांव व अखाड़ों से सैकड़ों महावीरी झंडा दर्जनों झांकी व पारंपरिक हथियार के साथ हजारों राम भक्त का जनसैलाब पहुंचकर मेले में अपना-अपना सनातन धर्म आधारित प्रदर्शन किया, साथ ही साथ कई लोगों ने लाठी समेत पारंपरिक हथियारों का बेहतर कला प्रदर्शन किया जिसे हरली रामनवमी महासमिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए हौसले को बुलंद किया जा रहा है। मेले की निगरानी मंच के माध्यम से किया गया जिसकी अध्यक्षता महासमिति अध्यक्ष रामसुंदर दांगी व संचालन संयोजक उमेश दांगी द्वारा किया गया। मेले में विभिन्न दिशा व छोर से आने वाले झांकी जुलूस व राम भक्तों को हरली हाईस्कूल मोड़, हरली विवाह भवन चौक, एवं हरली शिव मंदिर चौक मे स्वागत कर मेला स्थल लाया गया। वहीं त्यौहार को शांतिपूर्वक, हर्ष उल्लास के साथ मनाने को लेकर बड़कागांव प्रशासन व पुलिस अलर्ट रहे जिसको लेकर प्रखंड के दर्जनों स्थानों पर जिला प्रशासन के निर्देशन में सीसी कैमरा लगाकर निगरानी की गई।

- **हजारों महावीरी झंडा व दर्जनों झांकी के साथ 84 गांव के पहुंचे हजारों राम भक्त, किये प्रदर्शन**
- **बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाडों को हरली रामनवमी महासमिति की ओर से किया गया पुरस्कृत**
- **त्योहार को लेकर प्रशासन अलर्ट जगह-जगह लगाए गए सीसी कैमरा तथा ड्रोन कैमरा**

पूर्वजों द्वारा 1942 से लगाए जा रहे ऐतिहासिक हरली रामनवमी मेला स्थल में जहां एक दिशा व छोर से मोतरा, अंबाजीत, चपरी, जोराकाठ, सेहदा, गोंदलपुरा, गाली, बलोदर, राउतपारा, बादम, एवं महँगाई कला, महँगाई खुर्द, सोती से हरली हाई स्कूल पहुंचे। वहीं दूसरी दिशा व छोर से नापो कलां, बेला बेलतौल से हरली शिव मंदिर स्थल पहुंचे। तथा तीसरी दिशा व छोर से गोसाई बलिया, गंगादोहर, तलसवार, गोसाई बलिया, खरांटी, सिमरातरी, नयाटांड, महुदी छोड़, सोनपुरा, शिवाडीह, पिपराडीह, विश्रामपुर से हरली विवाह भवन चौक पहुंचे। जहां पर उक्त सभी स्थलों पर पहुंचे राम भक्तों को हरली रामनवमी महासमिति की ओर से स्वागत के उपरांत मेला स्थल पहुंचकरअपना-अपना कलात्मक, सांस्कृतिक व धार्मिक प्रदर्शन किया। रामनवमी त्योहार को शांति पूर्वक संपन्न कराने को लेकर प्रशासन व पुलिस अलर्ट 15 जगहों पर लगाए गए सीसी कैमरा जहां एक ओर हजारीबाग जिला प्रशासन के निर्देशन में मंगलवार को बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांव में एसडीपीओ कुलदीप कुमार एवं सीओ बालेश्वर राम,बीडीओ जितेंद्र कुमार मण्डल के नेतृत्व में तथा पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के देखरेख में रैपिड एक्शन फोर्स का भ्रमण कराया गया वही दूसरी ओर सरकारी नियमों का पालन नहीं करने एवं शांति भंग करने वाले व्यक्तियों पर निगरानी सीसी कैमरा तथा ड्रोन कैमरा जिला प्रशासन के निर्देशन में लगाया गया जिसमें मुख्य रुप से हरली मेला स्थल, बादाम मस्जिद चौक, अखाड़ा चौक, मंदिर स्थल,चोपदार बलिया, महँगाई कला चौक, महुदी, बड़कागांव मस्जिद चौक, काली मंदिर चौक, पंडित मोहल्ला, बड़कागांव मुख्य चौक, वसंती दुर्गा पूजा स्थल आदि का नाम शामिल है। हरली रामनवमी मेला में पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो शामिल हुए तथा मेला को संबोधित किया। जीपसदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखियाकविता देवी,आदि ने भी संबोधित किया। मेले को संपन्न कराने में मुख्य रूप से महासमिति अध्यक्ष रामसुंदर दांगी, सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष धनेश्वर महतो, संयोजक उमेश दांगी, महेंद्र महतो, सुरेश दांगी, भुनेश्वर महतो, विगेश्वर महतो पुजारी सबूर महतो, मुखिया कविता देवी पंसस कौशल्या कुमारी,खेम लाल महतो हरली पूजा समिति सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

रामनवमी में रामभक्तों के उत्साह और जोश से सम्पूर्ण वातावरण हुआ राममय

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत रामनवमी त्यौहार को लेकर बुधवार की संध्या रामभक्तों के जोश और उत्साह के बीच निकाली गई झांकियां। प्रत्येक वर्ष झांकियों के संग जुलूस का शुभारंभ नवमी की संध्या से होती है। नवमी की रात्रि से लेकर दशमी की रात्रि तक झांकियों का नगर भ्रमण कर इसका समापन किया जाता है। लगभग 24 से 36 घंटों तक लगातार झांकियों संग राम भक्तों का हुजूम चलता ही रहता है। प्रचंड गर्मी में इतने तपने के बाद भी इनके जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं आती। प्रत्येक वर्ष की भांति महंत अखाड़ा चौक में स्थित बंसीधर मंदिर में नवमी को दिन के 12 बजे प्रभु श्री राम के जन्म के साथ पूजन किया गया। जिसके पश्चात संध्या में विष्णुगढ़ के सभी अखाड़ों के महावीर ध्वज का एक एक कर अखाड़ा चौक स्थित दुर्गा मंडप में आगमन हुआ और अखाड़ा चौक में ताशे की धुन में राम भक्तों के द्वारा अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन किया गया। माहौल कुछ ऐसा रहा की चहुं ओर प्रभु श्री राम नाम की ही गूंज सुनाई दे रही थी। जगह जगह पर प्रशासन की उपस्थिति भी रही। महंत अखाड़ा चौक में प्रशासन एवम मेडिकल टीम के लिए मंच बनाया गया जिसमें अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन के दौरान किसी को चोट आने पर तुरंत प्राथमिक इलाज की जा रही थी। हर चौक चौराहे में झांकियों को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं सहित सभी वर्ग के लोग झांकियों को देखने के लिए आतुर थे। झांकियों में अखाड़ा चौक बजरंग दल, अंबेडकर चौक, रमुआ, करोंज मोड़, संकट मोचन अस्पताल चौक एवम बासंती बजरंग दल सहित छह अखाड़े शामिल हैं।

नवादा में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्री राम का जन्मोत्सव

भारत वासियों को अपनी सनातन और विविधता पूर्ण संस्कृति पर है बेहद गर्व : प्रकाश कुमार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम नवादा में बुधवार को धूम-धाम से मनाया गया श्री राम जन्मोत्सव। नवादा के शिव मंदिर टेकवाडीह, हनुमान मंदिर महावीर नगर और बजरंग नगर नवादा में चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि को हवन पूजन और श्री राम जन्मोत्सव पारम्परिक तरीके से सम्पूर्ण हर्षोउल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मौके पर तीनों समितियों के द्वारा श्री राम जन्मोत्सव के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा जय श्री राम के नारे के साथ जय घोष मंत्र का जयकारा लगाया गया। उपस्थित प्रकाश कुमार साव ने कहा कि रामनवमी का त्यौहार सनातन धर्म में हजारों वर्षों से मनाया जा रहा है। रामनवमी का त्यौहार भगवान राम के जन्म की याद दिलाता है जिन्हें सत्य और धर्म का प्रतीक माना जाता है। उनके धर्म के प्रति समर्पण, अच्छे आचरण और सद्गुणों के लिए उनकी सराहना की जाती है। यह त्यौहार भगवान राम के काल और बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाता है। समिति के अध्यक्ष दिनेश साव, सुभाष कुमार, प्रकाश राणा, पिंटू कुमार, शम्भूलाल साव, संतोष साव, रामजी मिस्त्री, अशोक ठाकुर, प्रयाग मिस्त्री, सुन्दर साव, लाटो साव, नीलकंठ कुमार, निर्मल नायक, रंजीत कुमार, राजेश साव, रवि कुमार, राजकुमार राणा, बिशुन साव, दिलीप यादव, रोहित साव,अजय साव, जानकी साव, मोहन साव, बिनोद साव, निर्मल साव, पप्पू साव, राजेंद्र साव, नरेश साव, सौकीन कुमार, संतोष साव समस्त भक्तगण उपस्थित थे।

केरेडारी में रामनवमी संपन्न

उज्जवल दुनियां संवाददाता

केरेडारी। केरेडारी में मात्र बारियातु की एक घटना को छोड़ पूरे प्रखंड में शांति पूर्वक रामनवमी का पर्व सम्पन्न हो गया! बीडीओ अमित कुमार,सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल व थाना प्रभारी अजित कुमार नवमी को 24 घण्टा प्रखंड के लगभग सभी अखाड़ों में भ्रमण करते देखे गए! बंगला टाँड़ केरेडारी मुख्यालय स्थित मेला के मंच पर उपस्थित होकर सभी अखाड़ों को सम्मानित भी किया! यहां महासमिति केरेडारी द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट झांकियों व अनुशासित जुलूस के लिये पुरस्कार की ब्यवस्था की गई थी! निर्णायक मंडली के द्वारा किये गए आंकलन के बाद कुठान गांव से आये जीवंत झांकी को प्रथम, विश्वकर्मा मंदिर केरेडारी के झांकी व जुलूस को द्वितीय व रामजानकी मंदिर केरेडारी के झांकी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया वहीं केमो व केरेडारी चौक तथा विश्वकर्मा मंदिर के जुलूस में करतब दिखा रही एक बच्ची को भी शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। यहां पुरस्कार का वितरण जिला परिषद सदस्या अनिता सिंह,बीडीओ अमित कुमार, सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल, भाजपा नेता बालेश्वर कुमार,राजू साव, मुखिया सोनिया देवी, पूर्व मुखिया तापेश्वर साहू,महासमिति से मनोज वर्मा,सुरेश साव,अरुण यादव,वैद्यनाथ महतो ने किया!

रामनवमी को लेकर निकली भव्य झांकियां, जय श्रीराम के नारों से गुंजयमान हुआ बरही

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बरही। बरही में रामनवमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम व भक्त हनुमान की पूजा-अर्चना की गयी। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंच कर पूजा की, लोग अपने-अपने घरों में पूजा कर महावीरी पताका लहराएं। पूरा क्षेत्र जय श्री राम, जय हनुमान के नारों से गूंजता रहा। रामनवमी में भगवान श्रीराम के जन्मदिवस पर भक्त हनुमान की पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने कहा कि भक्तों के लिये यह दिन हनुमान की पूजा के लिये खास दिन हैं। बरही के हजारीबाग रोड, धनबाद रोड, तिलैया रोड, रसोइया धमना, करियातपुर, दुलमाहा, गौरियाकरमा, बरसोत, विजैया सहित कई जगहों में श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। धनबाद रोड स्थित हनुमान मंदिर, भगवती मंदिर, शिव मंदिर समेत कई अन्य मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की गई। रामनवमी पर्व को लेकर बरही में कई आकर्षक झांकियां निकाली गई। झांकी अपने अपने मंदिरों से निकलकर बरही चौक पहुंची, जहां रामभक्तों ने लाठी खेलकर अपने अपने कलाओं का प्रदर्शन कर लोगों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अपने अपने कार्यकताओं के साथ पहुंचकर रामभक्तों का उत्साह बढाते नजर आएं। इधर विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार, सीओ रामनारायण खलखो सहित पुलिस बल के जवान जगह जगह मुस्तैद रहे।

भव्य जागरण में भक्ति गीतों पर रात भर झूमें दर्शक, दिखाई गई कई मनमोहक झांकिया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागाँव प्रखंड के ग्राम सांढ-छपेरवा में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमंत सह बाबा विश्वकर्मा देव की महायज्ञ हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यज्ञ के नौवें दिन में भक्ति जागरण में कई मनमोहक झांकी के साथ दर्शकों को मनमोहा एंव भक्ति, भोजपुरी, नागपुरी गीतों से लोगों को बबन छेला ने मंत्रमुग्ध किया। भक्ति गीत सुनते ही सारे भक्त झूम उठे जिसे देखने और सुनने के लिए बड़कागांव, केरेडारी, रामगढ़ सहित हजारीबाग समेत अन्य गांवों और शहरों से लगभग 25 हजार लोगों की संख्या जमे हुए थे। मौके पर जीप सदस्य सुनीता देवी, पूर्व जीप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, उपप्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया सुलेखा देवी, पंसस उपेन्द्र कुमार, यज्ञ पूजा अध्यक्ष हरि शंकर प्रसाद दांगी, सचिव पूरन महतो, कृतियानन्द महतो, मुटुकधारी महतो, भीखन महतो, कार्तिक महतो, उपमुखिया हेवन्ती देवी, सजंय मेहता, श्याम नंदन किशोर, शंकर प्रसाद मेहता, महेंद्र विश्वकर्मा, कुलदीप विश्वकर्मा, सजंय कुमार, संतोष महतो, ओमप्रकाश कुमार, राजीव कुमार रंजन, ओमकार कुमार, रंजीत कुमार, पीयूष रंजन, मनोज कुमार मानव, वार्ड सदस्य टेकलाल कुमार, वार्ड सदस्य अंजू कुमारी, विजय कुमार, साउंड प्रो.पप्पू कुमार, हिरामन कुमार मीडिया प्रभारी आनंद राज सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

यज्ञ को शांति और सफल बनाने में यज्ञ कमेटी के लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

प्रशासन की देख-रेख मे संपन्न हुआ पदमा की रामनवमी का महापर्व, जोश और उत्साह मे दिखे पुरे प्रखंड के लोग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

पदमा। पदमा प्रखंड मे रामनवमी त्यौहार बुधवार को जोश और उतत्साह के साथ मनाया गया.सेकड़ो रामभक्त ताशा बाजे के साथ बजरंगी पटाखा लिए जय श्री राम,जय श्री राम का जयघोष करते हुए पुरे क्षेत्र मे भ्रमण करते रहे। क्या बूढ़े, क्या बच्चे सभी रामनवमी के रंग में रंगे हुए थे। इस दौरान रामभक्तो ने पारंपरिक हथियारों से एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज करतब दिखाते गए ओर राम के नाम पर झूमते रहे. हर गली मोहल्ले एवं सडक के चारो ओर भगवा झंडा लगाया गया था,वही कोई अप्रिय घटना ना घट जाय इसके लिए जुलूस और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के जवान व अधिकारी विशेष व्यवस्था कर सड़क के चारों ओर जाल की तरह बिछे हुए थे.

पारंपरिक हथियारों से एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज करतब का प्रदर्शन

शांतिपूर्वक रहा नवमी का जुलूसः लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट थी . दो दिन पहले ही भौतिक निरीक्षण कर लिया गया था. सभी पूजा समितियों और अखाड़े के लोगो को सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करने एवं प्रभु राम के आर्दशों का अनुसरण करते हुए भाई चारे के साथ पर्व मनाने की बात कही गई थी.साथ ही पदमा प्रशाशन भी क्षेत्र मे घूम घूम कर जुलुश का जायजा ले रहे थे.

रामनवमी महापर्व को लेकर हजारीबाग में सदर एसडीओ ने लागू किया निषेधाज्ञा

रामनवमी जुलूस में सौ से ज्यादा लोगों के शामिल होने पर प्रतिबंध, रात दस बजे के बाद जुलूस निकालने पर रोक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। सांप्रदायिक तनाव की आशंका के मद्देनजर एसडीओ ने हजारीबाग शहर में रामनवमी पर्व को लेकर धारा 144 लागू कर दिया हैं। उन्होंने कहा कि यह आदेश अगले 19 अप्रैल तक लागू रहेगा। आदेश में कहा गया है कि रामनवमी जुलूस में बड़ी तादाद में श्रद्धालु शामिल होने की संभावना हैं। ऐसे में यह आदेश लागू करने की नितांत आवश्यकता हैं। आदेश में कहा गया है कि धार्मिक जुलूस में सौ से ज्यादा शामिल नहीं होंगे। रात दस बजे के बाद एसडीओ ने धार्मिक जुलूस निकालने पर प्रतिबंध लगा दिया हैं। जुलूस में कोई भी व्यक्ति आग्नेय यास्त्र, घातक हथियार, विस्फोटक हाथियार लेकर नहीं चलेगा। मंदिर, मस्जिद, गिरजा घर, और सार्वजनिक स्थान पर बाजा बजाने कर रोक लगा दी गई है। जुलूस समारोह में किसी व्यस्क्ति, राजनीति दल, संगठन, जाति, धर्म, समुदाय विशेष को ऐसे भाषण देने की मनाही है जिससे सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़े।

प्रशासन ने रामनवमी अखाड़े के पदाधिकारियों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बड़कागांव। बड़कागांव मुख्यालय में गुरुवार देर रात निकालने वाली झांकी एवं जुलूस को लेकर अंचलाधिकारी बालेश्वर राम की अध्यक्षता व थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह की संचालन में थाना परिसर में जुलूस निकालने के पूर्व शांति समिति की अहम बैठक की गई। बैठक में अखाड़े के पदाधिकारीयों को प्रशासन के द्वारा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें जुलूस मार्ग का विशेष ख्याल रखना, कानून का उल्लंघन नहीं करने, शराब से दूर रहने के अलावा कई महत्वपूर्ण सलाह दिए गए। इस दौरान अखाड़े के लोगों ने प्रशासन से पेयजल एवं रोड को मरम्मत कराने की सुझाव दिया गया। बैठक समाप्ति पश्चात थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया एवं रोड के मरम्मति तथा पेयजल उपलब्ध समय पर पूरा कर लेने की बात कही है। वहीं विधि व्यवस्था को लेकर बड़कागांव में झांकी और जुलूस में अति संवेदनशील 6 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। ताकि जुलूस की निगरानी के साथ शरारती तत्वों पर नजर रखा जा सके। बैठक में मुख्य रूप से बड़कागांव इंस्पेक्टर अनिल कुमार, महासमिति अध्यक्ष विवेक सोनी, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, तकरीमुल्लाह खान, विशाल ठाकुर, सरोज सोनी, संतोष सोनी, पिंटू गुप्ता, सुभाष राणा, उदय मेहता, नागेंद्र कुमार , नवीन ठाकुर, रंजीत कुमार, रवि पासवान, अन्नू विश्वकर्मा, पंकज कुमार, मनोज सोनी, तिलक रजक, छोटू विश्वकर्मा, नंदन कुमार, अबरार रजा, अवध किशोर कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

स्कूली बालक बालिकाओं के बीच डीजे डांस व गीत संगीत नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

मरकच्चो :- प्रखण्ड के दशारो पंचायत में हर वर्ष चैत्र रामनवमी पूजा के सुअवसर पर नाटक का मंचन तो किया ही जाता है साथ-साथ क्षेत्र के स्कूली बालक बालिकाओं के बीच डीजे डांस व गीत संगीत नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक बालक बालिकाओं ने भाग लिया सभी बालक बालिकाओं ने अपने-अपने चुनींदे गाने के ऊपर एक से बढ़कर एक गीत संगीत वह नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।गीत संगीत नृत्य डीजे डांस में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक व बालिकाओं को पूजा समिति के द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मिंटू राणा, पंकज राणा ,यमुना राणा ,सुरेंद्र यादव, राजेंद्र यादव, सुरेश रजक, अभिमन्यु राणा, सुरेश यादव ,मुकेश राणा, पूजा समिति अध्यक्ष अरुण यादव , कोषाध्यक्ष सुनील राणा,पूजा प्रभारी लक्ष्मण रज्जक, उपाध्यक्ष भीम यादव,राजेश यादव, प्रदीप यादव ,यमुना पासवान ,वीरेंद्र यादव, सरजू चौधरी, मुरली यादव, विजय दास,शंकर साव, चन्द्रदेव यादव,महेश राम, प्रकाश यादव, सकलदेव यादव, यमुना राणा,सीताराम यादव,उमाशंकर यादव,चंदन यादव,समेत कई ग्रामीणों की भूमिका सराहनीय रही।

ट्रेन में चढ़ने के दौरान वृद्ध महिला गिर कर हुई घायल

जयनगर :- धनबाद गया रेलखंड के बीच परसाबाद रेलवे स्टेशन पर बुधवार की सुबह ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक वृद्ध महिला गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान राणाघाट कोलकाता निवासी 62 वर्षीय मोनीवाला विश्वास पति विष्णु रंजन विश्वास के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वृद्ध महिला बुधवार की सुबह मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक के समीप किराए के मकान में रहती थी अपने घर राणाघाट कोलकाता जाने के लिए परसाबाद रेलवे स्टेशन से 13152 जम्मू तवी कोलकाता एक्सप्रेस के जेनरल डब्बे में सवार होने के क्रम में असंतुलित होकर प्लेटफार्म पर गिर गई जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगो ने बताया कि ट्रेन खुल चुकी थी और महिला ट्रेन में सवार होने की कोशिश कर रही थी। घटना की सूचना रेलवे पुलिस बल को मिली तो ड्यूटी में तैनात रोहित कुमार पहुंच कर घायल महिला को 108 एंबुलेंस से लोगो के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया।

आदर्श आचार संहिता उल्लघंन मामले में सी-विजिल एप्प से करें शिकायत: जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज

- 100 मिनट के अंदर हो रहा है शिकायतों का निराकरण
- जिला निर्वाचन पदाधिकारी का जिलावासियों से अपीलङ्ग लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं सफल संपन्न कराने को लेकर सी-विजिल एप्प के माध्यम से आदर्श आचार संहिता उल्लघंन से संबंधित शिकायत करें

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

कोडरमा : लोकसभा आम चुनाव 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सफल संपन्न कराने को लेकर विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया है, जिसमें जन शिकायत/सी-विजिल एप्प/ सहायता कोषांग भी गठित है। इस कोषांग के माध्यम से सी-विजिल एप्प/पोर्टल पर आने वाले शिकायतों का चरणाबद्ध तरीके से निवारण किया जाता है। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने दी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी देने के लिए चुनाव आयोग द्वारा 'ूश्कऋकछ' नाम की मोबाइल ऐप बनाया गया है, फोटो या 2 मिनट तक का वीडियो ऐप पर अपलोड कर सकते हैं। फोटो या वीडियो अपलोड होते ही उस जगह की लोकेशन मिल जाती है। अपलोड होने के बाद यूजर को एक यूनिक आईडी दिया जाता है, जिसके जरिए वे मोबाइल पर ही अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। शिकायतकर्ता की पहचान को गोपनीय रखा जाता है। एप्प में रिकॉर्डेड वीडियो या फोटो को अपलोड नहीं किया जा सकता है, ताकि ऐप का दुरुपयोग होने से रोका जा सके। इसके अलावा ूश्कऋकछ ऐप के जरिए रिकॉर्ड किए गए वीडियो या फोटो भी फोन गैलेरी में सेव नहीं होता है ।

100 मिनट में हो रहा समाधान

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि शिकायतकर्ता जो भी वीडियो या फोटो भेजते हैं, उसे 5 मिनट के अंदर ही सम्बंधित ऋरळ/ररळ को भेज दिया जाता है, स्थानीय स्तर पर शिकायत सही मिलने पर 100 मिनट के अंदर ही उस समस्या का समाधान किया जा रहा है । इसके लिए अनुमंडल स्तर पर ूश्कऋकछ, जनशिकायत, जनसहायता कोषांग का गठन किया गया है, जिसमे रोस्टर वार तीन शिफ्ट में कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है । कोडरमा जिला में कई शिकायतें प्राप्त हुए हैं, जिनका सही पाये जाने पर त्वरित निष्पादन किया गया है।

सी-विजिल एप्प में किस तरह की शिकायत कर सकते है

सीझ्रवीजिल एप्प के माध्यम से बन्दुक का प्रदर्शन, धमकी देना, भडकाऊ भाषण, पेड न्यूज, गिफ्ट बाँटना, शराब वितरण, रुपये बाँटना, सम्पति वितरण, फर्जी खबर फैलाना, मुफ्त परिवहन इत्यादि की शिकायत किया जा सकता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं सफल संपन्न कराने को लेकर सी-विजिल एप्प के माध्यम से आदर्श आचार संहिता उल्लघंन से संबंधित शिकायत करें।मतदाताओं की समस्याओं का हो रहा है निराकरण.... जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि निर्वाचन से सम्बंधित जनसहायता हेतु टोल फ्री नं.1950 में अबतक 294 कॉल प्राप्त हुए है, जिनमें अधिकतम मामला वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने से सम्बंधित है, जिसका ङ्गल्ल ूं समाधान किया गया है। उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि निर्वाचन से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी लेने हेतु टोल फ्री नं.1950/065341950 पर संपर्क किया जा सकता है।

कोडरमा में शांतिपूर्ण व धूमधाम से मना रामनवमी का त्यौहार, देर रात तक गूंजते रहे जय श्रीराम के नारे

रामनवमी महोत्सव का भव्य आयोजन, लोचनपुर की झांकी को प्रथम पुरस्कार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

कोडरमा । रामनवमी के मौके पर बुधवार को कोडरमा रामनवमी महासमिति के तत्वाधान में आयोजित रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री रामनवमी के मौके पर कोडरमा के विभिन्न अखाड़ा कमेटियों द्वारा निकाली गई झांकियां इस वर्ष आकर्षण का मुख्य केंद्र रही सर्व विदित है कि कोडरमा गांधी चौक स्थित आयोजन स्थल में रामनवमी महासमिति कोडरमा के द्वारा वर्षों से अखाड़ा समितियों का स्वागत अभिनंदन एवं शौर्य प्रदर्शन समारोह का आयोजन किया जाता आ रहा है। रामनवमी के मौके पर आयोजित स्वागत अभिनंदन समारोह में 26 अखाड़ों के प्रतिभागी शामिल हुए। विभिन्न अखाड़ों के द्वारा भव्य जुलूस तथा सुंदर झांकियों निकाली गई । उद्घाटन समारोह में बतौर उद्घाटन कर्ता महामंडलेश्वर श्री सुखदेव दास जी महाराज उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार झुन्नू, विषय प्रवेश प्रवीण चंद्रा जबकि संचालन अजय पांडेय ने किया शंखनाद के साथ महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज के कर कमलों से फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। उपस्थित जनसमूह को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में रामनवमी के दिन को बहुत शुभ माना गया है।इस बार की राम नवमी और भी खास होने वाली है, क्योंकि इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर बहुत ही शुभ योग का निर्माण हुआ है। इस दौरान सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए लोगो को रामनवमी की शुभकामना दी। महावीरी झंडा मिलन को लेकर विभिन्न अखाड़ों से हजारों की संख्या में विशाल जुलूस एवं भव्य झांकियों के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे । विभिन्न अखाड़ों के द्वारा एक से बढ़कर एक सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई।पुष्प वर्षा कर प्रभु श्रीराम के जयकारों के साथ महासमिति के द्वारा उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। महासमिति के द्वारा आंगतुक अतिथियों एवम विभिन्न अखाड़ों से आए अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष को अंगवस्त्र भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत संध्या 6:00 बजे आयोजित शौर्य प्रतियोगिता के आयोजन की रंगारंग शुरूआत हुई। विभिन्न अखाड़ों से आए सैकड़ों युवाओं ने जय श्री राम की धुन और प्रभु श्रीराम के जयकारों के बीच शस्त्र प्रदर्शन किया। देर रात तक कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित अपार जनसमूह ने बेहद ही शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम का आनंद लिया।विधि व्यवस्था के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन काफी सक्रिय थी।कार्यक्रम स्थल पर स्वयं कोडरमा अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवम भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे। महासमिति की ओर से अयोजन स्थल पर प्रतिनियुक्त दंड धिकारियों एवम थाना प्रभारी को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम समापन के पूर्व निर्णायक मंडल के द्वारा शौर्य प्रदर्शन में लाठी, तलवार, भाला, बामा, सामूहिक शस्त्र प्रदर्शन में बेहतर करने वाले प्रतिभागियों को लेकर अपना निर्णय प्रस्तुत किया।आगंतुक अतिथियों, महासमिति के पदाधिकारियों और निर्णायक मंडली के द्वारा शौर्य प्रदर्शन में बेहतर करने वाले प्रतिभागियो को शील्ड एवं मैडल देकर उन्हें सम्मानित किया गया।झांकी प्रदर्शन में प्रथम स्थान लोचनपुर अखाड़ा कमेटी द्वितीय फरेंदा और तृतीय पुरस्कार इंदरवा को मिला। जबकि लाठी ,तलवार, भाला बामा, एवम अनुशासन को लेकर विभिन्न प्रतिभागियो को शील्ड एवम मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया मौके पर महासमिति के उपाध्यक्ष सुखदेव यादव, अजीत वर्णवाल, सूर्यप्रताप, सचिव प्रवीण पाण्डेय, महेश भारती, चंद्रवंशी दीपक नवीन, गौतम राणा, सुजीत सिंह,राजा सिंह, अक्षय वर्णवाल, आदित्य पाण्डेय, संतोष मालाकार प्रभाकर सिंह, महेश यादव सिकंदर दास,बादल सिंह,निर्णायक मंडली के जयप्रकाश राम बैजनाथ यादव,अजय झा, गोपाल यादव,शहर के गणमान्य समेत हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए।

नगर परिषद् झुमरी तिलैया/नगर पंचायत कोडरमा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

- आगामी 20 मई को मतदान दिवस पर मतदान करने के लिए टीम ने किया अपील
- बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का किया गया वितरण

कोडरमा : लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा नगर परिषद् झुमरी तिलैया/नगर पंचायत कोडरमा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप टीम द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से चुनाव संबंधित प्रश्न पूछे एवं एढकउ कार्ड चेक किया गया। साथ ही जिन मतदाताओं का एपिक कार्ड नहीं है, उनका ऑन स्पॉट पपत्र-06 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज किया गया। इसके साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन आगामी 20 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया गया। जेएसएलपीएस की सखी दीदियों द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया गया। वहीं बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण किया गया। मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट के माध्यम से मतदाता मतदान करने की प्रक्रिया, सी-विजिल एप्प, निर्वाचन से संबंधित टोल प्री नं 1950, वोटर हेल्पलाइन एप्प, ईवीएम वीवीपैट इत्यादि से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

तिलैया मे निशान पदयात्रा आज, कई श्रद्धालु भक्त हुए खाटू रवाना

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

झुमरीतिलैया :- एकादशी को लेकर शुक्रवार को श्याम महिला समिति के तत्वाधान मे सुबह 7 बजे झंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से एक निशान यात्रा निकाली जाएगी। जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्याम मंदिर पहुँच कर सम्पन्न होगी। यहां श्रद्धालु भक्त बाबा श्याम को निशान अर्पित करेंगी।निशान यात्रा में एक छोटे वाहन में बाबा श्याम का दरबार भी सजा होगा।समिति की कृतिका मोदी,पिंकी खेतान ने बताया कि लगातार 25 माह से प्रतिमाह यह निशान यात्रा निकाली जा रही है और मंदिर पहुँच कर ताली कीर्तन का आयोजन किया जाता है। निशान यात्रा में 3 से 4 दर्जन महिलाएं शामिल होती है। इधर कोडरमा रेलवे स्टेशन से गुरुवार की सुबह हावड़ा जोधपुर एक्सप्रेस एवं अजमेर सियालदह एक्सप्रेस से श्रद्धालु खाटू के लिए रवाना हुए।जो कि शुक्रवार की सुबह रींगस से खाटू 18 किलोमिटर पैदल चलकर बाबा श्याम को निशान अर्पित करेंगे।खाटू जाने वालों में राजकुमार अजमानी, सुनील अजमानी, प्रमोद सिन्हा, गिरधारी सोमनी, प्रवीण सिंह उर्फ पप्पू सिंह, विकास कुमार,सूरज कुमार, सुनीता सिन्हा, स्नेह सिन्हा, मधु सिंह आदि के नाम शामिल है। वहीं 19 अप्रैल को श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर असनाबाद में भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया जाएगा।

डीएवी कोडरमा में बच्चों ने वर्ल्ड हेरिटेज दिवस पर लोगों को किया जागरूक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

झुमरीतिलैया :- 18 अप्रैल को डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया,कोडरमा में विद्यालय की प्रातः कालीन सभा में बच्चों ने वर्ल्ड हेरिटेज दिवस पर विविध कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। यह विश्व विरासत दिवस प्रतिवर्ष पूरे विश्व में 18 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनिया की सभी संस्कृतियों का जश्न मनाने, महत्वपूर्ण सांस्कृतिक स्मारकों ,स्थलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह दिन सांस्कृतिक विविधताओं के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और भविष्य में पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस अवसर पर पांचवीं कक्षा की निष्ठा ने एक सुंदर कविता,नवीं कक्षा की इशिका ने हिंदी में वक्तव्य के द्वारा लोगों को विश्व की धरोहरों के संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने बच्चों की विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर दी गई प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस दिवस को मनाने के पीछे हमेशा हमारा सकारात्मक दृष्टिकोण होना चाहिए । प्राचीन इमारतें एवं स्मारक हमारे वैश्विक खजाने हैं। जो हमारी सांस्कृतिक खूबसूरती को दशार्ते हैं। उनका संरक्षण हमारा परम दायित्व होना चाहिए।

जय श्रीराम के जयकारे से गूंजा जयनगर, उमड़ी भीड़

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

कोडरमा । जयनगर व इसके आसपास के क्षेत्रों में रामनवमी को लेकर झांकी निकाली गयी। झांकी के साथ निकाले गये जुलूस में लोगों ने प्रदर्शन किया। जयनगर दुर्गा मंडप से निकल कर जुलूस मस्जिद मुहल्ला व देवी मंदिर जुंदाल जयनगर थाना पहुंचे। यहां जुलूस का समापन हुआ। इस दौरान जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारे गूंजते रहे।

प्रखंड के जयनगर, गोदखकर, डुमरी, सांथ, पेठियाबागी, गोपालडीह, नवादा, लतवेधवा, महुआटांड़, तरवन, गम्हरबाद, पहाड़पुर सहित दर्जनों गांव के श्रद्धालु जयनगर दुर्गा मंडप में पूजा-अर्चना कर जुलूस में शामिल लाठी के खेल दिखाये। जुलूस में उप प्रमुख राजनारायण सिंह, सुरेंद्र भाई मोदी, शशिकांत प्रसाद, पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह, पूर्व मुखिया अर्चना कुमारी, सतीश पांडेय, अशोक गुप्ता, मनोहर मोदी, सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेंद्र मोदी, मुखिया कौशर खान, अरमान खान, चंदन वर्णवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रद्धालु शामिल थे।

डीसी, एसपी ने किया मुआयना

जुलूस के दौरान उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, पुलिस निरीक्षक सुबोध कुमार, बीडीओ गौतम कुमार, थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान ने पूरे इलाके में घूम कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया।इस दौरान एसआई विकास कुमार, जयप्रकाश सिंह, विनीता कुमारी, दिलीप कुमार व पुलिस बल के जवान मुस्तैद दिखे।

विधायक ने दी बधाई

रामनवमी के शांति पूर्व समापन पर विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी यादव, प्रमुख अंजु देवी, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, राजद प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, मुखिया संजय साव, युवा नेता उमेश यादव, अरूण यादव, समाजसेवी अरमान खान, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, जिला मंत्री सुधीर सिंह आदि ने क्षेत्र के लोगों को बधाई दी है।

झांसी की रानी अखाड़ा समिति ने दिखाया हैरत अंगेज प्रदर्शन

पहली बार श्री रामनवमी झंडा महासमिति के कार्यक्रम में महिलाओं ने दिखाया अपना करतब

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

झुमरीतिलैया :- श्री रामनवमी झंडा महासमिति के द्वारा इस बार महिला समिति का गठन किया गया। महिला समिति के अध्यक्ष सुषमा सुमन को बनाया गया। सुषमा सुमन ने सभी महासमिति सदस्य को धन्यवाद दिया,और कहा कि मातृशक्ति की आत्मरक्षा से लेकर राष्ट्र सुरक्षा तक नारी ने छुपी हुई कला को आगे लाने के लिए एक अखाड़ा समिति का निर्माण किया गया। अखाड़े का नामाकरण झांसी की रानी अखाड़ा समिति किया गया। और यह समिति के द्वारा लाठी चलाने से लेकर तलवार चलाने के लिए एक प्रशिक्षण शिविर चलाया गया। यह सभी शिविर सुबह शाम दोनों समय मे चला।इसमें सभी उम्र के लोग इस प्रशिक्षण में भाग लिए और 17 अप्रैल रामनवमी के दिन झंडा चौक पर बेटी,बहनों से लेकर मातृशक्ति तक सभी उम्र के लोग अपनी नारी शक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कोडरमा जिला ही नहीं पूरे भारत में एक अच्छा संदेश दिया। और कहा कि मैं अपनी सुरक्षा के साथ राष्ट्र का भी सुरक्षा कर सकती हूं।सुषमा सुमन ने अपनी कड़ी मेहनत लग्न से हर कार्य को संभव कर रही है। उन्होंने कहा कि जैसे योग को घर-घर पहुँचाने का काम किए है उसी प्रकार से जिले में हजारों लड़कियों को प्रशिक्षण देकर लाठी तलवार चलाने के लिए माहा क्रांति लायेंगें। यह अब रुकेगी,प्रशिक्षण प्रत्येक रविवार को सूर्या होटल के पीछे चलेगा। योगी प्रदीप कुमार सुमन ने कहा कि सभी बेटियों,बहनों और माताओं में एक नई जोश और उत्साह से भरी हुई थी। इस कार्य में सहयोग देने वाले प्रशिक्षक आशीष घोष, विजय बर्णवाल, मुरली मोदी, सुभाष गुप्ता,डॉ. मनोज कुमार, डॉक्टर जेपीएन बर्णवाल,पूर्व जिला न्यायाधीश अर्जुन मोदी का सराहनीय योगदान रहा।वहीं भाग लेने वाले प्रतिभागी में गायत्री देवी,राखी सिन्हा, सुहानी कुमारी, अन्वी कुमारी मोदी,प्राणिक कुमारी, एंजेल अनुसा, श्रेया कुमारी, निष्ठा मोदी, पूजा कुमारी, संस्कृति मोदी, पलक मोदी, आकृति सिन्हा, कृति सुमन,जूही सुमन, रौनक यादव, अशोक बर्णवाल, संगिनी कुमारी, श्रेयांश कुमारी, पूजा कुमारी, सोनिका देवी ने अपनी प्रतिभा झंडा चौक पर आयोजित कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन कर दिखाया। वहीं झांकी मे शामिल होने वाले लक्ष्मी देवी, सरिता बरनवाल, ममता मोदी,संगीता बरनवाल, ललिता बरनवाल, कविता बरनवाल, नमिता बरनवाल, शारदा देवी,डॉ सीमा, रीना देवी, ीमा देवी, कुसुम देवी, नीलम देवी, पम्मी देवी जे साथ सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे।

छतरपुर में रामनवमी सद्भावनापूर्ण माहौल में संपन्न

छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)। जिले के छतरपुर में शांति और सद्भावनापूर्ण माहौल में रामनवमी संपन्न हो गयी। विभिन्न अखाडों के लोगों ने शोभायात्रा निकाली और फुलवारी मैदान में श्री राम जानकी मंदिर कमेटी के द्वारा अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर महावीर मंडल, श्री राम सेवा समिति, हिंदू सेवा समिति, खाटीन ग्राम कमेटी, रामगढ, बगैया, मंदेया, हेसला, कउवल, पिंडराही, बैरियाडीह लोहराही, सडमा के लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम, छतरपुर के थाना प्रभारी राजेश रंजन और एसआई राहुल कुमार ने दलबल के साथ तैनात रहे। वहीं मजिस्ट्रेट के रूप में छतरपुर के बीडीओ आशीष कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी शोभायात्रा का जायजा लेते नजर आये। फुलवारी मैदान में श्री राम जानकी मंदिर कमिटी ने एसडीओ हीरा कुमार ।

अवैध हथियार के साथ माना मुंडा गिरफ्तार

एक देशी नाली भरठुआ बन्दुक के साथ अवैध आग्नेयास्त्र बरामद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। दिनांक 18.04.2024 को समय करीब 09.00 बजे सुबह गुप्त सुचना मिली की रामगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धावा के बेहराखाड टोला में एक व्यक्ति अवैध रूप से अपने घर में हथियार रखे हैं। सुचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना में उपस्थित पु0अ0नि0 संतोष गिरि एवं सरकारी वाहन चालक आरक्षी 918 सुनील यादव, थाना रिजर्व गार्ड के आ1045 सुनील यादव, आ1020 अशोक कुमार पासवान, आ0ध्970 शशि कुमार के साथ समय 09रू15 बजे थाना से प्रस्थान किया।

समय करीब 10 बजे जैसे ही बेहराखडा गांव में माना मुंडा पिता- स्व0 रैया मुंडा के घर पहुंचा तथा छापेमारी का नियम पलान करते हुए विधिवत छापेमारी करने पर माना मुंडा के मिटटी से बना घर के आँगन के बगल वाले कमरा से एक लकडी एवं लोहे का बना एक नाली भरठुआ बन्दुक बरामद हुआ। माना मुंडा से अपने पास भरठुआ बन्दुक रखने का कागजात की मांग करने पर इनके द्वारा न तो कोई कागजात प्रस्तुत् किया गया और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया। नाम-पता पूछे जाने पर इन्होने अपना नाम माना मुंडा उम्र-करीब-65 वर्ष पिता स्व0 रैया मुंडा ग्राम-बेहराखाड थाना, रामगढ, जिला-पलामू बताया।

जप्त अवैध आग्नेयास्त्र एक देशी एक नाली भरठुआ बन्दुक का लकडी का बट एवं लोहे का बैरल सहित कुल लम्बाई 50 इंच, लकडी बट की लम्बाई -12 इंच, बट एवं बैरल के साथ लगा लकडी की कुल लम्बाई 29.5 इंच एवं लोहे का पाइपनुमा बैरल की कुल लम्बाई -32.5 इंच बैरल के साथ लगे हुए बारूद भरने वाला रॉड की लम्बाई 32 इंच बट एवं बैरल को बांधे हुए पीले रंग का पीतल जैसा गोल पट्टी है। अभियुक्त-माना मुंडा उम्र करीब -65 वर्ष पिता स्व0 रैया मुंडा ग्राम- बेहराखाड थाना, रामगढ, जिला-पलामू को विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाये एवं सेल्फ स्टेटमेन्ट के आधार पर रामगढ थाना कांड सं0-16,2024 दिनांक-18.04.2024 धारा-25 (1-ठ) 26 शस्त्र अधिनियम 1959 के विरुद्ध कांड अंकित कर कांड का अनुसंधान भार पु0अ0नि0 शिव शंकर प्रसाद को सौपा। जप्त सामान अवैध आग्नेयास्त्र एक देशी एक नाली भरठुआ बन्दुक का लकडी का बट एवं लोहे का बैरल सहित कुल लम्बाई 50 इंच, लकडी बट की लम्बाई 12 इंच, बट एवं बैरल के साथ लगा लकडी की कुल लम्बाई 29.5 इंच एवं लोहे का पाइपनुमा बैरल की कुल लम्बाई -32.5 इंच बैरल के साथ लगे हुए बारूद भरने वाला रॉड की लम्बाई 32 इंच बट एवं बैरल को बांधे हुए पीले रंग का पीतल जैसा गोल पट्टी है। छापामारी दल में पुअनि निलेश कुमार थाना प्रभारी रामगढ ,संतोष गिरि रामगढ थाना,चालक आरक्षी, सुनिल यादव,आरक्षी, सुनील यादव,आरबी,अशोक कुमार पासवान उपस्थित थे।.

एमकेडीएवी में पूर्व छात्र की पुस्तक का हुआ विमोचन

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। स्थानीय एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में विद्यालय के पूर्व छात्र ज्ञान सिंह द्वारा लिखित पुस्तक क्रश्ड स्नैक ऑफ लॉर्ड शिवा का विमोचन किया गया। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य सह झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन खान ने इस पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक के लेखक ज्ञान सिंह हैं, जो बारालोटा निवासी अखिलेश सिंह एवं श्रीमती सुनैना देवी के पुत्र हैं। उन्होंने इस विद्यालय से 2011 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। छात्र जीवन से ही लेखन में रुचि होने के कारण अनेक प्रयास किया और प्रथम पुस्तक समथिंग लाइक लव लिखी। उसके बाद कई अन्य रचनाओं के बाद यह क्रश्ड स्नैक ऑफ लॉर्ड शिवा पुस्तक लिखी। इसे लिखने में उन्हें डेढ साल का समय लगा। इसकी 1000 से अधिक प्रतियां छप चुकी हैं। यह पुस्तक शिव पुराण में वर्णित कथाओं को आधार बनाकर लिखी गई है, जो छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डी.ए.वी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई डॉक्टर जीएन खान ने कहा कि बच्चे चिकित्सक, इंजीनियर, भारतीय सेना के अतिरिक्त लेखन क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं। छात्रों के लिए यह क्षेत्र भी उन्हें प्रसिद्धि एवं आजीविका का साधन, दोनों उपलब्ध करा सकता है। छात्रों को संबोधित करते हुए पुस्तक के लेखक ज्ञान सिंह ने कहा कि आज के विद्यार्थी कैरियर निर्माण की चिंता में भारतीय अध्यात्म एवं दर्शन से दूर होते जा रहे हैं।

जन जन में हैं जन जन के श्री राम : अविनाश देव

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। राम जन्मोत्सव के पावन पर्व रामनवमी में विभिन्न अखाडे,क्लब, दल, के सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव उपस्थित रहें और पगडीपोशी, फूलमाला, शौर्य के प्रतीक तलवार देकर सम्मानित किए गए। राम भक्तों को संबोधित करते अविनाश देव ने कहा की राम की सौम्यता सब को भाती है। राम आम के जुबान पर रहते है खुशी और विषाद दोनो में जिह्वा से बरबस बाहर आते हैं।खेत खलिहान से लेकर सेठ के खाता बही पर राम विराजते हैं।वाल्मीकि तुलसी के महाकाब्य राम के रास्ते मुक्ति के मार्ग बताया है जिसको हर नागरिक अपने जीवन में उतारते आया है।किंतु वर्तमान दौर में राम का नाम राजनीतिक फायदे के लिए किया जा रहा है। राम का जन्म ही शत्रुओं के संहार के लिए हुआ था और गुरु के एक बात पर शस्त्र व शास्त्र के शिक्षा के लिए पिता भरोसा कर आश्रम भेज दिए। किंतु आज परंपरा को छोड राम की बेहतर वस्तुस्थिति से लोग अनभिज्ञ है। पर्यावरण एवं स्वास्थ्य का ख्याल किए बगैर युवा को जुलूस में डी जे पर डांस करते देखा गया किंतु उनके विचारों पर अमल नहीं करना बेहद चिंतनीय है। पुरानी परंपरा संस्कृति ,शालीनता,स्नेह, नफरत के आग और ऊंची आवाज में दबता जा रहा है। संगठन के लोगों को तलवार की साथ साथ रामचरित मानस के पुस्तक भी सप्रेम भेंट करना चाहिए जिसे युवा पीढी पुनर्पाठ कर सके और उससे रामराज्य लाने का सूत्र निकाल सके। आगे अविनाश देव ने जिला प्रशासन, सभी संगठन के प्रधान, छात्र, युवा से गुजारिश किया की राम के विचारों को फैलाने में अपनी महती भूमिका निभाएं।

राम जहां भी गए मित्र बनाए और मोहब्बत से रहने का पाठ पडाए। रामनवमी में राम भक्तों के उमडे जन सैलाब के मद्देनजर बुनियादी सुविधाओं में मेडिकल कैंप,लंगर,पीने का पानी, चलंत शौचालय,चाय बिस्कुट का व्यवस्था जिस उदारता के साथ सामाजिक संगठन के लोगों ने किया वे सभी बधाई के पात्र है जिन्होंने जनपक्षिये चेतना को जागृत किया।.

एक हजार पचास महिला मतदानकर्मियों को मिला द्वितीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी पलामू के आदेशानुसार गिरिवर2 उच्च विद्यालय में एक हजार पचास महिला मतदानकर्मियों को पीठासीन,प्रथम एवं द्वितीय मतदान पदाधिकारी का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया।

जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह, अमरेन्द्र पाठक, प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम,सहायक सौरव सिन्हा व दिनेश चंद्र राम ने विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों में जाकर अनुसमर्थन प्रदान किया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने कहा कि त्रुटि रहित मतदान कराने के लिए प्रशिक्षण ही क्षमता विकास का मूलाधार है।इसलिए इसे आत्मसात करना अनिवार्य है। छत्तरपुर एलआरडीसी श्री विजय कुमार केरकेट्टा एवं सतबरवा बीडीओ श्री अभिषेक पाण्डेय ने प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया। मास्टर ट्रेनर प्रणव कुमार, मार्तण्ड कुमार, श्यामलाल उरांव, मनोज द्विवेदी, देवेन्द्र मिंज, दिलीप कुमार पाठक, रामप्रवेश शर्मा, आलोक कुमार,कुश कुमार सिंह, नसीम अहमद, विनोद दीक्षित, सुमंत तिवारी,राम उपेन्द्र पाण्डेय, रवीन्द्र नाथ सिंह, सत्येन्द्र विश्वकर्मा, आलोक कुमार तिवारी, नन्दकिशोर कुमार, आनंद मोहन सिंह, मृत्युंजय कुमार,नीरज कुमार शाही, सतीश कुमार सिन्हा,सत्य विजय सिंह, चन्द्रशेखर शुक्ला, यासीन अंसारी,अभय द्विवेदी ,संजय कुमार सिंह, राजेश मिश्र, अमरेन्द्र नारायण, कमलेश कुमार दूबे, नीरज कुमार पाण्डेय सहित अनेक मास्टर ट्रेनरों ने मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण में टेंडर वोट, चैलेंज वोट, टेस्ट वोट, माकपोल, प्रपत्रों का संधारण,सील करने की विधि, मतदान संचालन, आपसी समन्वय, ईवीएम संचालन व चुनाव आचार संहिता का पालन सहित प्रत्येक विन्दुओं पर प्रशिक्षण दिया तथा मतदानकर्मियों के शंकाओं का समाधान किया गया। महिला मतदानकर्मियों ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में भाग लिया।.

चैनपुर में आकर्षक झांकियों की हुई प्रस्तुति

चैनपुर (उज्ज्वल दुनिया)। नगर निगम क्षेत्र के चैनपुर शाहपुर एवं चैनपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों मेंरामनवमी पूजा बडे ही हर्षो उल्लास एवं शांति वातावरण में संपन्न हो गया है। रामनवमी पर्व को लेकर शाहपुर महावीर नवयुवक दल जेनरल के नेतृत्व में तीन दिवसीय धार्मिक भक्ति जागरण एवं झांकी का कार्यक्रम नवमी के रात शिव विवाह, महाकाल भस्म आरती एवं राधा कृष्ण लीला सुदामा पर आधारित कार्यक्रम को दिखाया गया ।इधर जुलूस विवेकानंद चैक से निकलकर पूरे शाहपुर नगर भ्रमण करते हुए रात्रि 2रू00 बजे शाहपुर बाजार मोहल्ला स्थित महावीर मंदिर में पूजा पाठ के बाद झंडा धारीयो को तलवार देकर सम्मानित करते हुए कार्यक्रम समापन कराया गया ।इधर चैनपुर बाजार क्षेत्र में भी सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सम्मानित किया गया एवं झंडा जुलूस मिलकर बुधवार के रात्रि में समापन कार्यक्रम किया गया ।इधर रामनवमी पर्व को लेकर क्षेत्र के चांदो ,झरुवा,पनेरीबांध ,धावाताड, खोहरी,नरसिंहपुर पथरा ,माझीगांवा, नगवा, और पूर्वडीहा आदि क्षेत्रों में कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं एक दूसरे से झंडा मिलान कर रामनवमी पर्व का समापन कराया।

चैनपुर में धूमधाम से निकली श्रीराम की शोभायात्रा

चैनपुर (उज्ज्वल दुनिया)। रामनवमी पर्व पर महावीर नवयुवक दल जेनरल के द्वारा विवेकानंद चैक और चैनपुर बाजार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवयुवक दल जेनरल के शाहपुर अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल और चैनपुर में जनरल अध्यक्ष चंदेर्श्व प्रसाद चंदू ने किया। चैनपुर जनरल के द्वारा मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदस्यों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में हाजी मोहम्मद फारूक, सदर सलामुद्दीन खान, अब्दुल हरेरा, शमशाद अहमद, अत्ताउल्लाह खान, शमशेर लाडले खान, मुजाहिद खान, नौशाद आलम, जिब्राइल प्रमुख रुप से शामिल थे। चैनपुर में युवा केशौधन वैश्य समिति एवं महान क्लब के द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। सत्संगी चैक महावीर मंदिर कश्यप मोहल्ला से विशाल झांकी निकाली गई। इधर राज चैंपियन ग्रुप के द्वारा आकर्षक झांकी की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आलोक चैरसिया ने लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उनके बताए हुए रास्तों पर चलकर ही क्षेत्र, समाज और देश की उन्नति संभव है। इस दौरान सांसद वीडी राम को कार्यक्रम स्थल पर सम्मानित किया गया। मौके पर मौजूद पलामू लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां ने रामनवमी की शुभकामनाएं दी एवं मिलजुलकर हर्ष उल्लास के साथ रामनवमी मनाने का आग्रह किया। भाजपा नेता मनोज सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव भाईचारे के साथ तथा मिलजुल कर मनाने की जरूरत है। 500 साल बाद भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराज मान हुए हैं, यह दोहरी खुशी का पल है। नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह ने कहा कि हमें अपने संस्कार और संस्कृति को बचाते हुए भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाना चाहिए। नगर निगम के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने लोगों को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम का संचालन चैनपुर में नितिश कुमार और शाहपुर में सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने किया। मुख्य समारोह में बंदुआ, झरीवा, पनेरीबांध, धामाटांड, खोहरी, चैनपुर में गर्दा, निमिया, लादी, भडगांव, कंकारी, बहरवा, डुमरी समेत कई जगहों से झंडा लेकर लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। ग्रामीणों ने पारंपरिक हथियारों द्वारा खेल का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के द्वारा दौरान अतिथियों को पगडी बांधकर तथा तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए अखाडा के प्रमुखों को भी तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मेंद्र जायसवाल, धीरज जायसवाल, मनोज जयसवाल, लवलेश प्रजापति ।

रफ्तार का कहर, पांच की गयी जान

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। पलामू जिले में दो अलग-अलग सडक दुर्घटनाओं में पांच लोगों की जान चली गयी। सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा गांव के पास पांकी रोड पर ट्रैक्टर और ऑटो में जोरदार टक्कर हो गयी। इस हादसे में ऑटो सवार एक महिला और दो बच्ची की मौत हो गयी। महिला जुगनू बीवी (43 वर्ष) और दो बच्ची साहिबा (7 वर्ष) और सानिया (8 वर्ष) की एमएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। ऑटो सवार छह अन्य लोग भी घायल हो गए। घायलों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। मृतक के परिजनों द्वारा एमएमसीएच में हंगामा करने की भी सूचना है। उन्होंने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। मृतक के परिजनों के अनुसार, वे लोग चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर का रहने वाले हैं और पलामू चतरा सीमा पर मौजूद बरौरा शरीफ में एक धार्मिक समारोह में भाग लेने के लिए गए हुए थे। धार्मिक समारोह में भाग लेकर सभी बुधवार की शाम वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा में ऑटो दुर्घटना का शिकार हो गई। दूसरी घटना सतबरवा की है। रांची-मेदनी नगर मुख्य मार्ग 75 के पोंची गांव के पास बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो व्यक्ति की मौत हो गई। मौके पर पहुंची सतबरवा थाना पुलिस ने मृतकों के शव को को पोस्टमार्टम के लिए मेदनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि दोनों युवकों के शव यात्री बस में 25 मीटर से अधिक दूर तक घसीटते चले गए। मृत युवकों की पहचान पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के टेमराई निवासी बेने समद और महेश टोपनो के रूप में की गई है। घटना के बाद पुलिस ने यात्री बस को जब्त कर लिया है।

परिजनों के अनुसार बेने समद की शादी लोहरदगा में हुई थी। बुधवार की देर शाम वह अपनी पत्नी को लेने मोपेड से लोहरदगा जा रहा था। इस दौरान उसके साथ उसका दोस्त महेश टोपनो भी था। इसी क्रम में पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र के पोची में यात्री बस ने बेने और महेश टोपनो को रौंद दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद सतबरवा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को इलाज के लिए नवजीवन अस्पताल तुम्बागाडा में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया।

एक-नजर

2,94,618 रुपए साइबर अपराधियों द्वारा खाता से उड़ा ले गए

गढ़वा : गढ़वा जिला के चिनिया प्रखंड के झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक साइबर अपराधियों के द्वारा पांच ग्राहकों से एक सप्ताह से अधिक दिनों के अंदर खाते से पैसे उड़ाए गए हैं ग्राम हेताड कला निवासी चंदन कुमार साव के खाते से 26000 रुपए खुरी गांव निवासी अजय गुप्ता के खाते से 59000 चिनिया निवासी उमेश कुमार रवि के खाते से 94818 रुपए रानी चेरी गांव निवासी बबलू अंसारी के खाते से 109000 रू पाल्हे निवासी उमेश यादव के खाते से 5800 साइबर अपराधियों द्वारा उड़ा गए हैं इस मामले में मुक्त भोगियों ने चिनिया थाना तथा साइबर शाखा में भी इसकी लिखित सूचना दी है उधर बैंक में इस तरह से पैसे उड़ाए जाने से झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के खाताधारकों में हड़कंप है अन्यत्र बैंकों में ट्रांसफर करने की होड़ मची है की उधर खाताधारक का कहना है कि सेव मनी आदि की गोपनीयता बैंक से ही भंग हो सकती है उधर कई खाताधारको का कहना है कि इस बैंक में पैसा रखना बेकार है व्यक्ति किसी तरह मजदूरी कर एक-एक रुपए जमा करेगा और इस तरह अगर साइबर अपराधियों द्वारा बैंक से पैसे उडा लिए जाएंगे तो ग्राहकों का क्या हाल होगा वह कहां पैसा को सुरक्षित महसूस करेगा इस तरह के घटना से ग्रामीण बैंक से चिनिया के ग्राहकों के अंदर विश्वास उठने लगा है । झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक चिनिया के शाखा प्रबंधक शंभू शरण कुमार ने बताया कि बैंक से के खाते से पैसे उड़ाए जाने की कुछ लोगों द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है जिसकी सूचना आईटी डिपार्टमेंट को ईमेल के माध्यम से दे दी गई है तथा हम लोग आईटी डिपार्टमेंट से लगातार संपर्क में हैं बैंक का डाटा लिंक होना संभव है यह मोबाइल हैंक एवं डाटा चोरी के द्वारा यह घटना हो सकती है साइबर अपराधियों द्वारा फोन क्लोन बनाने या अनऑथराइज्ड ऐप डाउनलोड या अन्य लिंक तथा ओटीपी वगैरह देने से खाते से पैसे गायब हुए होंगे जिन व्यक्तियों का खाते से पैसे गायब हुए हैं उनके खाते को होल्ड किए गए हैं तथा जिसके खाते में पैसा ट्रांसफर हुआ है बैंक का डाटा बहुत ही स्ट्रांग होता है इसे इसका डेटा लीक होना असंभव है इस मामले में शाखा प्रबंधक ने लोगों से अपील किया कि अनावश्यक कॉल से बच्चे तथा बच्चों को मोबाइल ना दे तथा अनऑथराइज्ड ऐप को डाउनलोड ना करें किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी तथा अपने खाता संबंधी गोपनीयता। को भंग ना होने दे अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी रोहित कुमार से पूछे जाने पर बताया कि जांच कर कार्यवाही किया जाएगा।

वीडी राम और ममता भुइयां 24 को करेंगे नामांकन

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। पलामू लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार विष्णुदयाल राम 24 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं राष्ट्रीय जनता दल की उम्मीदवार ममता भुइयां भी 24 अप्रैल को ही अपना नामांकन करेंगी। दोनों उम्मीदवार नामांकन से पहले एक जनसभा करेंगे। दोनों ही उम्मीदवारों के नामांकन में पार्टी के वरीय नेता मौजूद रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी शिवाजी मैदान में एक जनसभा आयोजित करेगी, जिसमें पूर्व स?क एवं परिवहन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई शीर्ष नेता मौजूद रहेंगे। बीजेपी के मीडिया प्रभारी शिव कुमार मिश्रा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि शिवाजी मैदान में जनसभा के बाद नामांकन होगा। इस दौरान जनरल वीके सिंह और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद रहेंगे। 24 अप्रैल को ही राष्ट्रीय जनता दल हाउसिंग कॉलोनी के मैदान में एक जनसभा का आयोजन करेगा। इस जनसभा में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी, राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव समेत शीर्ष नेता मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने बताया कि जनसभा के बाद प्रत्याशी नामांकन के लिए जायेंगे। दरअसल, पलामू लोकसभा क्षेत्र में चैथे चरण में चुनाव है। चुनाव को लेकर गुरुवार को अधिसूचना जारी हो गयी है और नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। पलामू लोकसभा क्षेत्र में 22 लाख 23 हजार 222 मतदाता हैं। पलामू लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है।

किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

लातेहार (उज्ज्वल दुनिया)। सदर थाना क्षेत्र के हेठपोचरा पंचायत के सुकरी गांव में एक किशोरी (13 वर्षीय) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसकी पहचान जगदीश भुइयां की बेटी फूल कुमारी के रूप में हुई है। जगदीश भुइयां के अनुसार रामनवमी पूजा को लेकर फूल कुमारी को घर की साफ-सफाई करने के लिए कहा था, जिसकी वजह से वह नाराज हो गयी थी। रात को खाना बनाकर वह घर के अंदर सोने चली गयी। जबकि वे घर के बाहर खाट पर सोये थे। जब सुबह घर का दरवाजा खोला तो देखा कि फूल कुमारी ने फांसी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली है। फूल कुमारी के पिता ने तुरंत घटना की जानकारी आसपास के ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को सूचित किया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी पीके सिन्हा ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पायेगा।

पानी बाबा ने नगर आयुक्त को दिये पानी सप्लाइ में सुधार के सुझाव

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पानी बाबा के नाम से मशहूर परशुराम ओझा ने नगर आयुक्त को एक पत्र लिखकर चैनपुर प्रखंड के शाहपुर में पानी सप्लाई की व्यवस्था में सुधार के लिए सुझाव दिये हैं। उन्होंने कहा है कि पीएचइडी के द्वारा नेउरा में पानी सप्लाई के लिए शाहपुर में दो टंकियो का निर्माण किया गया है। इसके लिए कोयल नदी में नयी स्कीम के तहत नये कुएं का निर्माण कराया गया। इसके जरिये कुछ समय लोगों को पानी मिला लेकिन कुछ ही समय में कुएं में बालू भर गया और पानी सप्लाई अवरुद्ध हो गयी। श्री ओझा ने कहा कि रुक-रुक कर मोटर चलाना पडता है जिसके चलते पूरे एरिया को पानी नहीं मिल पाता है। बालू भरने के बाद निकालने की कोई व्यवस्था नहीं है और बालू निकाला भी जाता है तो तुरंत भर जाता है। इस तरह करोडों रुपये की स्कीम फेल हो गयी है। भाजपा नेता ने कहा कि नगर निगम के द्वारा कोयल नदी में बने पुराने कुएं को तोडकर बालू निकाला गया है। उन्होंने दावा किया कि नये कुएं से पुराना कुआं ज्यादा कामयाब है। इससे लोगों को पानी मिल सकता है। श्री ओझा ने यह भी कहा कि पहले पुराने कुएं से ही शाहपुर को पानी सप्लाई किया जाता था जिसमें मोटर भी लगा हुआ है। नयी स्कीम बनने के बाद पीएचइडी ने पुरानी स्कीम को बंद कर दिया जबकि नयी स्कीम से पुरानी स्कीम अच्छी थी।

बसपा नेताओं ने कई गांवों का किया दौरा

छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)। बहुजन समाज पार्टी की पलामू जिला कमिटी ने छत्तरपुर विधान सभा क्षेत्र के नौडीहा बाजार और छत्तरपुर प्रखंड के कई पंचायतों और गांवो का दौरा किया। पार्टी पदाधिकारियों ने अपने कार्यकर्ताओं से मिलकर सेक्टर और बूथ कमिटियों को सशक्त करने पर जोर दिया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने खैरादोहर में नाबालिक से दुष्कर्म मामले में पीडित परिवार से मिलकर उसे हिम्मत दिलाई तथा आरोपियों की कडी भर्त्सना करते हुए कठोर से कठोर सजा की वकालत की।

संपादकीय

अच्छी मॉनसून संकेत

आज भी भारत की सर्वाधिक आबादी मॉनसून में अच्छी या खराब बारिश से प्रभावित होती है,इस साल अच्छी मॉनसून से जुड़ी सुर्खियों से देश में व्यापक उत्साह उमड़ा है। यह खबर सामान्य से अधिक बारिश के आसार के साथ हमें एक नई उम्मीद की किरण दिखाती है। पिछले कुछ वर्षों में मॉनसून के दौरान आए गिरावटी बारिश ने कृषि, अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना पर बुरा असर डाला था। इस साल की भविष्यवाणी बहुत महत्वपूर्ण है, और हमें इसे सतर्कता से देखना चाहिए।

ला नीना के प्रभाव के संदर्भ में, इस साल के मॉनसून के लिए पहली बार मौसम विभाग ने ज्यादा बारिश की संभावना जताई है। यह एक प्रेरणादायक संकेत है, खासकर पिछले साल के अल नीनो के प्रभाव के बाद। ला नीना की स्थिति से हमें उम्मीद है कि अच्छी बारिश के संकेत हैं, जो हमारे कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

बारिश के संबंध में पूरे देश में सकारात्मक अनुमान हैं। यह समझना मुश्किल होता है कि कौन सा क्षेत्र कितनी बारिश प्राप्त करेगा, लेकिन यह अच्छा है कि अधिकांश इलाकों में अच्छी बारिश की उम्मीद है

बारिश के संबंध में पूरे देश में सकारात्मक अनुमान हैं। यह समझना मुश्किल होता है कि कौन सा क्षेत्र कितनी बारिश प्राप्त करेगा, लेकिन यह अच्छा है कि अधिकांश इलाकों में अच्छी बारिश की उम्मीद है।

खरीफ की फसलों पर बारिश का असर अत्यधिक होता है। खुश खबर यह है कि अच्छी बारिश से किसानों को बेहतर उत्पादन की उम्मीद है। इससे कृषि सेक्टर में वृद्धि की संभावनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे महंगाई और खाद्य मामलों पर भी असर पड़ सकता है।

इस सुधार के साथ, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। अच्छी बारिश से न केवल खेती में वृद्धि होगी, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को भी बढ़ा सकता है।इसलिए, अच्छी मॉनसून की संभावना न केवल कृषि सेक्टर के लिए बल्कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी एक अच्छी खबर है। हमें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए और सावधानी से काम करना चाहिए ताकि हम इस अच्छे समय को सदैव याद रख सकें।

मोदी जी का आत्म विश्वास,विपक्ष का आत्मघात,जनता है परास्त

विनोद तकियावाला

लोकतंत्र के चुनावी मेले में, चुनावी बान्ड का खेल तो हो गया है लैकिन लोक सभा के चुनाव में खिलाड़ी कौन जीतेगा कौन हारेगा यह अभी अतीत के गर्भ है।इसके 4 जुन का इंतजार हमे व आपको करना होगा।*

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत भारत की राजधानी में दिल्ली, दिलवालों की शहर दिल्ली इन दिनों सम्पूर्ण विश्व के लिए चर्चा व चिन्तन-मनन का केन्द्र बना हुआ। राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय राजनीतिक मनीषियों के मंथन-मैराथन में व्यस्त है। हो भी क्यूँ नही,दुनिया के सबसे बड़े प्रजातंत्र में आम चुनाव 2024 का महापर्व आ चुका है।भारतीय राजनीति के बदलते परिपेक्ष में घटती घटना क्रम में कई बाते छन-छन कर बाहर निकल कर आ रही है। चुनावी मौसम के मेले में चुनावी बान्ड का खेल क्या है।लोकतंत्र के इस महापर्व मे राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव में हिस्सा लेने व चुनावी खर्च के लिए अपने अपने श्रोतो से चंदा लेने की पुरानी प्रथा थी।जिसको लेकर समय के साथ नियम व तौर तरीके में बदलाव किये जाते रहे है।भारतीय राजनीति में परिवर्तन का दौर आया,केन्द्र में भाजपा व एन डी ए की सरकार बनी,भाजपा व उसकी सहयोगी दलों की बनी केन्द्र सरकार पर भरोसा जताया पुनः स- 2019 में भाजपा व एन डी ए की सरकार केन्द्र की सता पर प्रचंड बहुमत के साथआसीन हुई।इस बार कई परिवर्तन की ऐसी आँधीआई जिसमे कई संविधान संशोधन व कानून में आमूल चूल परिवर्तन किया गया।इसमें राजनीतिक दलों द्वारा चंदा लेने की प्रक्रिया में परिवर्तन किया।ताकि राजनीतिक दान देने वाले-चंदा लेने वाले राजनीतिक दलों के मध्य पारदर्शिता हो।लैकिन यर्थाथ की घरातल पर कुछ अलग ही देखने को मिला।जिसका लाभ राष्ट्रीय चुनावी चंदा लेने में भाजपा ने मारी बाजी, जिसने दिया चंदा उसको भरपूर धंधा मिला।

मेघा इंजीनियरिंग एंड इनफ़्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड को दिया गया था कश्मीर से लद्दाख तक की सुरंग बनाने का ठेका।

विपक्षी दलों के द्वारा इस संदर्भ में समय-समय पर आरोप लगाया। सन 2024 के लोकसभा का चुनावी वर्ष आ गया।चुनाव आयोग द्वारा लोक सभा चुनावों की घोषणा हो गई।उधर विपक्ष द्वारा चुनावी चंदे-चुनाव बाण्ड का मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंची।देश की सर्वोच्च न्यायलय द्वारा देश के सबसे बैक एस बी आई से वस्तुस्थिति जाननी चाही तो भारतीय स्टेट बैक द्वारा गोल मटोल जबाब दिया गया।इस पर सर्वोच्च न्यायलय द्वारा शक्त रुख अपनाते हुए आदेश दिया कि एस बी आई चुनाव आयोग को सारी जानकारी तय सीमा के अन्दर उपलब्ध करायें ताकि चुनाव आयोग इसेअपने आधिकारिक वेबसाइट पर चुनावी वाँन्ड का ब्योरा डाले,अन्तोगत्वा ऐसा हुआ - सारी जानकारी सार्वजिक कर द दी गई।इसके बाद ये अब साबित हो चुका है कि लोकतंत्र के चुनावी मेले में चुनावी बान्ड के खेल मे भाजपा को सबसे बडा दूसरे नम्बर पर चंदा देने वाली कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इनफ़्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड है।जिसे उसका इनाम उसे भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा भारत सरकार में सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट जोजिला टनल को बनाने के रूप में मिला है।चुनावआयोग ने जैसे ही चुनावी बॉन्ड से जुड़ा डेटा शेयर किया हर कोई इसके विश्लेषण में जुट गया है।विपक्षी खेमा के कान खड़े हो गए। आपको बता दें कि चुनावी चंदा पाने वालों में बीजेपी को सबसे ज्यादा 6,060 करोड़ रुपये मिले।इसके बाद तृणमूल कांग्रेस को 1,609.50 करोड़ और तीसरे नंबर कांग्रेस को1,421.9 करोड़ रुपये मिले।भारतीय निर्वाचन आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा डेटा जारी कर दिया है।वस्तु स्थिति स्पष्ट करने के लिए पिछले घटनाक्रम पर नजर डालते है । सर्व विदित रहे कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने12 मार्च को चुनाव आयोग से इलेक्टोरल बॉन्ड संबंधी डेटा उपलब्ध कराया था।चुनाव आयोग की ओर से डेटा जारी करने के बाद हर कोई ये जानना चाहता है कि किस पार्टी को सबसे ज्यादा चुनावी चंदा मिला,वहीं दूसरे और तीसरे नंबर पर कौन है।इस डेटा के मुताबिक, बीजेपी सबसे ज्यादा चुनावी चंदा हासिल करने वाली पार्टी बनी है।बीजेपी को 60 अरब से ज्यादा का चंदा मिला।हालांकि,दूसरे नंबर देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस नहीं है।अब आप ये जानना चाहते होंगे कि दूसरे नंबर पर कौन सी पार्टी है।बीजेपी चुनावी बॉन्ड पाने वाली सबसे बड़ी पार्टी है।उसे12अप्रैल, 2019 से 24 जनवरी,2024 तक 6,060 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।ये भुनाए गए कुल बॉन्ड का 47.5 फीसदी है।दूसरे नंबर पर ममता बनर्जी की पार्टी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस(ळटउ) रही।टीएमसी ने चुनावी चंदे के तहत1,609 करोड़ रुपये प्राप्त किए।उसके बाद कांग्रेस का नंबर रहा,जिसे1,421करोड़ रुपये मिले।इस लिस्ट में अगला नंबर भारत राष्ट्र समिति है।उन्हें 1214 करोड़ रुपये चुनावी बॉन्ड के तौर पर मिले।इसके बीजू जनता दल है,जिन्हें 775 करोड़ रुपये मिले।बीजेडी के बाद द्रविड़ मुनेत्र कड़गम(डीएमके) है,जिसे 639 करोड़ रुपये चुनावी चंदे में मिला।

भारतीय निर्वाचन आयोग(एउक) की ओर से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से साझा की गई डिटेल्स के बाद चुनावी बॉन्ड को लेकर यह डेटा जारी किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 15 मार्च तक भारतीय निवार्चन आयोग की वेबसाइट पर इसे सार्वजनिक करने का आदेश दिया था।एस बी आई ने अपने रिपोर्ट में बताया कि अप्रैल 2019 से फरवरी 2024 के बीच अलग-अलग राजनीतिक दलों की ओर से 22,217चुनावी बॉन्ड की खरीद और इस्तेमाल पर पूरा डेटा जारी किया है।इस जानकारी को दो हिस्सों में जारी किया गया है।पहले हिस्से में 336 पन्नों में उन कंपनियों के नाम हैं जिन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदा है और उसकी राशि की जानकारी भी दी गई है।जबकि दूसरे हिस्से में 426 पन्नों में राजनीतिक दलों के नाम हैं और उन्होंने कब कितनी राशि के इलेक्टोरल बॉन्ड कैश कराए उसकी विस्तृत जानकारी है।यह जानकारी 12 अप्रैल,2019 से11जनवरी, 2024 के बीच की है।

सर्व विदित रहे सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को 12 मार्च तक इलेक्टोरल बॉन्ड की खरीद से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था।अदालत ने चुनाव आयोग से इस जानकारी को15मार्च की शाम पांच बजे तक अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करने का भी निर्देश दिया था।जिसके अनुसार बीजेपी ने इस अवधि में कुल 60 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है।वहीं इस मामले में दूसरे नंबर पर तृणमूल कांग्रेस है,जिसने16 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को इनकैश किया है।वहीं सबसे ज्यादा इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली कंपनी फ़्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज है।इस कंपनी ने कुल 1368 बॉन्ड खरीदे,जिसकी क ीमत13.6अरब रुपये से अधिक रही।चुनाव आयोग की ओर से जारी चुनावी बॉन्ड इनकैश करवाने वालों की लिस्ट में बीजेपी पहले और ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस दूसरे नंबर पर है।इस मामले में तीसरे नंबर पर अध्यक्ष, अखिल भारतीय कांग्रेस समिति है जिसने14 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को इनकैश किया है।

क्या नोटा लोकतंत्र में नियंत्रण और संतुलन का काम कर सकता है?

नीरज कृष्ण

जनता द्वारा, जनता के लिये, जनता का शासन ही लोकतंत्र है अब्राहम लिंकन की यह प्रसिद्ध उक्ति लोकतंत्र की सबसे सरल और प्रचलित परिभाषा मानी जाती है

लोकतंत्र प्रतिनिधित्व और जवाबदेही की नींव पर पनपता है। चुनाव इस प्रणाली की आधारशिला के रूप में कार्य करते हैं, जो नागरिकों को ऐसे प्रतिनिधियों को चुनने के लिए सशक्त बनाते हैं जो उनकी आकांक्ष-ाओं और मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हैं। हालाँकि, चुनावी प्रणालियों में अंतर्निहित खामियाँ अक्सर मतदाताओं के बीच असंतोष का कारण बनती हैं।

जनता द्वारा, जनता के लिये, जनता का शासन ही लोकतंत्र है अब्राहम लिंकन की यह प्रसिद्ध उक्ति लोकतंत्र की सबसे सरल और प्रचलित परिभाषा मानी जाती है। गौरतलब है कि लोकतंत्र की इस व्यवस्था में मालिकाना हक तो जनता का ही है लेकिन जिस तरह से जनता के प्रतिनिधि चुने जाते हैं उसे लेकर असंतोष जाहिर किया जाता रहा है।

लोकतंत्र के महापर्व यानी चुनावों में यदि जनता को कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आता है और फिर भी वह यह समझकर मतदान करती है कि दो बुरे उम्मीदवारों में से जो कम बुरा है उसके पक्ष में मतदान किया जाए तो निश्चित ही यह लोकतंत्र के लिये शुभ संकेत नहीं है। क्या हमारी व्यवस्था ऐसा उम्मीदवार नहीं दे सकती जो जनता के हित और कल्याण के लिये प्रतिबद्ध हो, मान लिया जाए कि किन्हीं परिस्थितियों में कोई भी सुयोग्य उम्मीदवार नजर नहीं आता तो जनता क्या करे? इस सवाल को लेकर बहुत लंबे समय तक बहस चलती रही है।

मतदान की लंबी कतारों में खड़े होक-र अगर आप ये तय नहीं कर पा रहे कि इनमें से कोई भी उम्मीदवार आपकी नजर में सही है या नहीं, तो ये बेशक जनता के भीतर छिपे आक्रोश और निराशा का ही प्रतीक है। 2009 में चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट से नोटा का विकल्प उपलब्ध कराने संबंधी अपनी मंशा से अवगत कराया था।

लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के विशाल स्पेक्ट्रम में, उपरोक्त में से कोई नहीं (नोटा) का सिद्धांत एक अद्वितीय तंत्र के रूप में खड़ा है, जो मतदाताओं को उपलब्ध चुनावी विकल्पों के प्रति अपनी असहमति व्यक्त करने की अनुमति देता है। नोटा नागरिकों को चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों को अस्वीकार करने का अवसर प्रदान करता है, जो प्रचलित विकल्पों के प्रति उनके असंतोष का संकेत देता है। जबकि नोटा लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के सार का प्रतीक प्रतीत होता है, लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर एक जांच और संतुलन तंत्र के रूप में इसकी प्रभावकारिता की गहन जांच की आवश्यकता है।

नोटा का मकसद उन मतदाताओं को एक विकल्प उपलब्ध कराना है, जो किसी कैंडिडेट को वोट नहीं डालना चाहते। यह वास्तव में मतदाताओं के हाथ में चुनाव लड़ रहे कैंडिडेट का विरोध करने का एक हथियार है। आपको किसी राजनीतिक पार्टी का कोई उम्मीदवार पसंद न हो और आप उनमें से किसी को भी अपना वोट देना नहीं चाहते हैं तो फिर आप क्या करेंगे? निर्वाचन आयोग ने इसकी व्यवस्था की है। नोटा या नन ऑफ द अबवएक विकल्प के रूप में अधिकांश चुनावों में भारत के मतदाताओं को प्रदान किया गया है। नोटा के उपयोग के माध्यम से, कोई भी नागरिक चुनाव लड़ने वाले किसी भी उम्मीदवार को वोट नहीं देने का विकल्प चुन सकता है।

माना जाता है कि नोटा का सबसे पहले इस्तेमाल अमेरिका में हुआ। मतपत्रों में नोटा का प्रयोग पहली बार 1976 में अमेरिका के कैलीफोर्निया में इस्ला विस्टा म्युनिसिपल एडवाइजरी कौंसिल के चुनाव में हुआ।रूस में वर्ष 2006 में यह विकल्प मतदाताओं के लिये उपलब्ध था लेकिन बाद में उसे हटा दिया गया।

दुनिया के कई देशों में 50 प्रतिशत से ज्यादा मत पर ही जीत का प्रावधान है।ऐसे में अगर वहाँ 50 प्रतिशत से ज्यादा नोटा वोटों की संख्या हो जाती है तो चुनाव को रद्द कर फिर से चुनाव कराया जाता है ऐसे में नोटा का महत्त्व काफी बढ़ जाता है।

सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में जब नोटा (नन ऑफ द अबव) की व्यवस्था ईवीएम मशीनों में करने के आदेश चुनाव आयोग को दिए थे, तब शायद ही किसी को अनुमान रहा होगा कि यह व्यवस्था चुनावों को कितना प्रभावित करने वाली है। लेकिन उसके एक ही साल बाद लोकसभा चुनाव-2014 में करीब 60 लाख यानी 1.08 फीसदी मतदाताओं के इस विकल्प को अपनाने से इस व्यवस्था की अहमियत दिखाई दे गई थी।

देश में पिछले पांच साल में आम चुनाव और राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान करीब 1.29 करोड़ मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना। रिपोर्ट के मुताबिक, इस अवधि में राज्य विधानसभा चुनावों में नोटा के तहत औसतन 64,53,652 वोट डाले गए वहीं, लोकसभा चुनावों में बिहार की गोपालगंज सीट पर सबसे ज्यादा 51,660 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना। जबकि लक्षद्वीप लोकसभा सीट पर सबसे कम 100 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया। रिपोर्ट के मुताबिक, विधानसभा चुनावों के दौरान 2020 में दो राज्यों में सर्वाधिक 1.46 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना, जिसमें बिहार विधानसभा चुनाव में 7,06,252 जबकि दिल्ली में 43,108 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया।

नोटा की शुरूआत से पहले कई राजनीतिक दलों ने इसका यह कहकर विरोध किया था कि इसके आने से मतदाताओं में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होगी लेकिन कोर्ट ने इसे लोकतंत्र के लिये जरूरी बताकर इसे लागू करने का निर्देश दिया।

नोटा के आने के बाद इसे लेकर राजनीतिक दलों में कई बार चिंता और मनन की स्थिति भी दिखी मसलन 2013 से फरवरी 2017 के बीच हुए मतदान में कुल सीटों में से 261 विधानसभा और 24 लोकसभा सीटों पर नोटा वोट विजय मार्जिन से ज्यादा थे।

यही नहीं 2017 में हुए गुजरात विधानसभा चुनावों में भी कुल 21 सीटों पर सबसे ज्यादा वोट पाने वाले पहले दो प्रत्याशियों के बीच का अंतर नोटा वोटों से कम था यही वजह है कि राजनीतिक दलों में नोटा वोटों को लेकर अब संजीदगी और गंभीरता ज्यादा दिखती है।

कुछ लोग नोटा के मौजूदा स्वरूप से असंतुष्ट हैं उनका तर्क यह है कि इससे मतदाता को चुनाव में खड़े प्रत्याशियों को खारिज करने का हक नहीं मिलता।इस प्रक्रिया में भी पहले की तरह ही सबसे ज्यादा वोट पाने वाला प्रत्याशी विजयी घोषित हो जाता है यानी यह सिर्फ किसी को वोट नहीं देने का अधिकार है जिसका चुनाव परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ता ऐसे लोगों का तर्क है कि नोटा का यह अधिकार तभी कारगर सिद्ध हो सकता है जब आम लोगों को भी प्रत्याशियों को सिरे से खारिज करने का यानी राइट टू रिजेक्ट का हक मिल जाए।

नोटा वोटों की तादाद भले ही कम हो लेकिन इसे चुनावों में धनबल और बाहुबल के बढ़ते प्रभाव से त्रस्त आम मतदाता के आक्रोश की बानगी के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक दलों के मंसूबे और वादाखिलाफी के विरुद्ध कई नागरिक मंच और आंदोलनकारी आगामी चुनावों में नोटा का विकल्प चुनने की चुनौती भी देते रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने भी अपना फैसला देते हुए इस बात को ही ध्यान में रखा था कि जनता के पास यदि किसी को भी नहीं चुनने का अधिकार होगा तो राजनीतिक दल दागदार और खराब छवि वाले उम्मीदवारों को चुनावों में टिकट देने से बचेंगे। यह लोकतंत्र में साफ-सुथरे चुनाव हेतु एक बड़ा बदलाव भी माना जा रहा है।सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस आदेश में कहा था कि जिस तरह हर मतदाता को मत डालने का अधिकार है उसी तरह उसे किसी को भी वोट न देने का अधिकार है।

सर्वोच्च न्यायालय का मानना है कि नोटा को सिर्फ प्रत्यक्ष चुनावों में ही लागू किया जाना चाहिये। कोर्ट ने कहा कि यह विकल्प अप्रत्यक्ष चुनाव जहाँ औसत प्रतिनिधित्व की बात होती है, वहाँ लागू नहीं होगा इसके साथ ही, राज्यसभा चुनावों में नोटा लागू करने से एकमत के औसत मूल्यांकन की धारणा नष्ट होगी।

21 अगस्त, 2018 को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में जस्टिस ए.एम. खानविलकर तथा जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड की पीठ ने एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा था कि राज्यसभा चुनाव में नोटा का इस्तेमाल नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि नोटा डीफेक्शन को बढ़ावा देगा और इससे भ्रष्टाचार के लिये दरवाजे खुलेंगे।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नोटा चुनाव में सीधे मतदाताओं के इस्तेमाल के लिये बनाया गया है। नोटा की शुरूआत इसलिये की गई थी कि प्रत्यक्ष चुनावों में कोई व्यक्ति वोटर के तौर पर इस विकल्प का इस्तेमाल कर सके।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (एश्ट) में नोटा के विकल्प को अनिवार्य करने का आदेश दिया था और इसके बाद जनवरी 2014 में नोटा का प्रावधान रखने संबंधी अधिसूचना जारी की गई थी।सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस आदेश में कहा था कि जिस तर-ह हर मतदाता को मत डालने का अधिकार है उसी तरह उसे किसी को भी वोट न देने का अधिकार है।

नोटा चुनावों में पारदर्शिता और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में कार्य करता है। लोकतंत्र में वैधता शासितों की सहमति पर निर्भर करती है। जब मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा नोटा को चुनता है, तो यह चुनावी अखंडता के महत्व को रेखांकित करता है और उम्मीदवार के कदाचार या चुनावी धोखाधड़ी जैसे कदाचार के उदाहरणों को उजागर करता है।

नोटा की सफलता काफी हद तक मतदाता जागरूकता और भागीदारी पर निर्भर करती है। कई लोकतंत्रों में, मतदान प्रतिशत एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है, उदासीनता और मोहभंग नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने से रोकता है। जबकि नोटा असंतुष्ट मतदाताओं के लिए एक आउटलेट प्रदान करता है, परिवर्तन को प्रभावित करने की इसकी क्षमता असहमति के व्यापक उपकरण के रूप में इसे अपनाने पर निर्भर करती है।

दरअसल, नोटा अपनी पसंद के उम्मीदवार को चुनने या नहीं चुनने की आजादी देता है। भारत में मतदाताओं को नोटा का विकल्प मिलने से उन्हें अपने मत का इस्तेमाल करने का हक मिल गया है जो कि अपना पसंदीदा उम्मीदवार नहीं होने के कारण वोट डालने से वंचित रह जाते थे। देश में नोटा विकल्प दिये जाने के बाद से मतदाता इसका प्रयोग करते आ रहे हैं। जबकि नोटा लोकतांत्रिक असहमति की भावना का प्रतीक है और चुनावी प्रक्रियाओं में जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ावा देने की क्षमता रखता है, एक जांच और संतुलन तंत्र के रूप में इसकी प्रभावशीलता विभिन्न कारकों पर निर्भर है। इसकी पूर्ण क्षमता का एहसास करने के लिए, नोटा को ऐसे सुधारों के साथ जोड़ा जाना चाहिए जो इसके प्रभाव को बढ़ाते हैं, जैसे कि महत्वपूर्ण नोटा वोट शेयर की स्थिति में उम्मीदवारों के लिए पुनः चुनाव या परिणाम के प्रावधान। इसके अलावा, मतदाता जागरूकता बढ़ाने और सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के ठोस प्रयास यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं कि नोटा उदासीनता के प्रतीक के बजाय लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के लिए एक सार्थक उपकरण के रूप में कार्य करे।

अंततः, लोकतंत्र में नोटा की भूमिका केवल असंतोष के संकेत से लेकर ठोस चुनावी सुधारों और राजनीतिक परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में विकसित होने की इसकी क्षमता पर निर्भर करती है।

यदि लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा करनी है तो चुनाव सुधार पहला प्रयास होना चाहिये। दरअसल, जनता यदि अपने प्रतिनिधियों से असंतुष्ट है तो अगले चुनावों में उन्हें सबक सिखा सकती है। चुनाव 5 साल में एक बार आते हैं, अतः जनता के पास ह्यराइट टू रिकालह्ल के तहत उन्हें समय से पहले वापस बुलाने का भी अधिकार है, लेकिन समस्या यह है कि कई बार ऐसी परिस्थितियाँ बन जाती हैं जब जनता को लगता है कि सारे ही उम्मीदवार अयोग्य हैं, फिर भी किसी-न-किसी का जीतकर संसद या विधान भवन में पहुँच जाना निश्चित ही नोटा के मूल उद्देश्य के सापेक्ष नजर नहीं आता।

लोकतंत्र के यज्ञ की प्रथम आहुति से पहले.....

राकेश अचल

अठारहवीं लोकसभा के लिए 19 अप्रैल 2024 को मतदान का पहला चरण है । आप इसे डूबते,मरते,सिसकते लोकतंत्र के पुनर्जीवन के लिए होने जा रहे महामृत्युंजय यज्ञ की प्रथम आहुति भी कह सकते हैं। दरअसल ये शब्द इसलिए इस्तेमाल कर रहा हूँ ताकि घोर सनातनियों की समझ में भी ये बात आ जाये कि यज्ञ में आहुति आँखें बंद कर नहीं दी जाती,इसके लिए आँखें खोलकर रखना पड़तीं हैं। आँखें बंद कर किया जाने वाला कोई भी काम मनोरथ को पूरा नहीं करता।

पिछले 77 साल में ये दूसरा मौका है जब लोकसभा के चुनाव बेहद विषम परिस्थितियों में हो रहे हैं। 1977 में भी कमोवेश ऐसी ही स्थितियां थीं ,लेकिन आज जैसी गंभीर स्थितयां नहीं थीं। तब सत्ताधीशों के मन में तानाशाही का बीज अंकुरित हुया था । 2024 में ये वटवृक्ष बन गया है। अंकुरित बीज को जनता ने एक झटके में उखाड़ फेंका था लेकिन तानाशाही के वटवृक्ष को उखाड़ने में उसकी दो कोशिशें नाकाम हो चुकी हैं। ये तीसरा और शायद आखरी अवसर है जब जनता तानाशाही को निर्मूल कर लोकतंत्र को निर्जीव होने से बचा सकती है।

देश में जिन जगहों पर 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है, वहां चुनाव प्रचार बुधवार थम चुका है किन्तु भीतर ही भीतर मतदाता का अनमोल मत हड़पने की साजिशें जारी हैं। प्रथम चरण में देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर जनता तय करेगी की उसे तानाशाही चा-हए या लोकतंत्र। आजकल चुनाव में प्रचार थमता नहीं ह। प्रचार थमने की औपचारिकता होती ह। नेता देश कि किसी भी कोने में खड़े होकर भाषण दे सकते हैं और उसका असर उन क्षेत्रों में भी होता है जहाँ औपचारिक रूप से चुनाव प्रचार रोक दिया जाता है। केंचुआ अभी इस बीमारी का तोड़ नहीं खोज पाया है।

आप मानें या न मानें किन्तु अठारहवीं लोकसभा का चुनाव किसी समुद्र मंथन से कम नहीं है । सत्ता सुंदरी को हासिल करने के लिए एक तरफ तानाशाही और प्रतिक्रियावादी शक्तियां हैं और दूसरी और लोकतान्त्रिक और समतावादी शक्तियां। सत्ता हासिल करने के लिए सत्तारूढ़ दल की नजर इस बार उत्तर के मुकाबले दक्षिण पर ज्यादा है। दक्षिण भारत के तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 19 अप्रैल को मैदान है। भाजपा इस लोकसभा चुनाव में एनडीए के लिए 400 सीट और पार्टी के लिए 350 सीट जीतने के लिए संघर्षरत है । इसीलिए भाजपा ने दक्षिण के राज्यों में विशेषकर तमिलनाडु में एड़ी- चोटी का जोर लगा दिया है।

तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई खुद कोयंबटूर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।अन्नामलाई भाजपा के लिए कितनी मलाई ला पाएंगे ये ४ जून को पता चलेगा। पहले चरण के लिए होने वाले मतदान में केंद्रीय मंत्री एल मुरगन ,कांग्रेस के पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम के बेटे कीर्ति चिदंबरम,एआईएमआईएम के जेवियर दास ,तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल टी सौंदर्यराजन और यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे ए राजा का भविष्य तय होना है।

देश को सबसे ज्यादा संसद देने वाले उत्तर प्रदेश में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान जीत के लिए मैदान में हैं इस सीट पर समाजवादी पार्टी ने हरेंद्र मलिक तो बसपा ने दारा प्रजापति को चुनावी मैदान में उतारा है। नगीना सीट से भीम आर्मी चीफ और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद भी चुनावी मैदान में है। पूर्व के सबसे महत्वपूर्ण राज्य असम के डिब्रूगढ़ सीट से केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल चुनावी मैदान में है। इससे पहले इस सीट से केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री रामेश्वर तेली सांसद थे। उनका टिकट काटकर सोनोवाल को दिया गया है.

पांच साल पहले खंड-खंड किये गए जम्मू और कश्मीर की उधमपुर सीट से दो बार चुनाव जीतकर मोदी मंत्रिमंडल में जगह बनाने वाले सांसद जितेंद्र सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। राजस्थान की अलवर सीट से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।, बीकानेर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल के सामने कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल चुनावी मैदान में हैं। मन मारक-र राजनीति कर रहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी महाराष्ट्र की नागपुर सीट से हैट्रिक लगाने के चुनावी मैदान में है। 2014 और 2019 में उन्होंने दो लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज की थी साल 2019 में उन्होंने मौजूदा महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले को 2.16 लाख वोटों से हराया था। गडकरी भाजपा का उदार चेहरा हैं और प्रधानमंत्री मोदी जी के बाद सबसे जयादा लोग उन्हें पसंद करते हैं। वे पार्टी के राष्ट्रिय अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

देश के सुप्रीम कोर्ट को लगातार धमकाने वाले केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू अरुणाचल प्रदेश की अरुणाचल पश्चिमी सीट से मैदान में हैं। 2004 से सांसद बन रहे किरेन रिजिजू तीन बार इस सीट से चुनाव जीत चुके है। उनका मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नवाब तुकी से है। यानि आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल सहित 1625 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला पहले चरण के मतदान से होना है । यूपी की 8 और उत्तराखंड की सभी 5 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 39, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, उत्तराखंड की सभी पांच, अरुणाचल प्रदेश की दो, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की एक, असम की चार, मध्य प्रदेश की 6, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो, मिजोरम और त्रिपुरा की एक-एक और पश्चिम बंगाल की तीन सीटों पर मतदान होगा। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर, अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट पर भी मतदान होगा।

पहले चरण के लिए मतदान से पहले तमाम सत्ताप्रतिष्ठान के पिठ्ठू चैनल्स भांति-भाँतिके सर्वेक्षणों के जरिये मतदाताओं का ध्यान भंग करने का प्रयास करेंगे ,इसलिए जरूरी है कि मतदाता इन सबसे अपने निर्णय को प्रभावित न होने दे। मतदाता को तय करना होगा कि उसे पांच क्या दस साल में केंद्र की सत्ता से क्या मिला और क्या नहीं ? उसने क्या खोया और क्या पाया ? मतदाता को लोकतंत्र बचाना है या एक चेहरा ? देश का मतदाता प्रबुद्ध है। उसने तानाशाही की पहली कोशिश को भी नाकाम किया था। भविष्य में भी देश और दुनिया उससे यही उम्मीद करती है। मतदाता के मन में कौन है ये ब्रम्हा भी नहीं जान सकते। इति मित्थम।

एकनजर

बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की टीम जमशेदपुर रवाना

बोकारो : जिला बास्केटबॉल संघ की बालक की टीम 24वी झारखंड राज्य जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने जमशेदपुर रवाना ।इस प्रतियोगिता में 19 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले रहे है। यह प्रतियोगिता 19 से 21 अप्रैल तक जमशेदपुर के केरली पब्लिक स्कूल, कदमा में खेली जाएगी। जमशेदपुर बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 24वी झारखंड राज्य बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बोकारो जिला की 08 सदस्यों की टीम अपना कौशल दिखाएगी। बालक : श्रेयांस मिश्रा, आयुष ख़्वाश, प्रतीक केशरी, आरुष सिंहा, संजीत, आदित्या , हर्षित सुंदरम एवं प्रीतम प्रकाश। कोच- किंकर कृष्णा ,टीम के चयन में निखिल ओझा, बिनोद कुमार, हारून अंसारी ने अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के प्रकाश सिंह , अध्यक्ष मनीष सिंह, सचिव संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार, चयन समिति के अध्यक्ष निखिल ओझा, विजय कुमार मिंज, सुधीर कुमार, राम लखन मिस्त्री, मनोज दुबे, रण विजय ओझा, नीरज एवम अन्य सदस्यों ने ढेरों शुभकामनाएं दी.

श्री श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा नगर भ्रमण व भंडारा के साथ हुआ समापन्न

- टुंडी के बेहड़ा बादलपुर में चल रहे श्री श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा नगर भ्रमण व भंडारा के साथ हुआ समापन्न

टुंडी : टुंडी प्रखण्ड के बेहड़ा बादलपुर में चल रहे तीन दिवसीय श्री श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का नगर भ्रमण, प्रतिष्ठा, पूणार्हुति एवं प्रसाद वितरण भंडारा के साथ समापन्न हुआ । इस दौरान टुंडी विधानसभा भाजपा नेता विक्रम पाण्डेय, बघमारा विधायक प्रतिनिधि मनीष कुमार साव, आजसू नेता भास्कर ओझा, गिरीडीह लोकसभा के निवर्त्तमान सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी शामिल हुए तथा प्रसाद ग्रहण किए ओर उन्होंने कहा कि युवाओं को इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम करना चाहिए। ऐसे आयोजनों से बुराइयां दूर होती है। मानव में सामाजिक भावना बढ़ती है। इसके लिए आयोजक कमिटी को हर संभव मदद की जाएगी व समिति के सदस्यों को बधाई दिया । हनुमत प्राण प्रतिष्ठा आचार्य पंडित संजय पाण्डेय के देख रेख में किया जा रहा था । मौके पर अध्यक्ष सुरेश महतो, झगरु महतो, सचिव मनोज महतो, दिलीप महतो, कोषाध्यक्ष राजेश रजवार, लक्ष्मण महतो, रवि महतो, दामोदर महतो, हराधन महतो, संजीव महतो, पप्पू महतो, संतोष महतो आदि थे ।

पीडीएस दुकान में कार्ड धारियों को मतदाता संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया

टुंडी : टुंडी प्रखण्ड के लछुरायडीह पंचायत अंतर्गत महाराजगंज स्थित कृष्णा कुमार पाल का पीडीएस दुकान में कार्ड धारियों को गुरुवार को मतदाता संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में कार्ड धारकों के बीच स्वच्छ, निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान का शपथ लिया। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए टुंडी प्रखण्ड के विभिन्न पीडीएस दुकानो में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

टुंडी प्रखण्ड के मंझीलाडीह स्थित श्री श्री 108 हनुमान मंदिर में श्री रामनवमी महापर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया

टुंडी : टुंडी प्रखण्ड के मंझीलाडीह स्थित श्री श्री 108 हनुमान मंदिर में श्री रामनवमी महापर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम श्रीदुर्गा महाअष्टमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति हनुमान मंदिर के संस्थापक सह मुख्य यजमान श्री हरिहर प्रसाद लाला ने हनुमान मंदिर के पुजारी श्री सच्चिदानंद पांडे के द्वारा श्रीरामचरितमानस पाठ से पूजा प्रारंभ किया गया उसके बाद रात्रि में, 25 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में महा अष्टमी का भजन मंडली नारदियी हरि कीर्तन भगुडीह एवं मंझीलाडीह की टीम के द्वारा बहुत ही सुंदर प्रस्तुति की गई, जिसमें सभी दर्शक ने हरि कीर्तन का भरपूर लाभ उठाया और सभी दर्शकों का मन मोह लिया, बताते चलें कि हनुमान मंदिर के संस्थापक श्री हरिहर प्रसाद लाला के द्वारा 25 मार्च1998 को अपने सहयोगी श्री शैलेंद्र मिश्र देवानंद रजवार, प्रभु सिंह, लालजी सिंह एवं अन्य गणमान्य लोगों के साथ नीव रखी थी । आज श्री रामनवमी के मौके पर झांकी जुलूस निकला गया जिसमें मुख्य रूप से वरीय अधिवक्ता हेमंत कुमार सिन्हा, चंदन कुमार सिन्हा, जय कृष्ण शरण, प्रेम कृष्ण सिन्हा, रामदेव सिंह, अमित सिन्हा, तारा शरण, हेमलाल कुम्हार, बांके बिहारी केशव, साहिल, शुभम, प्रवीण सिन्हा, प्रीत सिन्हा, जयदित्य शरण, समृद्धि सिन्हा एवं समस्त मंझीलाडीह ग्राम वासी ने भाग लिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय रहे ।

110 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों का लाइसेंस हुआ रद्द

- बार - बार आदेश जारी करने के बाद भी शस्त्र जमा नहीं करने का मामला

बोकारो : बार - बार आदेश जारी करने के बाद भी शस्त्र जमा करने में लापरवाही बरतने वाले शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों पर जिला प्रशासन बोकारो ने बड़ी कार्रवाई की है। उपायुक्त सह शस्त्र दंडाधिकारी विजया जाधव ने गुरुवार को ऐसे कुल 110 शस्त्र दंडाधिकारियों के लाइसेंस को रद्द कर दिया है। यह कार्रवाई जिला स्क्रिनिंग कमेटी की अनुशंसा पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त सह शस्त्र दंडाधिकारी ने किया है। इस बाबत सभी संबंधित शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को जिला सामान्य शाखा से अलग - अलग आदेश पत्र जारी किया गया है। आदेश पत्र में उल्लेख है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं स्वच्छ बनाने हेतु कार्यालय ज्ञापांक-373/सा०, दिनांक-16/03/2024 एवं ज्ञापांक-392/ सा०, दिनांक-27/03/2024 द्वारा बोकारो जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपना शस्त्र संबंधित थाना/पुलिस केन्द्र, बोकारो या शस्त्र दुकान में जमा करने हेतु निदेश दिया गया था। दो बार आदेश के बावजूद भी शस्त्र जमा नहीं किया गया है। वहीं, इस पर कार्रवाई के लिए जिला स्क्रिनिंग कमेटी ने अनुशंसा की है।

रामनवमी जुलूस पर पथराव, तनाव, कई घायल

आठ व्यक्ति पर नामजद प्राथमिकी तो सैकड़ों सैकड़ों अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया

उज्जवल दुनिया

बोकारो : पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के जाला में गत देर शाम रामनवमी जुलूस पर पथराव करने वाले आठ व्यक्तियों पर नामजद तो सैकड़ो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि रामनवमी जुलूस रोकने को लेकर दो समुदाय के बीच तनाव उत्पन्न हो गया है। फिलहाल तनाव बरकरार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शाम जाला गांव में रामनवमी का जुलूस निकाला जा रहा था.श। इसी बीच एक समुदाय बिशेष द्वारा जुलूस को रोक दिया गया। जिससे दोनो समुदाय के बीच आपसी विवाद तथा दो समुदाय के बीच तनाव उत्पन्न हो गया। घटना की सूचना मिलते ही चास अनुमंडल पदाधिकारी, डीएसपी,पिंड्राजोरा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को तत्काल नियंत्रण मे कर लिया और किसी बड़ी घटना से क्षेत्र को बचा लिया। आपको बता दें जाला गाँव में पूल के समीप वाले बजरंगबली मंदिर से जुलूस शिव मंदिर तालाब किनारे तक आ रहा था। इसी क्रम में मस्जिद के समीप दुसरे समुदाय के द्वारा अचानक पथराव शुरू कर दिया। जिसमें जुलूस में सम्मिलित लोगों में भगदड़ मच गई।पथराव की घटना में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी अमृत टोप्नों , एक पुलिस कर्मी सहित लगभग आधे दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए है। प्रशासन द्वारा नियुक्त मजिस्ट्रेट कार्यपालिका अभियंता के सिर पर चोट लगा है। इसके बाद यहां का माहौल काबू से बाहर हो गया है। स्थानीय प्रशासन माहौल को काबू में करने की हर प्रकार की कोशिश कर रहा है। इधर पुलिस ने इस घटना में आठ व्यक्तियों को नाम जड़ किया है तो सैकड़ो लोगों पर प्राथमिक की दर्ज की गई है । मौके पर एसडीओ चास, एसडीपीओ चास, नगर आयुक्त चास, सीओ चास सहित भारी संख्या मे पुलिस कर्मी तैनात हैं.

द्वितीय शिक्षक संघ की बैठक में शामिल हुए अभिभावक

- बच्चों की बेहतर शिक्षा एकाडमी की प्राथमिकता होगी : जैकी अर्फीन

उज्जवल दुनिया

जैनामोड़ : तेतरीया डीह स्थित सैम्फोर्ड इंटर नेशनल अकादमी में द्वितीय अभिभावक-शिक्षक संघ की बैठक आयोजित किया गया । आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत एकाडमी के छात्र-छात्राओं ने बेहतर शिक्षा नीति पर गीत प्रस्तुत कर अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत नीलम तिवारी ने पुष्प गुच्छा देकर किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एकाडमी निदेशक जैकी अर्फीन ने कहा कि सैम्फोर्ड एकेडमिक में बच्चों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए बेहतर शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है । इसके प्राचार्य डॉ अरुण कुमार को सफल शिक्षा विभाग को दिया गया है । इनके नेतृत्व में सफल शिक्षा का सर्वांगीण विकास किया जायेगा । कक्षा 10 की छात्राओं ने शिवनंदना की सुंदर प्रस्तुति की। उप प्रधानाचार्या ने अपने भाषण द्वारा अभिभावकों का स्वागत करते हुए भरोसा दिलाया कि निर्भीक होकर अपने बच्चों को समय पर विधालय में भेजे ।, वे प्रत्येक बिंदु पर बच्चों की प्रतिभा का चहुमुखी विकास करेंगे और देश के उत्तम नागरिक बनाने का काम किया जायेगा । इस अवसर पर कक्षा तीन से पाँच तक के सभी अभिभावक उपस्थित थे। कक्षा तीन से पांच तक उन सभी विद्यार्थियों को जो 75% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन्हें निदेशक जैकी पुरस्कृत किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सीनियर शिक्षिका रश्मिसिहं, रिया मुखर्जी, नृत्य शिक्षिका सुबलक्ष्मी तथा संगीत शिक्षिका हर्ष कुमार ने अपना योगदान दिया.

धनबाद पहुंचने पर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा का महिला कांग्रेस ने किया जोरदार स्वागत

- पार्टी ने जो सम्मान दिया है उसे पूरा करना मेरी पहली प्राथमिकता

उज्जवल दुनिया

धनबाद:इंडिया गठबंधन से धनबाद संसदीय सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के धनबाद पहुंचने पर पार्टी की धनबाद नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष पूनम देवी सहित उनके समर्थकों ने गाजे बाजे के साथ पहुंचकर माला पहनकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की हर गरीब महिला को चाहे वह मजदूरी करें, खेती करें या छोटी नौकरी करें हर गरीब महिला को साल में एक लाख रुपए देने की राहुल गांधी द्वारा घोषणा की गई है। साथ ही साथ महिला सशक्तिकरण को भी मजबूत बनाने उन्होंने संकल्प लिया। अनुपमा सिंह ने कहा की टिकट देकर पार्टी ने उन्हें जो अवसर दिया है उसे पर वह शत प्रतिशत खरा उतरेगी। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र हमारे परिवार की कर्म भूमि रही है. यहां के एक-एक मजदूर कि मैं ऋणी हूं। समय आ गया है कि आपका आशीर्वाद से एक बार जनहित और महिलाहित में कुछ करके दिखाओ तथा महिलाओं का उनका अधिकार और हक दिलवा सकूं। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि केंद्र की मोदी सरकार की महंगाई सहित विभिन्न जनहित विरोधी नीति के खिलाफ वह हमें जिताकर सेवा का अवसर जरूर देंगे। कार्यक्रम को पूनम देवी रूबी खातुन सहित अन्य कांग्रेस महिला वक्ताओं ने बारी-बारी से संबोधित कर धनबाद संसदीय सीट से कांग्रेस को जीतने का संकल्प लिया।

संस्कार भारती, बोकारो द्वारा संकटमोचन हनुमान मंदिर में भजन संध्या आयोजित

- श्री रामचन्द्र कृपालु भजुमन हरण भवभय दारुणं...
- राम लखन सन पाहुन जिनकर सीता सनक जकर बेटी..

उज्जवल दुनिया

बोकारो : कला और साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई द्वारा रामनवमी के अवसर पर बुधवार की देर शाम सेक्टर 4 जी मोड़, धर्मस्थान स्थित नवनिर्मित संकटमोचन हनुमान मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्कार भारती, बोकारो जिला अध्यक्ष व गायक अमरजी सिन्हा ने श्रीरामचन्द्र कृपालु भजुमन..., जग में सुन्दर हैं दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम..., गायक व संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई के संगीत प्रमुख अरुण पाठक ने ह्यराम का गुणगान करिए... ह्य, ह्यतेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार..., :हे बजरंगबली हनुमान, हे महावीर करो कल्याण..., मैथिली गीत राम लखन सन पाहुन जिनकर सीता सनक जकर बेटी... व पूजा के हेतु शंकर आयल छी हम पुजारी..., गायिका रिया सिन्हा ने सजा दो घर को गुलशन सा..., तुम उठो सिया श्रृंगार करो, शिव धनुष राम ने तोड़ा है.... व अन्य भजनों की सुमधुर प्रस्तुति से वातावरण में भक्तिरस का संचार कर दिया। प्रारंभ में कार्यक्रम में कलाकारों का स्वागत करते हुए संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई के मंत्री स्वरूप शेखर पांडेय व सह मंत्री अर्चना चौधरी ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संगीत प्रमुख अरुण पाठक ने कहा कि भगवान श्री राम भारतीय संस्कृति के नायक हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मदिन रामनवमी पर संस्कार भारती द्वारा भजन संध्या का आयोजन प्रशंसनीय है। आगे भी ऐसे अवसरों पर भजन कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम का संचालन राजेश चौधरी ने किया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से श्रद्धालुओं के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया।भजन संध्या में संस्कार भारती झारखंड प्रदेश इकाई के सह चित्रकला प्रमुख सरोज कुमार मिश्रा, बोकारो जिला इकाई के संरक्षक संदीप तिवारी सहित अनुराग कुमार उर्फ भज्जु, मुन्ना जी, राजेश चौधरी, रीना सिन्हा, सौमित चौधरी आदि उपस्थित थे.

श्री श्री हनुमान मंदिर में दो दिवसीय हरिनाम संकीर्तन गुरुवार को पूणार्हुति,हवन और भंडारा के साथ संपन्न हुआ

उज्जवल दुनिया

एग्यारकुंड। जुनकुंदर सीएमडब्लूओ कॉलोनी स्थित श्री श्री हनुमान मंदिर में दो दिवसीय हरिनाम संकीर्तन गुरुवार को पूणार्हुति,हवन और भंडारा के साथ संपन्न हो गया। कीर्तन के दौरान शीतल राय चौधरी के नेतृत्व में राधा, कृष्ण और हनुमान की झांकी प्रस्तुत की गई। जो कीर्तन का आकर्षक का केंद्र था। मौके पर श्री श्री हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, सचिव सूर्यदेव सिंह, कोषाध्यक्ष सतीश पासवान, मुखिया रंजीत पासवान, पूर्व मुखिया अनिल राम, गिरिजा देवी, प्रह्लाद पासवान, नागेश्वर सिंह,अखिलेश सिंह, चंदन सिंह, धीरज सिंह, अनिल साव, सत्येन्द्र सिंह, मनोज कुमार, राजेश सिंह, सूराज यादव, उपेंद्र यादव, चंद्रदेव पासवान, शंकर साव, शिवलाल राम, ओमप्रकाश बनिया, विनोद कुमार, नागेश्वर रजक,सन्नी राउत, शशिकांत प्रसाद, रिंटू पाठक, चंद्रशेखर पासवान, लाऋतिक कुमार, चुन्नू सिंह, गिरिश कुमार, चंदन कुमार, हरजीत सिंह, धर्मेंद्र कुमार, स्वराज, अमन वर्मा, रवीन्द्र यादव, सोनू पासवान, रवीन्द्र सिंह, नवीन झा, बीरेंद्र पासवान, अजय राउत, रविश सिंह, राजेश राउत, विप्लव बाउरी, सूरज कुमार, रवीन्द्र गुप्ता, दीपक पासवान, अरुण मोदी, राजेश कहार, केशव कुमार, सुबी विश्वास, मदन पासवान, चंद्रदेव प्रसाद, इंद्रदेव पासवान, संतोष श्रीवास्तव, अनिल तुरी, रामू पासवान, उपेंद्र राम, सुनील तुरी, इम्तियाज अहमद,शौरभ सुमन आदि थे।

चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा आमसभा कर किया गया मतदाता को जागरूक

एग्यारकुंड । चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर विभिन्न वार्डों में लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसी अभियान के तहत गुरूवार को वार्ड संख्या 13 में आमसभा का आयोजन किया गया । आमसभा के माध्यम से नगर परिषद के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने उपस्थित महिला-पुरूष व युवा मतदाता को बतलाया कि वोट देना क्यों जरूरी है । उन्होंने लोगों से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील करते हुए मतदान करने के लिए मतदाता शपथ दिलाया गया । मौके पर निवर्तमान पार्षद इरफान अहमद खान,सुपरवाइजर अमर दास,ओंकारनाथ श्रीवास्तव,चिन्मय बनर्जी आदि थे ।

मतदान दिवस पर मेडिकल प्लान को लेकर डीईओ ने की बैठक

- अस्पतालों व एंबुलेंस की अपडेटेड सूची तैयार करने का दिया निर्देश
- स्वास्थ्य कर्मियों का फार्म 12 डी भर निर्वाचन को समर्पित करें
- निर्वाचन को लेकर अलर्ट मोड में रहेंगे सभी स्वास्थ्य संस्थान

उज्जवल दुनिया

बोकारो : समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने लोकसभा आम निर्वाचन के तहत मतदान दिवस 25 मई 2024 को लेकर मेडिकल प्लान को लेकर सभी प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारियों (एमओआइसी) एवं आयुष मित्रों के साथ बैठक की। मौके पर सिविल सर्जन डा. दिनेश कुमार,नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो,प्रभारी पदाधिकारी मीडिया कोषांग अविनाश कुमार समेत अन्य चिकित्सा पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मतदान दिवस को लेकर सभी प्रखंड चिकित्सका प्रभारी पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने को कहा। उन्होंने आगामी 25 मई मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रों पर मेडिकल टीम को सुनिश्चित करने के लिए तैयार मेडिकल प्लान पर चर्चा हुई। गर्मी को देखते हुए जरूरी दवाइयां/ओआरएस आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, स्वास्थ्य संस्थानों को भी अलर्ट मोड में रखने को लेकर सभी जरूरी तैयारी करने को कहा। उन्होंने सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों/उपलब्ध एंबुलेंस - अस्पताल प्रबंधन एवं एंबुलेंस चालकों आदि का मोबाइल नंबर के साथ अपडेट सूची तैयार कर निर्वाचन कोषांग को समर्पित करने को कहा। वहीं, जरूरी सेवाओं के तहत कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों एवं निर्वाचन दायित्वों को लेकर प्रतिनियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों का फार्म 12/12डी भरकर अविलंब पोस्टल कोषांग को समर्पित करने का निर्देश दिया। कहा कि कोई भी कर्मी अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने से वंचित नहीं रहें इसे सुनिश्चित करेंगे। वहीं,आयुष मित्रों को स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों,कार्यरत कर्मियों वैसे व्यक्ति जिसका किसी भी कारण से मतदाता सूची में अभी भी नाम दर्ज नहीं हो सका है।

उन्हें फार्म 06 भरने को लेकर जागरूक करने को कहा। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ोतरी के लक्ष्य में सभी की भागीदारी जरूरी है।

शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत के बंगला मध्य विद्यालय में जेएससीए के आजीवन सदस्य अभिजीत घोष ने पंखा प्रदान किया

एग्यारकुंड। स्वच्छ पंचायत शिक्षित पंचायत की दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत के बंगला मध्य विद्यालय में जेएससीए के आजीवन सदस्य अभिजीत घोष ने पंखा प्रदान किया।इस दौरान विद्यालय में मौजूद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तथा प्रधानाध्यापक किस्कू जी से बातचीत करते हुए कहा मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने कहा कि विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए जो भी सहयोग शिक्षकों द्वारा मांगा जाएगा विद्यालय को दिया जाएगा। पंचायत को स्वस्थ सुंदर और शिक्षित बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल के लिए एक टीम बनाई गई है। इस टीम में क्षेत्र के शिक्षित वर्ग को रखा गया है ताकि पंचायत की शैक्षणिक गुणवत्ता का स्तर बढ़ सके। पंचायत के सरकारी या गैर सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था हो इसके लिए एक टीम कार्य करती है। मौके पर प्रो डी सिंह, उप मुखिया प्रतिनिधि प्रभाकर कुमार, सीआरपी कालीचरण पंकज कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में सिंहदाहा के सामाजिक कार्यकर्ता रितिक कुमार ने जदयू की सदस्यता ली...

उज्जवल दुनिया

धनबाद कतरास श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान तोपचाँची प्रखंड अंतर्गत सिंहदाहा पंचायत निवासी सामाजिक कार्यकर्ता रितिक कुमार ने जदयू के सर्वमान्य नेता नितीश कुमार और खीरु महतो में आस्था व्यक्त करते हुए दीप नारायण सिंह की उपस्थित में जदयू पार्टी में शामिल हुआ। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले रितिक कुमार को सदस्यता रसीद दे कर पार्टी में शामिल किया और बधाई दी । इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता रितिक कुमार के जदयू पार्टी में शामिल होने से तोपचाँची प्रखंड में पार्टी मजबूत होगी।इस अवसर जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास,ज्ञानदीप दास,अमीत दास, प्रिंस कुमार,सुरज कुमार,आदि उपस्थित हुए।

सेल किरीबुरु लौह अयस्क उत्पादन लक्ष्य पूर्ति निरंतर प्रयासरत

गुवा । सेल की किरीबुरु मुख्य महाप्रबंधक कमलेश राय ने कार्यालय में साक्षात्कार देते हुए बताया कि सेल किरीबुरु 2024 - 25 में लौह अयस्क उत्पादन लक्ष्य 4 मिलियन टन वार्षिक लम्प एवं फायंस के साथ पूर्ति हेतु निरंतर प्रयासरत है ।

सेल किरीबुरु खदान की वार्षिक कैपेसिटी 5.5 मिलियन टन प्रति वर्ष है ।यहां से उत्पादित लौह अयस्क को सेल राउरकेला, बोकारो,दुगार्पुर एवं इस्को स्टील प्लांट वर्नपुर भेजा जाता है ।सेल किरीबुरु के बेहतर उत्पादन हेतु श्रमिकों के सामंजस्य के साथ निरंतर प्रयास जारी है । सेल किरीबुरु में 550 स्थाई एवं 696 अस्थाई सप्लाई कर्मी निरंतर उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहे है।

गिरिडीह में पहली बार किया महिला अखाड़ा का आयोजन

गिरिडीह – रामनवमी त्यौहार पर गिरिडीह में पहली बार महिला अखाड़ा का आयोजन किया गया। इस महिला अखाड़ा का नेतृत्व कर रही रास्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कुटुंब प्रबोधन की प्रान्त टोली सदस्य सह समाजसेवी श्रीमती पूनम बरनवाल ने बताया लड़कियाँ लड़को से कदम से कदम मिलाकर चल रही है और बच्चियाँ आत्मनिर्भर और आत्मसुरक्षा खुद कर सके इसे ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम की सुरुआत की गई। बताते चले कि समाजसेवी पूनम बरनवाल को काली बाड़ी चौक, मकतपुर चौक, धर्म संस्कृति रक्षा वाहिनी, रोटरी क्लब, बरनवाल सेवा समिति के द्वारा सम्मानित किया गया।टावर चौक से इस अखाड़ा की शुरुआत हुई। यह अखाड़ा टावर चौक से काली बाड़ी होते हुए बड़ा चौक प्रस्थान होने के पूर्व कालीबाड़ी में गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा महिला प्रकोष्ठ के द्वारा महिला अध्यक्ष सुचिता देवी के नेतृत्व में महिला अखाड़ा में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चीयों को तिलक ।

उपायुक्त के निर्देश पर कार्मिक/ वाहन सेल समेत अन्य द्वारा किए जा रहे कार्यों की हुई समीक्षा

अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें।

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

गिरिडीह : जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित गठित किए गए कार्मिक सेल/वाहन सेल/लॉजिस्टिक सेल/प्रशिक्षण सेल/ईवीएम वीवीपैट सेल/स्स्न सेल के कार्यों के अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने समीक्षा करते हुए सभी कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही कलस्टर, मतदान केन्द्रवार मूलभत सुविधाएं (स्स्न), मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट/मैप, वाहनों की उपलब्धता, कम्युनिकेशन प्लान, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। उन्हें बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी किए गए मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग से जारी सभी दिशा निर्देशों के अनुपालन का निर्देश दिया। सभी कोषांग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें ताकि किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। इस दौरान सभी को बताया गया कि लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराना हमारी जिम्मेवारी है। रजिस्टर संधारण को लेकर निर्देश दिए।

इस दौरान उप विकास आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, आईएएस प्रशिक्षु, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

शिवेश भगत ने लोकसभा चुनाव में किसे और क्यों दे वोट, विषय पर विचार व्यक्त किया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

डुमरी– लोकसभा चुनाव में किसे और क्यों दे वोट,इस महत्वपूर्ण विषय पर अपना विचार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता शिवेश भगत उर्फ नाजू भगत ने कहा कि भारत देश में लोकसभा के लिए सात चरणों में चुनाव संपन्न होगा व 4 जून को वोटो की गिनती होगी और देश को नया जनादेश मिलेगा।अब यह जनादेश जनता को देना है। किसे और क्यों वोट दे जनता,यह एक गंभीर सवाल है, क्या जाति धर्म और भाषा में बंटकर मतदाता मतदान करें। एनडीए सरकार के विरुद्ध विपक्षी गठबंधन का मुखिया कौन होगा जो देश के प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवारी कर सके, विपक्षी गठबंधनों का भी चुनाव प्रचार चल रहा है किसे और क्यों वोट दे हम। भारत को विश्व मानस पटल पर पांचवें स्थान पर लाया हो या फिर वैसे लोगों को जो अपनी सीट सुरक्षित करने के लिए पुराने सीटों से चुनाव ना लड़कर सुरक्षित स्थान को तलाश रहे हैं।मतदान बहुत सोच समझकर करना है वरना राष्ट्र को पांच वर्षों तक पछताना पड़ेगा। अब यह जनादेश जनता को देना है। किसे और क्यों वोट दे जनता,यह एक गंभीर सवाल है, क्या जाति धर्म और भाषा में बंटकर मतदाता मतदान करें।वोट दो धारी तलवार है ऊससे रक्षा की जा सकती है या फिर अपना गर्दन भी काटा जा सकता है।मुर्गा,दारू या चंद रुपये में अपने बहुमूल्य मत (वोट) का सौदा करने वाले लोगों को गहनता से सही-गलत का विचार करना होगा तभी हमसब एक स्वच्छ सांसद व स्वच्छ सरकार बना सकते हैं।.

प्रतिनियुक्त सेक्टर ऑफिसर्स एवं माइक्रोआब्जर्वर को प्रशिक्षित करने हेतु जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित

गिरिडीह : लोकसभा आमचुनाव एवं 31-गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव 2024 में प्रतिनियुक्त सेक्टर ऑफिसर्स एवं माइक्रोआब्जर्वर को प्रशिक्षित करने हेतु जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण डी.पी.आर.सी. भवन गिरिडीह में दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेक्टर ऑफिसर्स की भूमिका एवं दायित्व, माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका एवं दायित्व पर चर्चा की गयी।

बीएनएस स्कूल में बनाए गए प्रशिक्षण केन्द्र पर 19.04.2024 को निर्धारित एक पाली में लगभग 276 सेक्टर ऑफिसर्स, 276 सेक्टर पुलिस ऑफिसर्स एवं 100 माइक्रोआब्जर्वर को मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का क्त्रक्र कोड की सहायता से आकलन किया जायेगा। जिसके आधार पर आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जायेगी। प्रशिक्षण केन्द्र पर कराये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जायेगा। जिसकी राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला नियंत्रण कक्ष के द्वारा सतत् निगरानी किया जायेगा। कार्यक्रम में अरविन्द कुमार राय, बी0पी0ओ0, रविन्द्र कुमार, सी0आर0पी0, मनोज राय, प्रणय कु0 मिश्रा, सलीम अंसारी, श्रवण लाल, नबीन कुमार, ब्रजेश गुप्ता, विजयेन्द्र सेठ, राम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व एवं संचालन नोडल पदाधिकारी-सह-एल0 आर0 डी0 सी0 डुमरी, मो0 वसीम अहमद, प्रभारी पदाधिकारी-सह-जिला शिक्षा पदाधिकारी, ।

आचार्य विश्वरत्न सागरजी शुरीश्वर जी महाराज साहब आदि ससंध के निश्रा मे श्री क्षेत्रपाल पूजन किया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मधुबन(गिरिडीह) जैन श्वेताम्बर सोसायटी मे महातीर्थ के रक्षक अधिष्ठायक देव पीछले 400 वर्ष पूर्व प्राचीन श्री भोमिया जी महाराज मंदिर के ध्वजदंड-कलश आदि का अलौकिक प्रतिष्ठा महोत्सव निमित गुरूवार को गुरू नवरत्न कृपा प्राप्त सर्वधर्म दिवाकर परम पूज्य आचार्य विश्वरत्न सागरजी शुरीश्वर जी महाराज साहब आदि ससंध के निश्रा मे श्री क्षेत्रपाल पूजन किया गया।वही देर शाम को भोमिया जी मंदिर के प्रागंण मे प्रभु भक्ति विश्वात गायक एवम संगीतकार श्रीकुमार चटर्जी मुम्बई एवम अन्य प्रदेशों से आए भजन मंडलीओ के द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया।वही कल शुक्रवार को आचार्य श्री की निश्रा मे श्री नवग्रह पाटला पूजन श्रीचंद कनककुमारी बोथरा परिवार कोलकाता, एवम श्री दस दिक्पाल पाटला पूजन कोलकाता निवासी गुलाबकुमारी,विजया,श्रेया बोथरा परिवार की ओर से किया जाएगा।एवम श्री अष्टमंगल पाटला पूजन कोलकाता निवासी विकास, नेहा,शोर्य अरोडा परिवार की ओर से तथा श्री अठारह अभिषेक पूजन राजस्थान निवासी अनचीबाई नेमिचंद लुनिया परिवार खंडवा की ओर से किया जाएगा।वही प्रातःकाल का नवकारसी नेपाल व छत्तीसग? निवासी निखिल कुमार डागा परिवार की रखा गया है।वही देर शाम को प्रभु भक्ति सुविख्यात गायक इन्दौर निवासी लवेशजी हिमांशु जी बुर की ओर से प्रस्तुत किया जाएगा।गौरतलब हो की कार्यक्रम की तैयारियां पूरे भब्यातिभब्य तरीकों से किया गया है।यात्रियों की ठहरने की सम्पूर्ण तैयारियां किया जा चुका है।यात्रियों को ठहरने के लिए पूरे मधुबन के तमाम संस्थाओं का सभी अत्याधुनिक सुविधा युक्त कमरे बुक किया जा चुका है।संस्था के महाप्रबंधक दीपक बैगानी ने बताया की महोत्सव मे पूरे देश विदेश से करीब दस हजार श्रद्धालुओं की आने की सुचना प्राप्त हो चुका है।बाहर से आने वाले यात्रियों की सेवा के लिए संस्था के सभी कर्मचारियों के अलावे मधयप्रदेश, छत्तीसगढ, मुम्बई, कोलकाता आदि जगहों से भी सैकडों मजदूरों को बुलाकर व्यवस्था किया गया है।.

झारखंड की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर एवं पर्यटन पर सेमिनार का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

डुमरी– पारसनाथ महाविद्यालय के सभागार में गुरूवार को भूगोल विभाग की ओर से झारखंड की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर एवं पर्यटन पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।संगोष्ठी पर अपने विचार को व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के भूगोल विषय के एच ओ.डी बिनोद कुमार अकेला ने कहा कि झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता व झारखंड में कई ऐसी सांस्कृतिक धरोहर,पर्यटन स्थल जिन्हें संरक्षण की आवश्यकता है क्योंकि पर्यटन के लिहाज से भी यह अहम है।उन्होंने संगोष्ठी के विषय के कारणों और ध्यान रखने वाली बातों पर विस्तृत रूप से चर्चा एवं परिचर्चा किया।इस दौरान दिव्या रानी,यशवंत कुमार सिन्हा,डॉ शशिभूषण, रजनी कुमारी,प्रियंका कुमारी,संगीता कुमारी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया।सेमिनार में भूगोल के विद्यार्थियों में खुशबू कुमारी,अजय रविदास,संजू,राखी कुमारी,लक्ष्मी कुमारी,सेजल कुमारी आदि ने भी अपने अपने विचार रखें।.

पारसनाथ पर्वत के जंगल में लगे आग को बुझाने मे सफलता मिला

मधुबन(गिरिडीह) झारखंड व बिहार प्रदेश के बड़ा एवं उच्ची पर्वत व जैनियों के विश्व प्रसिद्ध महातीर्थ पारसनाथ पर्वत मे पीछले दो दिनो से ही अवैध व अज्ञात वस पर्वत के विभिन्न क्षेत्रों मे आग लगा देने से धु-धु कर सैकडों छोटे-बडे पेड-पौधे व सैकडों जंगली-जीव--जन्तू जलकर नष्ट हो रहा है ।ततपश्चात वन्य विभाग के कर्मियों ने बुझाने मे सफलता पाया। विभाग के कर्मी अशोक कुमार ने बताया की दो दिन पूर्व पारसनाथ पर्वत के गहूमबेडा, फुलीबागन, सतखटिया में लगा आग लगने की सुचना प्राप्त हुआ था।सुचना के आधार पर टीम के सदस्यों को भेजकर आग पर काबु पाने का प्यास किया। दूसरे दिन आग बुझाने मे सफलता मिला। वही टीम पर्वत के खरगी ग्राम क्षेत्रों मे टीम भेजकर आग बुझाने का प्यास जारी है।.

चिरुवाँ में रामनवमी धूमधाम से मनाया गया

गिरिडीह : सरिया अनुमंडल क्षेत्र सरिया प्रखंड स्थिथ ग्राम पंचायत चिरुवाँ में हिन्दुओं का प्रमुख त्योहार रामनवमी बुधवार को पूरे प्रखंड में आस्था के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर कई जगहों पर भगवा ध्वजा लहराया गया तो वहीं भक्ति गीत से पूरा इलाका गुंजायमान रहा। मान्यताओं के अनुसार असुरों के राजा रावण को संहार करने के लिए भगवान विष्णु ने त्रेता युग में भगवान राम के रूप में सांतवा अवतार लिया था. चैत्र मास की नवमीं को अयोध्या के राजा दशरथ की पहली पत??नी कौशल्या ने भगवान राम को जन्म दिया था. मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म दिवस को रामनवमी के रूप में मनाने की परंपरा है. रामनवमी के अवसर पर पंचायत के कई अखाड़ा कमिटयों की आरे से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जुलूस में दोनों समुदाय के लोग भाई चारे के साथ पूरे जोशो खरोश के साथ देखा गया। इस मौके पर शोभा यात्रा कि अगवाही कर रहे हैं। ग्राम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जनाब रफीक अंसारी पंचायत समिति लाल मोहम्मद उप मुखिया जियाउल हक वा पूजा कमेटि के गणमयन ,केशो मिश्रा प्रसादी ठाकुर तुलसी शर्मा परसिहन साव सुखदेव साव, राजेंद्र सिंह,रवि सिंह,मनोज सिंघ,चंदन शर्मा, मौलाना मुख्तार, मास्टर गुलाम रहबर,अहमद अंसारी, अ जब्बार अब्दुल रहमान, जहीर अंसारी, शहादत अंसारी, इस पावन पर्व में राम भक्त महिलाओ को हर साल की भाती इस बार भी डीलर जनाब सुलेमान अंसारी ने डब्बा बंद ठंडे पानी के साथ लस्सी और मिठाइयां बाटतें हुए नजर आया।

एक-नजर

बढती गर्मी का प्रकोप, सुख गए कुएँ और चापाकल, खेत में गढा खोदकर प्यास बुझाने को मजबूर ग्रामीण

चंदन भारती : गर्मी के बढते प्रकोप के साथ ही कई इलाकों में पेयजल की समस्या गहराने लगी है। कई कुएँ सुख चुके हैं तो कई चापाकलों ने भी पानी उगलना बंद कर दिया है। यही हाल गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड का भी है। प्रखंड के मनसाडीह पंचायत के हडहडा गांव के लोग इन दिनों पेयजल की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं। गांव में स्थित कुएँ पूरी तरह सुख चुके हैं वहीं चापाकल ने भी जल उगलना बंद कर दिया है। तकरीबन 200 की आबादी वाला यह गांव खेत में एक गड्ढा खोदकर अपनी प्यास बुझा रहा है। गाँवों में कई ऐसे स्थान होते हैं जहाँ जलस्तर काडी ऊपर ही होता है।

लिहाजा यहां के लोगों ने धान के खेत में 4 - 5 फिट का एक गड्ढा खोदा जिसमें थोडा बहुत पानी जमा हो जाता है। हालांकि पानी की गुणवात्ता देखने मात्र से ही पता चलता है लेकिन मजबूरी में इन्हे यही प्रदूषित पानी पीना पढता है। पानी लेने के लिए इस गड्ढे के पास सुबह और शाम ग्रामीणों की भारी भीड लगी रहती है। ग्रामीण कलावती देवी ने बताया कि उनके गांव में तीन कुएँ और एक चापाकल है लेकिन वे पूरी तरह सुख चूके हैं। कोई अन्य विकल्प नहीं होने के कारण मजबूरन खेत में गड्ढा खोदकर पानी पीना पड़ रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस पर कोई पहल नहीं की।उन्होंने कहा कि नल जल योजना के तहत जलमीनार खड़ा कर दिया गया है लेकिन पेयजलआपूर्ति बहाल नहीं की गई है। इतना ही नहीं गांव तक आने के लिए सडक भी नहीं है, बरसात के दिनों में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। नंदन कुमार ने बताया कि बीते एक माह से इस गाँव के लोग इसी गड्ढे का पानी पी रहे हैं। उनके गांव में सड़क की भी सुविधा नहीं है।

दो माह पूर्व लगा है जलमीनार अभी तक एक घर में भी पेयजलआपूर्ति बहाल नहीं

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नल जल योजना के तहत लगभग दो माह पूर्व ही एक जलमीनार बनाया गया है लेकिन अभी तक एक भी घर में कनेक्शन नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि इतने बड़े क्षेत्रफल में केवल एक ही जलमीनार बनाया गया है, इससे प्रत्येक घर तक जलापूर्ति करना सम्भव नहीं है। वहीं उक्त जलमीनार में कई दिनों से पानी का रिसाव हो रहा है। रोजाना भारी मात्रा में पानी की बर्बादी हो रही है। वहीं इस संबंध में संवेदक आशुतोष यादव ने बताया कि उक्त जलमीनार का कुछ लोग निजी रूप से लाभ रहे थे। साथ ही जलमीनार में लगा चाबी भी टूट चूका था जिसके कारण पानी का रिसाव हो रहा था। उन्होंने कहा कि पानी का लीकेज बंद करवा दिया गया है, जल्द ही हर घर तक पानी पहुंचा दिया जायेगा।...

सड़क हादसे में एक युवती की मौत, एक युवक गंभीर घायल

बेंगाबाद : बेंगाबाद थाना क्षेत्र के चुपुवाडीह में सड़क हादसे में एक युवती की मौत हो गई।वही एक युवक गंभीर रूप से घायल है। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहीं मृतक के शव को भी पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में रखा गया है।बताया गया कि देवघर से दोस्त का जन्मदिन मनाने के लिए ये दोनों मोटरसाईकिल से गिरिडीह के हुट्टी बाजार आ रहें थे , दोनों देवघर के रहने वाले हैं। युवक की पहचान युवराज सिंह और युवती की पहचान तृप्ति भाग्य के रूप में हुई है। घटना गुरुवार की है बताया जाता है कि बेंगाबाद मधुपुर मुख्य मार्ग स्थित मुंडहरी के समीप अज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से स्कूटी में बैठे युवक युवती को जोरदार टक्कर मारा जिससे युवतीको की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की सहयोग से बेंगाबाद पुलिस को जानकारी दी गई हालांकि इस मौके पर स्थानीय मुखिया शमीम ने एंबुलेंस मंगा कर दोनों जख्मी युवक युवती को सदर अस्पताल गिरिडीह भेजा जहां डॉक्टरों ने युवती को मृत्यु घोषित कर दी। वहीं युवक की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे सदर अस्पताल से रेफर कर दिया गया है इधर इस मामले में बेंगाबाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतक के परिजनों ने गिरिडीह नगर थाना को आवेदन देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा है कि मौके से फरार बोलेरो का पता लगाया जा रहा है आवेदन प्राप्त के साथ ही विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।..

रामनवमी पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक मॉनिटरिंग किया

गिरिडीह अमित सहाय : गिरिडीह जिले में रामनवमी पर्व सकुशल संपन्न हुआ। सभी के सहयोग व बेहतर समन्वय से जिले भर में धूम धाम से रामनवमी पर्व मनाया गया। जुलूस को लेकर मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने के पानी की सुविधा, बैरिकेटिंग, दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, एंबुलेंस की उपलब्धता समेत अन्य सारी व्यवस्थाएं जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित कराई गई थी, जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन की टीम लगातार सक्रिय दिखें। शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने को लेकर जिला प्रशासन ने सभी शांति समितियों का आभार व्यक्त किया। रामनवमी पर्व को सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने हर रूट का निरीक्षण कर सारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक स्वयं सारी व्यवस्थाओं को मॉनिटरिंग कर रहे थे, ताकि सुरक्षित माहौल में रामनवमी पर्व को संपन्न कराया जा सकें। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने रामनवमी पर्व को लेकर शुभकामनाएं दी और शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व संपन्न कराने की अपील की। इस दौरान उपायुक्त महोदय, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, आईएएस प्रशिक्षु, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गिरिडीह, प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बेंगाबाद के स्कूल भवनों का भ्रमण कर आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया।

गिरिडीह : लोकसभा आम चुनाव, 2024 के दृष्टिगत चुनाव में ड्यूटी के लिए गिरिडीह आनेवाले सीऐपीएफ बलों के आवासन (रहने) की उचित व्यवस्था को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने बेंगाबाद के प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय, छोटकी खरगडीहा, झूपो देवी इंटर कॉलेज,बेलाटाड़, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेहाबांक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बदवारा व अन्य स्कूल/भवनों का भ्रमण कर आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया।

साथ ही इंटरमिडिएट स्ट्रॉन्ग रूम पंचायत सचिवालय गोलगो का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

इस दौरान उन्होंने आवासन वाले स्थानों में स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल, बिजली, मोबाइल चार्जिंग की व्यवस्था, गर्मी के मद्देनजर पंखा सहित अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बाईक सवार युवक ने राहगीर को मारी टक्कर, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

साहिबगंजः जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के रिफ्यूजी कॉलोनी में गुरुवार को बाईक सवार युवक ने एसडीओ कोठी निवासी एक व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल कर दिया। उधर घायल व्यक्ति को परिजनों की मदद से बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। उधर घटना को लेकर घायल व्यक्ति ने बताया कि वो रिफ्यूजी कॉलोनी होकर पैदल अपने घर एसडीओ कोठी जा रहे थे तभी बाईक सवार युवक को एक सांड दौड़ा रहा था जिससे बचने के लिए बाईक सवार युवक भाग रहा था। इसी दौरान बाईक सवार युवक ने उन्हें टक्कर मारकर घायल कर दिया। वही घायल व्यक्ति की पहचान सुबोध प्रसाद सिंह पिता स्व. श्याम प्रसाद सिंह के रूप में हुई है।

एनएसयूआई ने परीक्षा नियंत्रक को प्रपत्र भरने की तिथि बढाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

बरहरवाः गुरुवार को बरहरवा बीएसके कॉलेज एनएसयूआई महासचिव सोयेब अख्तर के नेतृत्व में एसकेएमयू विश्वविद्यालय दुमका के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें यूजी सेमेस्टर 1 एनईपी (2022-26) परीक्षा प्रपत्र भरने की निर्धारित तिथि को बढ़ाने की मांग रखी गई। ज्ञात हो कि पिछली यूजी सेमेस्टर 1 (2022-26) की परीक्षा फल को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्र स्वयं असमंजस में थे की कौन से छात्र फेल या प्रमोटेड हुए हैं और कौन से छात्र संशोधन प्रक्रिया के तहत दोबारा पास हो गए हैं। इस कारण बहुत सारे विद्यार्थी अपनी परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाए हैं और बिलंब शुल्क रहित के साथ गुरुवार को अंतिम तिथि थी। उधर छात्रों के हित को देखते हुए उन्हें बिलंब शुल्क रहित परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि को कुछ दिन तक बढ़ाया जाए इसी मामले को लेकर एनएसयूआई ने परीक्षा प्रपत्र की तिथि को विस्तारित करने की मांग की है। इस मौके पर अफजल शेख, रूपेश पंडित, रमजान शेख आदि मौजूद थे।

दो किशोर बच्चे की पोखर में डूबने से हुई मौत

- आनन फानन में दोनों बच्चो को लाया गया सीएचसी, जांच में जुटी पुलिस
- परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही बरतने का लगाया आरोप

बोरियोः अंचल क्षेत्र के बड़ा रक्सो पंचायत के दुड़वा गांव में बुधवार के दोपहर में गांव के पोखर में दो किशोर बच्चे डूब गए। वही दोनों बच्चों को आनन फानन में सीएचसी बोरियो लाया गया। उधर ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. बिनोद कुमार ने दोनों किशोरी बच्चों मृत घोषित कर दिया गया। उधर मृत अवस्था में लाए गए दोनों बच्चों के पिता परिजन सांझला हेंब्रम ने बताया कि दोपहर में पोखर में डूब गई। वही बोरियो अस्पताल सीएचसी लाने के समय एक भी डॉ. मौजूद नहीं थे जहां काफी समय इंतजार के बाद चिकित्सक अस्पताल पहुंचे। उधर परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही बरतने का लगाया आरोप लगाया है। इसको लेकर दोनों बच्चों के परिजनों ने बताया कि इस घटना में उनका 6 साल का पुत्र व 8 साल की पुत्री की मौत हो गई है। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो झामुमो नेता स्टीफन मुर्मू, अंचल अधिकारी विजय हेमराज खलखो, प्रशिक्षु डीएसपी रूपक लाल, एसआई पंकज कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी पहुंचकर मामले की जानकारी लेते हुए नजर आए।

कामूगोडा गांव में पानी की किल्लत से तरस रहे गांव के लोग

बोरियोः प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जेटके कुम्हार जोरी पंचायत के कामूगोडा गांव के लोगों को गर्मी का मौसम शुरू होते ही पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस गांव में पहाड़िया आदिम जनजाति के लोग निवास करते हैं। जबकि गांव में टंकी बनाया गया है लेकिन जो बोरिंग किया गया था उसमें से पानी भी निकला था, लेकिन बोरिंग करने के बाद बोरिंग का पाइप जमीन के लेवल में छोड़ दिया गया था और बोरिंग की जगह को सही तरह से नहीं ढका गया था जिसके कारण बारिश के दिनों में पानी बहकर के मिट्टी पत्थर में घुस गया और पाइप जाम हो गया जिसके करण उस बोरिंग में मोटर नहीं डाला गया और उसी का नतीजा है की गांव वालों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। वही जिस समय बोरिंग किया गया था अगर उस समय बोरिंग का पाइप को सही तरीका से ढका गया होता तो आज उसी पानी को गांव के लोग पी करके सही तरीका से अपना जीवन यापन कर सकते थे। जहां एक लापरवाही के कारण आज गांव वालों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। उधर गांव के ग्रामीणों का कहना है अंचल अधिकारी या फिर पीएचडी जल विभाग के आला अधिकारी या तो इस बोरिंग को सही किया जाए या फिर हम गांव वालों के लिए पीने का पानी उपलब्ध कराया जाए ताकि हम गांव वालों को पानी के लिए तरसना ना पड़े।

मिर्जाचौकी में धूमधाम से निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा

मंडरोः मिर्जाचौकी बाजार में गुरुवार को खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। इस निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। यह शोभा यात्रा निशान की पूजा करके विश्व के कल्याण की कामना के साथ मिजाचौकी हाट परिसर से निकाली गई। इस दौरान सभी श्रद्धालुजन अबीर, गुलाल उड़ाते हुए भक्ति गीत गाते हुए बाबा का जयकारा लगाते रहे जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। वही कई स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा की। जहां खाटू श्याम प्रभु की झांकी आकर्षण का केन्द्र बनी रही। उधर श्याम मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था व प्रभु खाटू श्याम का अद्भुत श्रृंगार किया गया था। मिजाचौकी हाट परिसर में शुक्रवार से दो दिवसीय खाटू श्याम महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हजारों श्याम भक्त शामिल होकर कार्यक्रम का आनंद उठाएंगे।

उपरबंधा में आज प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली जाएगी कलश यात्रा

मंडरोः प्रखंड के सीमावर्ती उपरबंधा गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर में प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार सुबह भव्य कलश यात्रा निकालने को लेकर पूरी तैयारी कमेटी की तरफ से कर ली गई है। बताते चले की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

डस्ट लदे ओवरलोड ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बच्ची की हुई मौत, दो घायल

उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोटालपोखरः- थाना क्षेत्र में ओवरलोड ट्रैक्टर को पकड़ने के बावजूद रात दिन क्षेत्र के विभिन्न जगहों से होकर बड़े ही आसानी से परिचालन करता हुआ देखा जा रहा है। जहां स्थानीय प्रशासन द्वारा अंकुश नहीं लगाने की कीमत गुरुवार को एक बच्ची को अपनी जान गवा कर देनी पड़ी। उक्त घटना लगभग 9 बजे सुबह की बताई जा रही है। उधर यह घटना कोटालपोखर थाना क्षेत्र के पलाशबोना गांव के समीप बरहरवा पाकुड़ मुख्य सड़क पर घटी है। मिली जानकारी के अनुसार कोटालपोखर थाना क्षेत्र के सिउलीडंगा गांव के मुशर्रफ शेख अपनी मां और बच्ची को लेकर इलाज के लिए बरहरवा की ओर जा रहे थे तभी पलाशबोना गांव पार कर भंगा पुल के आगे मोटरसाइकिल चालक को पीछे से तेज गति से आ रहे डस्ट लदे ओवरलोड ट्रैक्टर जेएच 16 एच 4723 ने पीछे से ठोकर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही लगभग 7 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। उधर मुशर्रफ शेख व उसकी मां इस सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। वही घटना की सूचना परिजनों को मिलने के साथ ही घर में मातम छा गया। वही घटनास्थल पर रहे ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोटालपोखर थाना की पुलिस को दी। इसको लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैक्टर से हुई टक्कर के बाद मौके का फायदा उठाकर ड्राइवर भाग निकला। वह सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घटनास्थल पर जुटी भीड़ को नियंत्रित किया। उधर घटना के बाद ग्रामीणों में पुलिस और अवैध ओवरलोडिंग ट्रैक्टरों के प्रति आक्रोश देखने को मिल रहा है। वही घटनास्थल पर बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जमुदा, बरहरवा इंस्पेक्टर सुधीर कुमार पोद्दार, कोटालपोखर थाना प्रभारी ओम प्रकाश चौहान, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, पलाशबोना पंचायत के मुखिया मो. आलमगीर, मो. हेदा श्रीकुंड पंचायत के मुखिया काबिल अहमद, अब्दुल कादिर, मो. जब्बार शेख समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

बाइक एवं ऑटो के आमने सामने की भिड़ंत में तीन जख्मी किया रेफर

- पंचायत समिति नासिर ने पुलिस के मदद से घायलों को भेजा अस्पताल

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवाः बुधवार की रात करीब 8 बजे के आसपास बरहरवा थाना क्षेत्र में राहुल चिमनी ईट भट्ठा के पास आटो एवं बाइक के साथ आमने सामने हुई टक्कर में एक बच्चा समेत तीन व्यक्ति बुरी तरह से जख्मी हो गया है। उधर तीनों घायल व्यक्ति को बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बाहर रेफर कर दिया गया है। वही घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सवारी से लदे ऑटो बरहरवा थाना क्षेत्र की ओर जा रहा था जबकि बाइक सवार राधानगर की ओर अपने घर जा रहा था जहां दोनों विपरीत दिशा में चल रहा था। इसी क्रम में रात के अंधेरा होने के कारण दोनों आपस में टकरा गया इस घटना में ऑटो में सवार संतोष राय नाम का एक पैसेंजर तथा ऑटो चालक मुख्तार शेख गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि बाइक के सामने बैठा हुआ आनंद प्रमाणिक उम्र 7 वर्ष पिता पोलस प्रमाणिक ग्राम राधानगर को पैर में गंभीर चोटे आई हैं जिसे उपचार के लिए भागलपुर ले जाया गया है। बताया जाता है कि आटो चालक मुख्तार शेख पिता अब्दुल सत्तार शेख साकिन राजनगर थाना कालियाचक मालदा जिला (पश्चिम बंगाल)का रहने वाला है जबकि संतोष राय पिता बैद्यनाथ राय भी मालदा जिला के बलियाडंगा गांव का रहने वाला है। उधर स्थानीय लोगों ने बताया कि जब यह दुर्घटना घटित हुई तो उस समय वहां पर कोई नहीं था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने कालू पंचायत के पंचायत समिति सदस्य नासीरुद्दीन शेख नासिर को दिया। उधर सूचना पाकर नासिर ने स्थानीय ग्रामीणों को साथ लेकर सभी घायलों को बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया जहां से उसे उपचार कराकर अपने अपने घर भेज दिया। वही घटना की सूचना बरहरवा थाना को दे दी गई है तथा दुर्घटनाग्रस्त बाइक एवं ऑटो को पंचायत समिति सदस्य नासिर शेख के घर पर सिरासिन में जमा कर दिया गया है। उधर सूचना पाकर बरहरवा थाना के एसआई सुदामा सिंह सहित अन्य पुलिस जवान मामले की छानबीन में जुट गई है।

सदर अस्पताल परिसर में मासिक दिव्यांग मेडिकल बोर्ड शिविर में 84 मरीजों की हुई जांच

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल परिसर में गुरुवार को सिविल सर्जन के निर्देश पर मासिक दिव्यांगता मेडिकल बोर्ड शिविर का आयोजन करते हुए दूरदराज के इलाकों से आए हुए 84 अलग अलग मरीजों की जांच पड़ताल उपस्थित चिकित्सकों के द्वारा की गई। इस जांच शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सचिन कुमार, डॉ. केशव कृष्णा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शहबाज हुसैन, पाकुड़ सदर अस्पताल के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सत्यप्रकाश एवं मनोचिकित्सक डॉ. अनिमेष नोवेल कुजूर ने सभी मरीजों की बारी बारी से जांच की। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मी मौजूद थे।

सदर अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन हुआ खत्म, मरीज बाहर से खरीद रहे इंजेक्शन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः जिले में इन दिनों कुत्तों के काटने से रोज कई लोग घायल हो रहे हैं जहां इन मरीजों को जिला मुख्यालय के सरकारी सदर अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन निशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। वही गुरुवार को कुत्ते के काटने से घायल कई परिवार के लोग सुई दिलवाने के लिए सदर अस्पताल पहुंचे हुए थे जहां उन्हें बताया गया कि फिलहाल सदर अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन खत्म हो गया है जिसके कारण मरीज के परिजन बाहर अन्य दवा दुकानों से ऊंचे दामों पर सुई खरीदकर इंजेक्शन दिलवाने के लिए विवश हो रहे हैं। इसको लेकर जब पूछा गया तो कहा गया कि एंटी रेबीज वैक्सीन को मांगने के लिए पत्र लिखा गया है बहुत जल्द यह वैक्सीन सदर अस्पताल में मुहैया करा दी जाएगी। हालांकि थर्ड स्टेज में काटे गए कुत्तों के लिए एंटी रेबीज सीरम सदर अस्पताल में उपलब्ध है जो गंभीर रूप से घायल या मल्टी स्टेज के मरीजों को दिया जाता है।

आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हिरणपुर(पाकुड़): रामनवमी के अवसर पर बुधवार देर शाम बजरंगबली मंदिर कमेटी द्वारा सरकारी मवेशी हाट प्रांगण में आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कमिटी द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में संथाली नृत्य नागड़े एनेच, दसाई दोन आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिरली, तोड़ाई, धनबाद, बिराजपुर, तुड़कोई आदि गांवों के टीम ने भाग लिया था। जिसमे जिरली टीम प्रथम, धनबाद को द्वितीय व बड़ा केंदुवा को तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को जबरदहा पंचायत के मुखिया राखी हांसदा, पूर्व शिक्षक मुकुल महतो, कमिटी सदस्य श्याम सुन्दर भगत के हाथों पुरस्कृत किया गया। वही अन्य टीम को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजेश हेम्ब्रम, बिपिन यादव,चंदन दत्ता आदि उपस्थित थे। बताते चले कि रामनवमी को लेकर मवेशी हाट प्रांगण में मेला का भी आयोजन किया गया है। जहाँ कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन होते आ रहा है।

घर में आग लगने से मोटरसाइकिल सहित काफी मात्रा में अनाज जलकर हुआ राख

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हिरणपुर(पाकुड़): बुधवार की रात साँवलापुर गाँव मे हुई आगलगी से नायकी टुडू के घर मे रहे बाइक सहित काफी मात्रा में अनाज जलकर राख हो गया। गर्मी के कारण पीड़ित व्यक्ति अपने परिवार के साथ अपने खपरैल के घर के बाहर आंगन में सोया हुआ था कि रात 12 बजे अचानक घर मे आग लग गई। आग काफी तेजी से फैलने लगा। इस बीच ग्रामीणों ने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया। करीब दो घण्टे के बाद आग को काबू में लाया जा सका। पर आग लगी से घर पूरी तरह नष्ट हो गया। वही घर मे रहे एक बाइक, एक साइकिल, ड्रम में भरा हुआ करीब चार क्विंटल चावल, तीन क्विंटल प्याज, धान चार क्विंटल, नगद राशि 1100 रुपये सहित कपड़ा लता व अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग फैलने की डर से निकटवर्ती घरों के लोग भी अपने अपने घरों के सामानों को भी घर के बाहर सुरक्षित जगह में रख दिया था। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि आग लगने की कोई पता नही चल पाया है। इस आगलगी से काफी क्षति हुई है। उधर इस सम्बंध में बीडीओ टुडू दिलीप से सम्पर्क करने पर बताया कि पीड़ित परिवार को अंचल कार्यालय में आवेदन देना होगा। विभाग द्वारा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

सुविधा एप पर कैंडिडेट आवेदन कर प्राप्त कर सकते हैं परमिशन

- सुविधा कैंडिडेट एप पर कैंडिडेट लॉगिन कर चुनाव संबंधी अनुमति के लिए कर सकते हैं आवेदन
- उक्त एप पर नॉमिनेशन में दिया हुआ रजिस्टर मोबाइल नंबर से ही हो सकता हैं लॉगिन
- रैली ग्राउंड से लेकर प्रचार वैन और पोस्टर बैनर के लिए अनुमति आवेदन किया जा सकता है

उज्जवल दुनिया संवाददाता

पाकुड़ः भारत निर्वाचन आयोग भी पूरी तरह से हाई टेक मोड में है। दर्जनों एप के माध्यम से चुनाव को हाई टेक बनाने की कोशिश की जा रही है। इसी कड़ी में इस बार फिर से अपडेटेड सुविधा एप लांच किया गया है। जिस पर कैंडिडेट अनुमति संबंधित चीजों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस बार के लोकसभा आम चुनावों के लिए निर्वाचन आयोग ने कई मोबाइल एप व पोर्टल लॉन्च किए हैं, जिससे चुनाव प्रक्रिया से संबंधित गतिविधियों के क्रियान्वयन में आयोग के साथ - साथ राजनीतिक पार्टियों व उम्मीदवारों को सुविधा हो रही है।

इसी कड़ी में आयोग द्वारा लॉन्च किए गए सुविधा पोर्टल ँ३३स्र२://२४५ँ. ॢ्ङ्ग५ल्ल के माध्यम से चुनाव प्रचार गतिविधियों के लिए ऑनलाइन अनुमति प्राप्त की जा सकती है। सुविधा पोर्टल एक तकनीकी समाधान है, जो स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों के लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कायम रखते हुए सभी को समान अवसर सुनिश्चित करता है। *इस सुविधा पोर्टल के माध्यम से चुनाव अवधि के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से अनुमति और सुविधाओं के अनुरोध प्राप्त करने तथा उन पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित* किया गया है।

पारदर्शी रूप से करता है एप काम

चुनाव अभियान अवधि के दौरान जब पार्टियां और उम्मीदवार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए गतिविधियों में व्यस्त होते हैं, तो उस दौरान *यह सुविधा पोर्टल पहले आओ - पहले पाओ के सिद्धांत पर पारदर्शी रूप से विविध श्रेणी के तहत अनुमति अनुरोधों पर कार्रवाई* करता है। इस पोर्टल पर *रैलियों के आयोजन, अस्थायी पार्टी कार्यालय खोलने, घर - घर जाकर प्रचार करने, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर वाहन परमिट प्राप्त करने व पर्चे बांटने सहित विभिन्न गतिविधियों की अनुमति प्राप्त* की जा सकती है।

क्या है सुविधा पोर्टल

सुविधा पोर्टल के माध्यम से राजनीतिक दल और उम्मीदवार कहीं से भी,किसी भी समय ऑनलाइन अनुमति अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, सभी हितधारकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए ऑफलाइन सबमिशन विकल्प भी उपलब्ध है। पोर्टल में एक एप भी है जो आवेदकों को वास्तविक समय में अपने अनुरोधों की स्थिति को ट्रैक करने में सक्षम बनाता है। जिससे प्रक्रिया में और अधिक सुविधा और पारदर्शिता आती है। इसके अलावा, पोर्टल पर उपलब्ध अनुमति डेटा चुनाव व्यय की जांच करने के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में कार्य करता है, जो चुनावी प्रक्रिया में अधिक जवाबदेह बनाती है।

रजिस्टर मोबाइल नंबर से एप पर हो सकता है लॉगिन

एप पर लॉगिन के लिए आपको अपने नॉमिनेशन में दिए गए रजिस्टर मोबाइल देना होगा। इसी रजिस्टर मोबाइल नंबर से ही लॉगिन हो सकता है। रजिस्टर मोबाइल नंबर से लॉगिन करने के बाद कैंडिडेट से जुड़े सारे डिटेल्स ऑटोमैटिकली आ जायेगी। इसके बाद कैंडिडेट किसी भी प्रकार के अनुमति के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिसमें प्रचार वाहन से लेकर रैली ग्राउंड के अनुमति तक का मामला शमिल हो सकता है।

आज निकलेगा भव्य शोभा यात्रा सह अखाड़ा

- सुबह 9:00 से अखाड़ा संपन्न होने तक बाजार में रहेगा नो एंट्री

हिरणपुर(पाकुड़): रामनवमी के अवसर पर हिरणपुर मवेशी हाट स्थिति बजरंगबली मंदिर कमेटी के द्वारा आज निकल जाएगा भव्य शोभा यात्रा सह अखाड़ा, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद लगाई जा रही है।

बजरंगबली कमेटी के द्वारा बनाया गया शोभा यात्रा रूट चार्ट मैं शोभा यात्रा गेट नंबर एक से होते हुए सुभाष चौक से पेट्रोल पंप से टर्न लेकर नामोपाडा. होते हुए धोबी पाड़ा से लक्ष्मी मंदिर होते हुए रविंद्र चौक से हाई स्कूल मोड़ से वापस सुभाष चौक से गेट नंबर 1 में प्रवेश करते हुए मंदिर प्रांगण मवेशी हाट पहुंचेगी। उक्त शोभा यात्रा अखाड़ा को लेकर जहां बजरंगबली मंदिर कमेटी काफी उत्साह से तैयारी कर चुकी है।

नवरात्र के शुभ अवसर पर चैती दुर्गा पूजा समिती बरहेट ने आयोजित किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहेट संवाददाताः बीते रात्रि चैती दुर्गा पूजा समिती बरहेट ने रामनवमी पर्व के अवसर पर बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। वही गुप्ता टोला स्थित चैती दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की आराधना पूरे धूमधाम के साथ की गई एवं संध्या को कार्यक्रम का शुभारंभ चैती दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष रितेश गुप्ता ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उधर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों द्वारा गीत, संगीत, नृत्य आदि की प्रस्तुति दी गई। वही कार्यक्रम में क्षेत्रीय पत्रकारों को पूजा समिती के सदस्यों द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उधर मंच का संचालन चिल्ड्रेंस एकेडमी के प्राचार्य दुलाल पंडित ने किया। इस मौके पर चैती दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्य सोनू कुमार, प्रिंस गुप्ता, विशेश्वर यादव, अंकीत गुप्ता, रवि गुप्ता, मनोज गुप्ता, रितिक मंडल, दिलीप यादव, गोलू साह, श्याम अग्रहरी, मुकेश गुप्ता, सीताराम गुप्ता, मनोज गुप्ता, राकेश मण्डल, राज गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, तुषार भगत, सुमन गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे। उधर देर रात्रि तक स्थानीय लोगों ने आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

रामनवमी विसर्जन को लेकर उपायुक्त व एसपी के नेतृत्व में निकाली गई फ्लैग मार्च

साहिबगंजः रामनवमी विसर्जन को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के नेतृत्व में गुरुवार को शहर के विभिन्न इलाकों में भारी संख्या में पुलिस जवानों को साथ लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। जहां प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी समेत पुलिस बल के जवानों ने नगर थाना चौक से लेकर एलसी रोड, रसूलपुर दहला एवं स्टेशन चौक से होते हुए बिजली घाट की ओर फ्लैग मार्च किया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सभी संवेदनशील स्थान का जायजा लिया जा रहा है। वही रामनवमी पर्व पर शुक्रवार को शहर में निकलने वाले विसर्जन जुलूस के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए जिले के विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो इसके लिए साहिबगंज पुलिस मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही है। वही असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। जहां विधि व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कानूनी कारवाई की जाएगी। वही जिले के पुलिस बल द्वारा रामनवमी पर्व के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रखने हेतु सभी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा एवं ड्रोन के माध्यम से पैनी नजर रखी जाएगी। इस फ्लैग मार्च के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अंगारनाथ स्वर्णकार, सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, एसएसबी के जवान, नगर थाना प्रभारी समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल थे।

पुलिस ने लौटाए खोए हुए मोबाइल फोन

- खोए मोबाइल वापस मिले तो लौट आई चेहरे की मुस्कान

राजमहल संवाददाताः थाना क्षेत्र अंतर्गत नया बस्ती के रहने वाले मो. हुसैन पिता सम्मन शेख ने अपने मोबाइल फोन गुम हो जाने का आवेदन राजमहल थाना में दिया था। इस पर राजमहल थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी सहायता से गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद किया। जहां गुरुवार को थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने अपने कार्यालय कक्ष में मो. हुसैन को बरामद की गई मोबाइल को सौंपा। वही मो. हुसैन ने राजमहल पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि. , काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित , संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, RNI No.-JHAHIN/ 2014/ 59794

लोकसभा चुनाव : छग में पहले चरण के मतदान के लिए तैयारी पूर्ण, 60 हजार जवान तैनात

रायपुर, (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर सीट में 19 अप्रैल को मतदान होना है। जिसके लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने पत्रकारवार्ता में आज गुरुवार को चुनाव की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बस्तर में होने वाले चुनाव के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देते हुए क्षेत्र के मतदाताओं से निष्पक्ष रूप से मतदान करने की अपील की है।

बस्तर लोकसभा क्षेत्र से कुल 11 उम्मीदवार अपनी सियासी किस्मत आजमा रहे हैं, जिनमें से दो उम्मीदवारों ने निर्दलीय पर्चा भरा है। शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिए क्षेत्र में कुल 1961 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

बस्तर में 300 कंपनियां तैनात

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने बताया कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 196 संवेदनशील मतदान केंद्र है, जिसकी सुरक्षा को लेकर चुनाव आयोग पूरी तरह सजग है। वहीं पूरे बस्तर में 300 कंपनियां तैनात की गई हैं। पिछले एक हफ्ते से 60 हजार जवान तैनात हैं।

मतदान के लिए यह समय निर्धारित

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र की अलग-अलग विधानसभाओं में मतदान के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया गया है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्रों में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। वहीं बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात बजे से दोपहर पांच बजे तक मतदान होगा। जगदलपुर के 72 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक, जबकि 175 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से दोपहर पांच बजे तक मतदान होगा।

2019 की तुलना में 6.84 प्रतिशत मतदाताओं की हुई वृद्धि

बस्तर लोकसभा सीट में कुल 14,72,207 मतदाता हैं। जिनमें 7,00,476 पुरुष, 7,71,679 महिला और 52 तृतीय लींग मतदाता हैं। पिछले 2019 लोकसभा चुनाव की बात करें तो यहां 6.84 प्रतिशत मतदाताओं की वृद्धि हुई है, पिछले चुनाव में यहां कुल 13,77,935 मतदाता थे। इस क्षेत्र में बनाए गए प्रति मतदान केंद्रों में औसतन मतदाताओं की संख्या 870 है। चुनाव आयोग के मुताबिक, पिछले लोकसभा चुनाव में बस्तर सीट में कुल 66.04 प्रतिशत मतदान हुआ था।

कुल 1961 मतदान केंद्र बनाए

क्षेत्र में कुल 1961 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें से 191 मतदान केंद्रों को संगवारी, 8 दिव्यांगजनों द्वारा संचालित, 36 युवाओं द्वारा संचालित और 42 मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है. इसके अलावा कुल 219 मतदाताओं को घर-घर जाकर डाक मतपत्र द्वारा मतदान कराया गया है। जिनमें 135 मतदाता 85 वर्ष आयु से ज्यादा के हैं, जबकि 84 मतदाता दिव्यांग हैं। इसके साथ ही चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के 2188 डाक मतपत्र भी प्राप्त हुए हैं।

क्रिटिकल मतदान केंद्रों को किया गया चिन्हित

बस्तर में पहले चरण के चुनाव के लिए 1961 मतदान केंद्रों में 7844 मतदान कर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा 2000 कर्मियों को रिजर्व रखा गया है। दुर्गम एवं संवेदनशील इलाकों में स्थित कुल 156 मतदान केंद्र हैं। जिनमें तैनात 919 मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से मतदान केंद्रों तक पहुंचाया गया है। वहीं बाकी मतदान दल बस की मदद से पोलिंग बूथ तक पहुंच चुके हैं।

बस्तर लोकसभा क्षेत्र के 6 जिलों में कितने क्रिटिकल मतदान केंद्र?

बता दें कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र में कुल 6 जिले हैं। बस्तर जिले में 43 क्रिटिकल और 40 वल्नरेबल मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सुकमा में 28 क्रिटिकल मतदान केंद्र, बीजापुर में 67 क्रिटिकल मतदान केंद्र, कोंडागांव में 3 क्रिटिकल मतदान केंद्र, नारायणपुर में 24 क्रिटिकल मतदान केंद्र बनाए गए हैं।वहीं दंतेवाड़ा में 31 क्रिटिकल मतदान केंद्र और 21 वल्नरेबल मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

12 दस्तावेज से कर सकेंगे मतदान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि अगर कोई वोटर फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी तय किए गए है।

घायल हालत में मिली युवती, कोरबा मेडिकल हॉस्पिटल से इलाज के दौरान हुई फरार

कोरबा, (एजेंसी)। कोरबा जिला कलेक्ट्रेट परिसर के पास गुरुवार सुबह खून से लथपथ घायल हालत में एक युवती पड़ी हुई मिली। पुलिसकर्मियों ने युवती को जिंदा पाकर जिला मेडिकल अस्पताल लेकर गए। वहीं इलाज के कुछ देर बाद युवती अस्पताल से फरार हो गई। बताया जा रहा है कि युवती शराब के नशे में धुत थी। मामला सिविल लाइन थाना का है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह एक युवती को कलेक्ट्रेट परिसर में खून से लथपथ हालत में देखा गया। राहगीरों की नजर पड़ने पर देखते ही देखते भीड़ इकट्ठा हो गई। युवती बेहोश थी, जिसे मरा हुआ समझकर कोई भी पास नहीं जा रहा था। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर पर तैनात पुलिस कर्मियों की नजर पड़ी, तो पुलिसकर्मी घटना स्थल पहुंचे। जहां युवती जिंदा मिली।

शराब के नशे में धुत युवती, गले पर चोट के निशान

बताया जा रहा है कि युवती शराब के नशे में धुत थी। युवती के गले पर किसी ने वार किया था। हमले के बाद से वह पड़ी हुई थी। घटना स्थल पर घायल युवती को पुलिस कर्मी ने पानी पिलाया। उसके बाद नाम पूछना चाहा लेकिन वो बता नहीं पा रही थी। मामले की जानकारी के सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच घटनाक्रम की जानकारी ली।

इसके बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने युवती को जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया। युवती का जिला मेडिकल कॉलेज में इलाज शुरू किया गया, जहां उसके गले पर चोट के निशान पाए गए। इलाज के कुछ ही समय बाद युवती अस्पताल से फरार हो गई। इसकी जानकारी ना तो जिला मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को है और ना ही पुलिस को।

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की डबल बेंच का बड़ा फैसला, प्रमोशन में आरक्षण निरस्त

रायपुर/बिलासपुर, (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण के मामले में 2019 की राज्य सरकार के आदेश को पूरी तरह से निरस्त कर दिया है। इससे पहले अदालत ने इस पर रोक लगाई थी। यह फैसला चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और एनके चंद्रवंशी की डबल बेंच ने किया है।प्रमोशन में आरक्षण मामले में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने दायर कई याचिकाओं पर 5 मार्च को सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और एनके चंद्रवंशी की डबल बेंच ने मंगलवार को याचिका का निराकरण करते हुए अपने फैसले में कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने आदेश को लागू करने में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के निदेर्शों का पालन नहीं किया था।दरअसल, पूर्व सीएम भूपेश बघेल के शासनकाल में राज्य सरकार ने 22 अक्टूबर, 2019 को प्रदेश में प्रमोशन पर आरक्षण के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। इस नोटिफिकेशन के तहत प्रथम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देने की बात कही गई थी। इसमें अनुसूचित जाति को 13 फीसदी, अनुसूचित जन जाति के लिए 32 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की गई थी।नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया गया था कि यह आरक्षण प्रथम श्रेणी के पदों से प्रथम श्रेणी के उच्च वेतनमान के पदों पर पदोन्नति होने, द्वितीय श्रेणी के पदों से प्रथम श्रेणी के पदों पर पदोन्नति और तृतीय श्रेणी के पदों पर पदोन्नत होने पर दिया जाएगा। राज्य सरकार की इस अधिसूचना के खिलाफ रायपुर के एस. संतोष कुमार ने अधिवक्ता योगेश्वर शर्मा के माध्यम से हाई कोर्ट में चुनौती दी। साथ ही अन्य याचिकाएं लगाई गई थीं, जिसमें कहा गया कि पदोन्नति में आरक्षण सुप्रीम कोर्ट के दिशा- निदेर्शों और आरक्षण नियमों के खिलाफ है। इसलिए राज्य शासन के नोटिफिकेशन को निरस्त करने की मांग की गई थी। राज्य शासन की तरफ से 2 दिसंबर, 2019 को स्वीकार किया गया कि अधिसूचना तैयार करने में गलती हुई है। कोर्ट ने इस गलती को सुधारने के लिए एक हफ्ते का समय दिया, पर कोई कार्रवाई नहीं की हुई। इसके बाद हाई कोर्ट ने अधिसूचना पर रोक लगाते हुए और सरकार को नियमों के अनुसार दो महीने के भीतर फिर से नियम बनाने को कहा।

कलेक्टर व एसपी ने गुलाब फूल भेंटकर मतदान दलों को किया रवाना

जगदलपुर, (एजेंसी)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा 85-बस्तर, 86-जगदलपुर, 87 चित्रकोट और आंशिक 84 नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए पी-2 के 64 मतदान दलों को जगदलपुर के धरमपुरा स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय परिसर से आज बुधवार को मतदान सामग्री का वितरण कर सम्बन्धित मतदान केंद्रों के लिए वाहनों से रवाना किया गया। मतदान सामग्रियों के वितरण के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा द्वारा मतदान दलों के सदस्यों को गुलाब फूल भेंट कर शत-प्रतिशत मतदान करवाने के लिए मतदान कर्मियों को दी शुभकामनाएं देते रवाना किया गया।

कलेक्टर ने सभी वितरण केंद्रों के स्टाल में जाकर निरीक्षण करते हुए समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं मतदान दलों के सदस्यों से रूबरू होकर उन्हें सभी मतदान सामग्री का मिलान कर मतदान केन्द्रों हेतु प्रस्थान करने की समझाइश दी। मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रातः 07 बजे से वितरण किया गया, सामग्री मिलने के बाद मतदान कर्मचारी मौका मिलान कर अपने दलों के सदस्यों और सेक्टर अधिकारियों के साथ वाहनों में रवाना हुए। तीनों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग आफिसर्स ने सामग्री वितरण व्यवस्था को निर्बाध करवाते हुए मतदान दलों को वाहनों से रवानगी करवाई गई। पी-2 के तहत विधानसभा नारायणपुर के 07, बस्तर के 04, जगदलपुर के 13 और चित्रकोट विधानसभा के 40 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया।

मुख्यमंत्री साय बोले- हताश कांग्रेसी उल्टे-सीधे बयान दे रहे

कोरबा, (एजेंसी)। कोरबा में भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडेय ने गुरुवार को मुख्यमंत्री साय की मौजूदगी में नामांकन का दूसरा सेट जमा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी मौजूद रहे। भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडेय ने 16 अप्रैल को अपना पहला नामांकन फॉर्म शुभ मुहूर्त में पहले भी जमा किया था। कोरबा सीट से नामांकन दाखिल करने के बाद आयोजित सभा को संबोधित किया।

कोरबा की नामांकन रैली में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, विधानसभा में आशीर्वाद देने के लिए कोरबा और प्रदेश की जनता का धन्यवाद। अब यह लोकसभा चुनाव भी काफी अहम चुनाव है। यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। कोरबा को ऐसी अनुभवी उम्मीदवार मिली है जो महापौर रही हैं, विधायक रहीं हैं, सांसद रहीं हैं, भाजपा संगठन में भी बड़े पद पर रही हैं। कांग्रेस के नेताओं ने किस चीज में भ्रष्टाचार नहीं किया। नरवा गरवा में, शराब में, कोयला में हर चीज में कांग्रेस ने भ्रष्टाचार किया है। आज वे सब जेल में हैं। इस भ्रष्टाचार में जिन अधिकारियों ने सहयोग किया वे भी जेल में हैं। बेल भी नहीं मिल रही।

हमारी आदिवासी समाज की बहन द्रौपदी मुर्मू आज देश के सर्वोच्च पद पर बैठी हैं। आदिवासी समाज की चिंता सिर्फ भाजपा ही करती है। कांग्रेस के नेता अब बौखलाहट में कुछ भी बयान दे रहे हैं। कांग्रेस कहती है, भाजपा आरक्षण खत्म कर देगी। उन लोगों की बात में नहीं आना है। अमित शाह भी कह चुके हैं कि भाजपा जब तक राजनीति में है आरक्षण खत्म नहीं होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम सांय-सांय हो रहा है। चुनाव के बाद विकास के काम में और तेजी आएगी। कई लोग हैरान हैं, कई मुख्यमंत्री मुझे कह चुके हैं छत्तीसगढ़ में इतना तेजी से काम हो रहा है।

कांग्रेस की सांसद ही कहती हैं कि कांग्रेसी भ्रष्टाचारी हैं : पांडे

फॉर्म जमा करने के बाद मीडिया से सरोज पांडे ने कहा कि, कोरबा की सांसद ज्योत्सना महंत कहती हैं कि कांग्रेस के लोग भ्रष्टाचार करते हैं लेकिन मैं नहीं करती हूं। अगर कांग्रेस की ही सांसद यह कह रही हैं तो आप समझ सकते हैं कांग्रेस में भ्रष्टाचार कितना हावी है।

सरोज पांडे ने कहा कि, पट्टा देने के नाम से कांग्रेस सिर्फ लटकाने और भ्रमित करने का काम करती है। जहां एनटीपीसी है एसईसीएल है, जहां झुग्गी झोपड़ी है वहां भाजपा पट्टा देने का काम करेगी।

बस्तर लोकसभा सीट के 811 मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग से होगी लाइव मॉनिटरिंग



जगदलपुर, (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में छग के बस्तर सीट के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। इसे लेकर निर्वाचन आयोग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर के मतदान केंद्रों पर रायपुर के साथ-साथ दिल्ली से भी नजर रखी जाएगी। बस्तर लोकसभा में 1961 मतदान केंद्र है, इसमें से 811 मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। इस तकनीकी के माध्यम से रायपुर में बैठे राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारी और दिल्ली में बैठे भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारी लाइव मॉनिटरिंग कर सकेंगे। इन मतदान केंद्रों में से 159 संवेदनशील मतदान केंद्र नो नेटवर्क जोन में है। इनमें से 90 मतदान केंद्रों में सूचना देने के लिए वॉकी-टॉकी की व्यवस्था की है। जबकि 69 अंदरूनी मतदान केंद्रों में रनर (दौड़-दौड़ कर सूचना देने वाला व्यक्ति) की मदद से सूचनाओं का अदान-प्रदान किया जाएगा।

बस्तर लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के लिए इस बार 156 संवेदनशील मतदान केंद्र बनाए गए हैं। ऐसे में इमरजेंसी के दौरान और नक्सली हमले से निपटने के लिए पहली बार हेलिकॉप्टर और चॉपर की तैनाती की जा रही है, बताया जा रहा है कि 09 हेलिकॉप्टर तैनात रहेंगे। बस्तर लोकसभा सीट से 11 अभ्यर्थी मैदान में हैं। इनमें से 03 मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी, 06 रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों और 02 निर्दलीय हैं। बस्तर लोकसभा सीट में जगदलपुर, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा आता है।

उल्लेखनीय है कि बस्तर लोकसभा में मतदान के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया गया है। बस्तर और जगदलपुर विधानसभा सीट पर सुबह 07 बजे मतदान शुरू होगा और शाम 05 बजे तक चलेगा। जबकि बस्तर की बाकी विधानसभा सीटों पर सुबह 07 बजे से अपराह्न 03 बजे तक मतदान होगा। बस्तर लोकसभा में कुल 14 लाख 72 हजार 207 मतदाता हैं। इसमें से पुरुष मतदाता की संख्या सात लाख 746 हैं। महिला मतदाताओं की संख्या सात लाख 71 हजार 679 हैं। वहीं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 52 है। इसमें 18 से 19 साल के मतदाताओं को संख्या 47 हजार 10 है, दिव्यांग 12 हजार 703, 85 प्लस तीन हजार 487 और 100 प्लस मतदाताओं की संख्या 119 है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि चुनाव संबंधित सभी प्रक्रिया को सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए हमारी पूरी तैयारियां हो चुकी है।

22 को गृहमंत्री अमित शाह की कांकेर में आमसभा को लेकर हुई बैठक

कांकेर, (एजेंसी)। भारत के गृहमंत्री अमित शाह के आगामी 22 अप्रैल को कांकेर में होने वाली आमसभा की तैयारी हेतु भाजपा कार्यालय कमल सदन कांकेर में लोकसभा कांकेर के पदाधिकारियों की बैठक आज गुरुवार को आहूत की गई। बैठक में प्रमुख रूप से लोकसभा समन्वयक प्रेमप्रकाश पाण्डेय, बस्तर संभाग संगठन प्रभारी पूर्व विधायक रजनीश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, सांसद मोहन मण्डावी, लोकसभा चुनाव सह प्रभारी विक्रम उसेण्डी, यशवंत जैन, लोकसभा सह प्रभारी संतोष बाफना, लोकसभा संयोजक भरत मटियारा, सह संयोजक यज्ञदत्त शर्मा, निलकंठ टेकाम, विधायक आशाराम नेताम, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि कांकेर लोकसभा के चुनाव प्रचार में देश के गृहमंत्री अमित शाह आ रहे है। हम सब को कड़ी मेहनत कर अपने-अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में जनता को इस आमसभा में लाने हेतु प्रयास करनी होगी। उन्होंने कहा कि बड़े नेताओं के चुनाव प्रचार में आने से क्षेत्र के लोगों में अलग प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि कांकेर में विधानसभा चुनाव के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सभा हो चुकी है और देश के गृहमंत्री जनता को संबोधित करने आ रहे हैं, कांकेर लोकसभा में हमारी जीत तय है।बस्तर के संगठन प्रभारी रजनीश सिह ने कहा कि चुनाव अब एकदम नजदीक है, हमें और ज्यादा मेहनत करने की आवश्यकता है।

संक्षिप्त खबरें

कांग्रेस सांसद प्रतिनिधि धनेश्वरी ने छोड़ा कांग्रेस का हाथ, हुईं भाजपा में शामिल

कोरबा, (एजेंसी)। कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत व करतला जनपद पंचायत की पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान में सांसद प्रतिनिधि कांग्रेस नेत्री धनेश्वरी कंवर ने गुरुवार को कांग्रेस का हाथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया।

घंटाघर में आयोजित भाजपा उम्मीदवार की नामांकन आम सभा के दौरान धनेश्वरी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष भाजपा में प्रवेश किया। उनके पति पूर्व सरपंच गोविंद नारायण भी भाजपा के हो गए हैं। धनेश्वरी कंवर के भाजपा में शामिल होने से शहर से लेकर रामपुर विधानसभा में खासी चर्चा है। उल्लेखनीय है कि धनेश्वरी लंबे समय से कांग्रेस की राजनीति में रही है और कहीं ना कहीं राजनीतिक महत्वाकांक्षा और पद इच्छा की पूर्ति के लिए उन्होंने अब भाजपा का दामन थामा है। वह पिछले कई बार से रामपुर विधानसभा से चुनाव लड़ने की इच्छा भी जाहिर कर चुकी थीं, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिल रहा था। उनके भाजपा में शामिल होने को लेकर कई तरह के कयास प्रवेश की वजह लगाए जा रहे हैं।

कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. मेनका सिंह ने दाखिल किया नामांकन पत्र

रायगढ़ ,(एजेंसी)। रायगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. मेनका सिंह गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस कार्यकताओं को अपनी असली ताकत बताते हुए उन्हें चुनावी प्रचार प्रसार में पूरी ऊर्जा झोंकने की अपील की।

गुरुवार दोपहर तपती धूप होने के बावजूद जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जबर्दस्त भीड़ देखने को मिली। कांग्रेस कार्यालय में रायगढ़ सहित सारंगढ़-बिलाईगढ़ और जशपुर जिले के भी कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लोकसभा उम्मीदवार डॉ. मेनका सिंह के साथ उनके पति डॉ. परिवेश मिश्रा, बहन पूर्व सांसद पुष्पा देवी सिंह, बेटी कुलिशा सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरुण मालाकार, सूरज तिवारी, गोल्डी नायक भी जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। कांग्रेस कार्यकताओं ने मेनका देवी सिंह का आत्मीय स्वागत भी किया। डॉ. मेनका सिंह कांग्रेस कार्यकताओं में जोश भरते हुए अपनी पूरी ताकत झोंकने की अपील की।

31 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बीयर के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

जगदलपुर,(एजेंसी)। जिले के थाना नगरनार पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब व मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने मोटरसाइकिल में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब परिवहन कर रहा है। सूचना पर हमराह स्टाफ के द्वारा मारकेल चौक मैन रोड में घेराबंदी कर आरोपित संतोष नायक पिता सगराम नायक निवासी ग्राम बारदा थाना बस्तर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 48 किंगफिशर का बियर बाटल कुल जुमला 31.200 लीटर बियर बरामद कर मोटरसाइकिल सहित जब्त किया गया। आरोपित का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाया जाने से अपराध सदर कायम कर थाना नगरनार में आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई उपरांत न्यायिक रिमांड पर आज गुरुवार को न्यायालय के समक्ष पेश करने रवाना किया गया।

सारडा एनर्जी तमनार के समीप हाथियों का विचरण

रायगढ़ , (एजेंसी)। सारडा एनर्जी माइंस तमनार के पीछे ग्राम पंचायत मुड़गांव और सराय टोला के पास कोयला प्रभावित माइंस क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन हाथियों का विचरण कई दिनों से हो रहा है। हाथियों का दल आमघाट, झीगोटोला, मुद्दागांव, एवं अन्य आसपास के क्षेत्र में विचरण कर रहा है ।जिसको लेकर ग्रामीण क्षेत्र में भय माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार हाथियों के झुंड ने तीन दिन पहले महुआ बीनने गए पति और पत्नी में से पत्नी को पटक पटक कर मार डाला। वहीं पति ने भाग कर अपनी जान बचाई। वन विभाग के अधिकारी ने कहा कि तमनार क्षेत्र में पांच हाथियों का झुंड घूम रहा है। स्थानीय ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है और वन कर्मी झुंड की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ को आदिवासी मुख्यमंत्री देकर आदिवासियों का मान बढ़ाया - शिशुपाल शोरी

कांकेर, (एजेंसी)। कांग्रेस से पूर्व कांकेर विधायक व प्रदेश प्रवक्ता शिशुपाल शोरी भाजपा में शामिल होने के लिए रायपुर रवाना हो गए हैं। शिशुपाल शोरी आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में भाजपा प्रवेश करेंगे। शिशुपाल शोरी ने बताया कि कांग्रेस की खराब नीति और अनदेखी से आहत होकर भाजपा प्रवेश करने जा रहे हैं।

पूर्व कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश को आदिवासी मुख्यमंत्री देकर आदिवासियों का मान बढ़ाया है। शिशुपाल शोरी के साथ बालोद इलाके से कांग्रेस के कई लोग भाजपा प्रवेश करने जा रहे हैं। शिशुपाल शोरी ने कहा कि कांग्रेस में 10 साल तक निष्ठा से कार्य करने के बाद भी कांग्रेस पार्टी में उनकी अनदेखी होती रही। लेकिन अब वे मन बना चुके हैं कि आम जनता के हित में काम करने वाली भाजपा के साथ जाकर लोगों की सेवा करेंगे।

कांकेर मुठभेड़: मारे गये 29 में से 16 नक्सलियों की पहचान, ज्यादातर नक्सली दक्षिण बस्तर निवासी

कांकेर, (एजेंसी)। हापाटोला जंगल में मंगलवार को मुठभेड़ में मारे गये 29 में से 16 नक्सलियों की पहचान हो गई है। बाकी 13 नक्सलियों की शिनाख्त की जा रही है। मुठभेड़ में तीन जवान भी घायल हुए थे। उल्लेखनीय है कि कांकेर में मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान 15 महिला नक्सलियों सहित कुल 29 नक्सली मारे गए। ज्यादातर मारे गए नक्सलियों की पहचान दक्षिण बस्तर के निवासी के रूप में हुई है। मारे गए जिन नक्सलियों की पहचान हुई है उनमें शंकर राव-डीव्हीसी सदस्य/उत्तर बस्तर डिवीजन मास प्रभारी, ललिता डीव्हीसी-सदस्य/परतापुर एरिया कमेटी प्रभारी/जनताना सरकार, दिवाकर गावडे मोहला दलम कमांडर, सुखमति, जुगनी, बदरू, माधवी, सुखलाल पद्दा, हीरालाल, विनोद गावडे, राकेश, कमला सोढ़ी, रंजीत, हिड़मे मरकाम, नीतू वड्डा, मानकी कुड़ामी शामिल हैं।एसपी कल्याण एलसेला ने बताया कि मुठभेड़ के बाद मंगलवार को दो नक्सलियों की पहचान की गई थी।अब तक मुठभेड़ में मारे गए 16 नक्सलियों की शिनाख्त कर ली गई है। बाकी शवों की शिनाख्त प्रकिया जारी है।

दावानल की चपेट में गजमार का जंगल

रायगढ़ ,(एजेंसी)।गर्मी बढ़ते ही जंगल में दावानल की घटनाएं देखने को मिलती है। लेकिन पिछले दिनों मौसम के बदलाव के कारण जंगल में आग लगने की घटनाएं कम हो रही थी।अब तापमान लगातार बढ़ते जा रहा है। ऐसे में दावानल की घटनाएं फिर से देखने को मिल रही है। बुधवार की सुबह से गजमार पहाड़ के जंगल में आग की लपटें देखी गई, लेकिन वह शाम होते होते बढ़ गई और दूर से पहाड़ के जंगल में लगे आग को देखा जा रहा था।आग की सूचना मिलते ही भले ही वनकर्मी मौके पर पहुंच गए। लेकिन आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था, जिसके कारण गुरूवार की सुबह भी आग के कारण निकलने वाला धुंआ देखा जा रहा था।